हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, रविवार 22 जून, 2025, वर्ष : 34, अंक : 88, मूल्य : 3 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम से मिले आइएएस नैंसी सहाय और शशि रंजन

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में निदेशक, नगरीय प्रशासन, नगर विकास एवं आवास विभाग नैन्सी सहाय और निबंधक, सहयोग समितियां शशि रंजन ने मुलाकात की. मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी. दो दिन पहले नैंसी सहाय को निदेशक नगरीय प्रशासन और शशि रंजन को निबंधक सहयोग समितियां की जिम्मेवारी सौंपी गई है.

### शाहरुख के बंगले की हुई जांच

मुंबई(ईएमएस)।बांद्रा बैंडस्टैंड इलाके में स्थित शाहरुख खान के बंगले मन्नत की जांच की गई। यह कार्रवाई फॉरेस्ट विभाग और बीएमसी की टीम ने की। कार्रवाई का कारण तटीय नियमन क्षेत्र के नियमों के उल्लंघन की शिकायत थी। शाहरुख खान का यह बंगला समंदर के किनारे है। बता दें कि मन्नत एक हेरिटेज प्रॉपर्टी है। इसमें एक मुख्य बंगला और उसके पीछे एक बहुमंजिला एनक्स बिल्डिंग है। मौजूदा समय में एनक्स बिल्डिंग में दो अतिरिक्त मंजिलों का निर्माण हो रहा है। शाहरुख और उनका परिवार फिलहाल पास के किसी अन्य स्थान पर रह रहा है। टीम को मौके पर स्टाफ मिला। स्टाफ ने अधिकारियों को बताया कि सभी मंजूरियां पहले ली गई हैं। दस्तावेज भी जल्द सौंपे जाएंगे।

### जेएमएम ने मजदूर नेता रामा पांडेय को छह माह के लिए पार्टी से किया निलंबित

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम झामुमो जिला समिति की कोर कमेटी ने मजदूर नेता और गत दिनों भाजपा से झामुमो की सदस्यता ग्रहण किये रामा शंकर पांडेय उर्फ रामा पांडेय को झामुमो ने अगले छह माह तक के लिए निलंबित कर दिया है। यह जानकारी झामुमो जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी ने दी है। लागुरी ने कहा कि उपायुक्त चंदन कुमार ने रामा पांडेय को छह माह के लिए जिला बदर किए जाने के बाद शनिवार को जिलाध्यक्ष सोनाराम देवगम की अध्यक्षता में परिसदन चाईबासा में झामुमो जिला समिति की बैठक हुई। इसमें मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से रामा पांडेय को छह माह तक के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है।

साथ ही पांडेय पर लगे रंगदारी जैसे संगीन मामले की जांच करने के लिए सात सदस्यों की जांच कमेटी का भी गठन किया गया है। इसमें झामुमो जिला सचिव राहुल आदित्य, जिला उपाध्यक्ष दिनेश चंद्र महतो, मो. इकबाल अहमद, दीपक कुमार प्रधान, जिला संगठन सचिव चंद्रमोहन बिरुवा, वृंदावन गोप व जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी को जांच कमेटी में शामिल किया गया है। यह कमेटी पांडेय के विरुद्ध लगे रंगदारी मांगने समेत कई संगीन मामले पर 15 दिन के अंदर जांच कर जिलाध्यक्ष सोनाराम देवगम को सौंपेगी। बैठक में सचिव राहुल आदित्य, जिला उपाध्यक्ष अशोक दास, दीपक कुमार प्रधान, प्रेम मुंडरी, इकबाल अहमद, अकबर खान, जिला प्रवक्ता बुधराम लागुरी, जिला संगठन सचिव मानाराम कुदादा, सह सचिव हरिलाल करजी, दिनेश चंद्र महतो, चंद्रमोहन बिरुवा, सह सचिव बंधना उरांव, मो. मुजाहिद अहमद, वृंदावन गोप, कांडे तियु, विनय प्रधान, संदेश सरदार, विश्वनाथ बाड़ा आदि उपस्थित थे।

### अहमदाबाद विमान हादसे के बाद डीजीसीए का सख्त एक्शन

#### एअर इंडिया के तीन वरिष्ठ अफसरों पर गिरी गाज

नई दिल्ली(ईएमएस)। अहमदाबाद हादसे के बाद डीजीसीए ने विमानन सुरक्षा को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। डीजीसीए ने एअर इंडिया को डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट समेत अपने तीन अधिकारियों को चालक दल की समय-सारणी और रोस्टरिंग से संबंधित सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाने का आदेश दिया है। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अपने आदेश में एअर इंडिया को इन अधिकारियों के खिलाफ अविलंब आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा। डीजीसीए के आदेश के अनुसार तीन अधिकारियों में एयरलाइन का एक डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट भी शामिल है। डीजीसीए ने एअर इंडिया से 10 दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

#### एकाउंटेबल मैनेजर को दिया कारण बताओ नोटिस

डीजीसीए (नागरिक विमानन महानिदेशालय) ने एअर इंडिया के एकाउंटेबल मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि एअर इंडिया के एकाउंटेबल मैनेजर ने 16 मई 2025 और 17 मई 2025 को बंगलूरू से लंदन (एएल133) के लिए दो उड़ानें संचालित कीं। जिनमें से दोनों ने 10 घंटे की निर्धारित उड़ान समय सीमा को पार कर लिया। डीजीसीए ने अधिकारी से सात दिनों के भीतर जवाब देने को कहा है कि उल्लंघन के लिए उचित प्रवर्तन कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए?

### सेंट्रल डेप्यूटेशन पर जाना चाह रहे राज्य के आईएएस, 3 ने दिया आवेदन, कई कर रहे विचार

रांची : झारखंड कैडर के कई आईएएस अफसर सेंट्रल डेप्यूटेशन पर जाने का मन बना रहे हैं. अब तक तीन अफसरों ने सेंट्रल डेप्यूटेशन पर जाने के लिए आवेदन दिया है. इसमें आर रॉनिटा आकांक्षा रंजन और मुकेश कुमार शामिल हैं. बताते चलें कि राज्य में आइएएस के 224 पद स्वीकृत हैं. वर्तमान में 170 अफसर ही कार्यरत हैं. इस हिसाब से आइएएस के 54 पद रिक्त हैं. मिड कैरियर ट्रेनिंग में संदीप सिंह, रविशंकर शुक्ला, शशिरंजन के अलावा 2017 बैच तक के अधिकारी केंद्र सरकार की अनुमति के बाद ट्रेनिंग पर जाने के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं.

अब सरकार पर निर्भर करता है कि किस अधिकारी को ट्रेनिंग पर जाने की अनुमति दे सकती है.

झारखंड कैडर के 14 अफसर सेंट्रल डेप्यूटेशन में हैं. जिसमें तीन मुख्य सचिव, पांच प्रधान सचिव और दो सचिव रैंक के अफसर हैं. चीफ सेक्रेट्री रैंक के अफसर शैलेश कुमार सिंह, निधि खरे और सतेंद्र सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं. वहीं प्रधान सचिव रैंक के सुनील वर्णवाल, राहुल शर्मा, केके सोन, हिमानी पांडेय और अराधना पटनायक भी सेंट्रल डेप्यूटेशन पर तैनात हैं. सचिव रैंक के मुत्थु कुमार और हर्ष मंगला भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं. इसके अलावा राय महिमापत रे, शांतनु अग्रहरि, भुवनेश प्रताप सिंह और दिव्यांशु झा भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं.

### 4.82 लाख किसानों का लोन माफ 1828.15 करोड़ आवंटित

रांची : झारखंड में किसान ऋण माफी योजना के तहत 4 लाख 81 हजार 872 किसानों का ऋण माफ किया जा चुका है. वहीं 1732 किसानों के ऋण माफी की प्रक्रिया चल रही है. सही डेटा नहीं देने के कारण 17,924 किसानों का भुगतान विफल रहा है. वहीं 5,01,528 किसानों का ई-केवाईसी कराया जा चुका है.

#### छह जिलों को 100 करोड़ से अधिक राशि आवंटित

किसान ऋण माफी योजना के तहत छह जिलों को 100 करोड़ से अधिक की राशि आवंटित की गई है. पलामू को सबसे अधिक 151.37 करोड़ रुपए प्रदान किए गए हैं. इसके बाद देवघर को 137.36 करोड़, गढ़वा को 127.33 करोड़, हजारीबाग को 110.12 करोड़,रांची को 109.68 करोड़ और पूर्वी सिंहभूम को 106.27 करोड़ रुपए निर्गत किए गए हैं.

## झारखंडवासियों के इलाज में अब पैसा नहीं बनेगी बाधा : सीएम

### हर परिवार को इलाज के लिए मिलेगा 15 लाख तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ

रांची : सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि अबुआ सरकार में झारखंडवासियों के इलाज में अब पैसा नहीं बनेगी बाधा. हर पात्र परिवार को इलाज के लिए 15 लाख तक का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा. सीएम ने अपने संदेश में कहा है कि राज्य के सभी लाल, पीला और हरा राशन कार्डधारी इस योजना के अंतर्गत शामिल हैं. आप bis.jharkhand.gov.in पर जाकर घर बैठे अपना कार्ड बनवायें.



#### नशाखोरी एक सामाजिक अभिशाप

राज्य सरकार ने अपने दूसरे संदेश में कहा है कि नशाखोरी एक सामाजिक अभिशाप है, जो व्यक्ति को हिंसक, परिवार की आर्थिक स्थिति को बर्बाद, शरीर को बीमारियों से ग्रसित और अंत में जीवन को अंधकार में धकेल देती है. इसलिए नशे से दूरी बनाएं और अपने परिवार, समाज और भविष्य को सुरक्षित करें. अधिक जानकारी के लिए 14446 पर संपर्क करें.

#### मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पलामू में चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया स्थगित

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद पलामू में फोर्थ ग्रेड की बहाली पर रोक लगा दी गई है. इस मसले को लेकर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नियमावली बनाकर बहाली करने का आग्रह किया. मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया है कि पलामू जिले में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रोक दी जाए. इस बीच सरकार ऐसी व्यवस्था तय करेगी जिससे राज्य के प्रत्येक जिले के स्थानीय युवाओं को चतुर्थवर्गीय पदों पर रोजगार का अवसर मिल सके. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि झारखंड में चतुर्थवर्गीय पदों पर नियुक्ति के लिए कोई नियमावली नहीं बनी है और वर्तमान में बिहार सरकार की नियमावली के आधार पर नियुक्तियां की जा रही हैं. इससे झारखंड के युवाओं को लाभ नहीं मिल पा रहा है.

## ओडिशा में बाढ़ से 50 हजार लोग प्रभावित, उफान पर स्वर्ण रेखा नदी, 17 से ज्यादा गांवों में भरा पानी

बालासोर : पूर्वोत्तर के बाद अब ओडिशा में बाढ़ ने आफत मचाई है। बालासोर जिले में सुवर्णरेखा नदी में अचानक आई बाढ़ के कारण 50,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। हालात यह हैं कि राज्य के 17 से ज्यादा गांवों में पानी भर गया है। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य के लिए कमर कस ली है।

पड़ोसी राज्य झारखंड में भारी बारिश के बाद चांडिल बांध से अचानक पानी छोड़े जाने के कारण बालासोर जिले के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आ गई। अफसरों ने बताया कि भोगराई, बलियापाल, बस्ता और जलेश्वर अधिसूचित क्षेत्र परिषद (एनएसी) के तीन ब्लॉकों के 17 ग्राम पंचायत क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। निचले और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों को सतर्क रहने और स्थिति बिगड़ने पर निकटवर्ती आश्रय स्थलों में जाने के लिए तैयार रहने की सलाह दी गई है।



#### राजघाट पर घट रहा सुवर्ण रेखा नदी का जलस्तर

जिला आपातकालीन कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि राजघाट पर सुवर्णरेखा नदी का जलस्तर घट रहा है। यह अभी भी खतरे के निशान 10.36 मीटर के मुकाबले 11.9 मीटर पर बना हुआ है। अफसरों ने कहा कि हमें उम्मीद है कि जलस्तर में और कमी आएगी। क्योंकि झारखंड में नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में अधिक वर्षा नहीं हुई है।

#### अफसरों को दिए गए निर्देश

बालासोर के जिला कलेक्टर सूर्यवंशी मयूर विकास ने खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) और तहसीलदारों को निर्देश दिया कि यदि आवश्यक हो तो लोगों को निकालने के लिए तैयार रहें। अधिकारियों को स्थिति पर नजर रखने और बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद करने के लिए कहा गया है।

इसके अलावा मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी (सीडीएमओ) को आवश्यक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने तथा स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अधीक्षण अभियंता (सिंचाई) को चांडिल बांध के सभी गेटों की गहन जांच करने तथा सभी आवश्यक एहतियाती उपाय करते हुए जल स्तर पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने को कहा गया।

नागरिक आपूर्ति अधिकारी (सीएसओ) को खाद्य और आवश्यक आपूर्ति की तैयारी के लिए कहा गया। अधिकारी ने बताया कि सभी कर्मचारियों की छुट्टियां अगले आदेश तक रद्द कर दी गई हैं और सरकारी अधिकारियों को बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय छोड़ने पर सख्त निर्देश जारी किया गया है।

## अब 25 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगी वेटिंग टिकट

### रेलवे ने वेटिंग टिकट के नियम में किया बड़ा बदलाव

नई दिल्ली। रेलवे ने वेटिंग टिकट के नियम में बड़ा बदलाव कर वेटिंग सूची की समस्या के समाधान की ओर बड़ा कदम उठाया है। अब रेल यात्रियों को ज्यादा वेटिंग टिकट का भय नहीं सताएगा, क्यूंकि नए नियम के तहत अब वेटिंग लिस्ट वाले टिकटों की संख्या सीमित कर दी गई है। यह नियम सभी क्लास के टिकटों पर लागू होगा। रेलवे बोर्ड की तरफ से जारी आदेश में सभी जोन को कहा गया है कि अब वेटिंग लिस्ट वाले टिकटों की संख्या, हर क्लास में उपलब्ध सीटों की संख्या की 25 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगी। मतलब, अगर किसी क्लास में 100 सीटें हैं, तो वेटिंग लिस्ट में सिर्फ 25 लोगों के ही नाम होंगे। ये नियम स्लीपर, एसी 1, एसी 2, एसी 3, चेयर और एग्जीक्यूटिव क्लास में सामान्य रूप से लागू रहेगा। हालांकि, ये नियम उन सीटों पर लागू होगा जो आम लोगों की बुकिंग के लिए उपलब्ध हैं। इसमें तत्काल, सीनियर सिटीजन, महिलाओं, विदेशी पर्यटकों और दिव्यांग लोगों के लिए आरक्षित सीटें शामिल नहीं हैं। इसके अलावा यह नया नियम उन टिकटों पर भी लागू नहीं होगा जो छूट पर मिलते हैं या सरकारी वारंट पर जारी किए जाते हैं। यानी अगर कोई दिव्यांग कंशेसन पर टिकट बुक कराते हैं तो उनके ऊपर यह नियम लागू नहीं होगा। इसी तरह मिलिट्री वारंट पर भी रेलवे का नया नियम लागू नहीं होगा। दरअसल, पहले वेटिंग टिकट की कोई सीमा नहीं होती थी। त्योहारों के समय में तो स्लीपर क्लास में 400 से ज्यादा और एसी में 200 से ज्यादा वेटिंग लिस्ट वाले लोग होते थे। रेल मंत्रालय से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वेटिंग लिस्ट ज्यादा होने से यात्रियों को बहुत परेशानी होती थीं, खासकर त्योहार और छुट्टियों के समय जब टिकट की डिमांड अधिक होती है।

## चुनाव के 45 दिन बाद फोटो-वीडियो कर दिए जाएंगे डिलीट

### चुनाव आयोग का नया नियम, कांग्रेस ने कहा- यह लोकतंत्र के खिलाफ

नई दिल्ली(ईएमएस)। अब चुनावों के दौरान खींची गई फोटो, सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग और वीडियो रिकॉर्डिंग सिर्फ 45 दिनों तक ही सुरक्षित रखी जाएंगी। इसके बाद सारा डेटा डिलीट कर दिया जाएगा।

चुनाव आयोग ने 30 मई को सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया है कि अगर किसी निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नतीजे को कोर्ट में चुनौती नहीं दी जाती, तो 45 दिन बाद ये सारा डेटा नष्ट कर दिया जाए। यह फैसला फुटेज के दुरुपयोग और सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारियों को रोकने के लिए लिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि हाल ही में कुछ गैर-उम्मीदवारों ने चुनावी वीडियो को तोड़-मरोडक़र गलत नरेटिव फैलाने की कोशिश की, जिससे मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा हुई। कांग्रेस ने आयोग के इस नियम का विरोध किया है। पार्टी ने कहा कि पहले एक साल तक इस डेटा को सेफ रखा जाता था, ताकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कभी भी इसकी जांच हो सके। आयोग का यह नियम पूरी तरह से लोकतंत्र के खिलाफ है। इसे तुरंत वापस लेना चाहिए।

फुटेज का यूज गलत नरेटिव के लिए होता था

चुनाव आयोग ने कहा कि वोटिंग और मतगणना जैसे चुनावी चरणों की रिकॉर्डिंग का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। यह काम आंतरिक निगरानी और पारदर्शिता के लिए किया जाता है, लेकिन इन रिकार्डिंग्स का इस्तेमाल गलत नरेटिव के लिए भी किया जाता रहा है। इसलिए इन्हें लंबे समय तक रखने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। अब तक चुनाव से जुड़ी रिकॉर्डिंग एक साल तक संभाल कर रखी जाती थी, ताकि जरूरत पडऩे पर कोई कानूनी जांच हो सके।

## ज्यादा बारिश हुई तो झारखंड के साथ पश्चिम बंगाल के भी बिगड़ेंगे हालात

रांची,(ईएमएस)। देश के कई इलाकों में झमाझम बारिश हो रही है। झारखंड में बीते तीन दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश ने कई जिलों की हालत बिगाड़ दिए हैं। खासकर बोकारो जिले में स्थिति गंभीर बनी हुई है, जहां तेनुघाट डैम में जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। डैम की अधिकतम जलधारण क्षमता 582 फीट है, लेकिन फिलहाल इसका जलस्तर 856.40 फीट तक पहुंच गया है, जो बेहद चिंताजनक है। बढ़ते जलस्तर के दबाव को कम करने के लिए कल तेनुघाट डैम के सभी 10 गेट खोल दिए गए थे, जिससे 1,09,077 क्यूसेक पानी का बहाव दामोदर नदी में शुरू हुआ। इसके चलते नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है और आसपास के निचले इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन रही है। प्रशासन अलर्ट मोड में है।

इस बार भी तेनुघाट डैम में पानी की तेजी से बढ़ती मात्रा ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, आज शनिवार को स्थिति कल से बेहतर है। बारिश कम होने के बाद प्रशासन ने डैम के 2 गेट बंद कर दिए हैं। अब डैम के 8 गेट खुले हुए हैं और दामोदर नदी में 71,774 क्यूसेक पानी का प्रवाह हो रहा है। अगर बारिश का सिलसिला इसी तरह जारी रहा, तो मैथन डैम पर भी दबाव बढ़ सकता है और बंगाल में फिर से बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आसपास के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## 'तनाव से गुजर रही दुनिया के लिए योग पॉज बटन जैसा' : पीएम मोदी

दुनियाभर में शनिवार को 11वां योग दिवस मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने विशाखापट्टनम में 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिक के साथ योग किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि योग का मतलब होता है- जोड़ना। और ये देखना सुखद है कि कैसे योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा है। मोदी ने कहा कि आज जब दुनिया में अशांति, तनाव और अस्थिरता बढ़ रही है, तो योग शांति की दिशा दिखाता है। यह पॉज बटन जैसा।

पीएम के साथ आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने भी योग किया। इस बार की योग की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है। इंडियन काउंसिल फॉर कल्चर रिलेशन्स के मुताबिक, 191 देशों में 1,300 जगहों पर 2,000 से ज्यादा योग कार्यक्रम हुए।



#### पीएम के संबोधन की 5 बड़ी बातें...

#### 1. योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बना :

पीएम मोदी ने कहा- आज योग करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। मुझे गर्व होता है जब मैं देखता हूं कि हमारे दिव्यांग साथी ब्रेल में योग शास्त्र पढ़ते हैं। वैज्ञानिक अंतरिक्ष में योग करते हैं। गांव-गांव में युवा साथी योग ओलिंपियाड में भाग लेते हैं।

#### 2. योग सभी का है, सभी के लिए है

पीएम ने कहा कि अभी नेवी के जहाज में भी योगा कार्यक्रम चल रहा है। चाहे ओपेरा हाउस की सीढ़ियां हों, या एवरेस्ट की चोटियां, या समुंदर का विस्तार हो एक ही संदेश आता है कि योग सभी का है और सभी के लिए है।

#### 3. योग उस 'पॉज बटन' जैसा जो हमें सांस लेने देता है

पीएम ने कहा कि साथियों दुर्भाग्य से दुनिया तनाव, अशांति और अस्थिरता से गुजर रही है। कई क्षेत्रों में यह स्थितियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। ऐसे समय में योग हमें शांति का रास्ता दिखाता है।

योग उस 'पॉज बटन' की तरह है जिसकी इंसानियत को जरूरत है- ताकि हम रुक सकें, सांस ले सकें, संतुलन बना सकें और फिर से खुद को पूर्ण महसूस कर सकें।

#### 4. 'मी टु वी' का भाव भारत की आत्मा का साथ

पीएम ने कहा कि योग को सिर्फ पर्सनल प्रैक्टिस न बनाएं, बल्कि ग्लोबल पार्टनरशिप का माध्यम बनाएं। योग को लोकनीति का हिस्सा बनाएं।

जब जनता लक्ष्य को थाम लेती है तो उस लक्ष्य की प्राप्ति से हमें कोई रोक नहीं पाता। आपके प्रयास यहां इस आयोजन में नजर आ रहे हैं। 'मी टु वी' का भाव भारत की आत्मा का साथ है।

#### 5. भारत में योग के प्रचार के लिए सांइस का साथ

पीएम ने कहा कि भारत विश्व में योग के प्रसार के लिए योग के साइंस को आधुनिक रिसर्च से विस्तृत कर रहा है। हम योग के क्षेत्र में प्रमाण आधारित थेरेपी को भी बढ़ावा दे रहे हैं। इस दिशा में दिल्ली AIIMS ने सराहनीय काम किया है।

आज 'हील इन इंडिया' का मंत्र भी दुनिया में काफी पॉपुलर हो रहा है। भारत बेस डेस्टिनेशन बन रहा है। योग की इसमें बड़ी भूमिका है। योग के लिए कॉमन प्रोटोकाल बनाया गया है।

#### आंध्र प्रदेश ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

इसी के साथ आंध्र प्रदेश सरकार गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। प्रोग्राम में 50 लाख से ज्यादा योग प्रमाणपत्र भी बांटे गए।

आंध्रप्रदेश सरकार ने भी योग आंध्र अभियान शुरू किया है। इसका मकसद है राज्य में 10 लाख लोगों की रोजाना योग करने वाली कम्युनिटी बनाना है।

## संक्षिप्त खबरें

### राम गोपाल शर्मा गुरूकुलम में मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस

दुमकाः राम गोपाल शर्मा गुरूकुलम धधकिया - दुमका में 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर गुरूकुलम के योगाचार्य संतोष गोस्वामी द्वारा गुरूकुलम के सभी छात्र – छात्राओं और सभी आचार्य एवं आचार्यों को योग के सिंघ आसान ,वृक्षासन ,भार्मरी ,भ्रस्तिका , कपाल भाँती जैसे विभिन्न आसन कराया गया । इस मौके पर गुरूकुलम के निदेशक स्वामी आत्मानंद पुरी ने सभी से कहा कि भारत ने योग को दिखाया - सिखाया और आज पूरे विश्व ने योग को अपनाया है , योग सिर्फ मन और शरीर को स्वस्थ नहीं रखता बल्कि योग पुरे समाज को सवास्थ देता है ,उन्होंने कहा कि योग ईश्वर से युक्त होने अर्थात परमात्मा से जुड़ जाने का सबसे सरल साधन है ।अगर हम निरन्तर योग करें और संतुलित आहार करें तो डॉक्टर की आवश्यकता कभी नहीं पड़ेगी ।उन्होंने गुरूकुलम के बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि हमारे गुरूकुलम के बच्चे प्रत्येक शनिवार को योग करते हैं, उक्त अवसर पर गुरूकुलम के सभी आचार्य एवं आचार्यागण उपस्थित थे।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वविद्यालय में एन एस एस ने आयोजित किया योग कार्यक्रम

दुमकाः11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय परिसर में एन एस एस प्रकोष्ठ के द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। योगाचार्य राकेश पराशर के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षक शिक्षिकाओं, एन एस एस स्वयं सेवकों सहित स्थानीय लोगों ने इस योगाभ्यास कार्यक्रम में विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो (डॉ) कुनुल कुंदीर ने कहा कि योग का जीवन में बहुत महत्त्व है। भारतीय संस्कृति में कर्मों में कुशलता को भी योग कहा जाता है। हम शरीर को स्वस्थ रखकर ही अपने विभिन्न कार्यों को उचित रूप से कर सकते हैं। प्रतिकुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने कहा कि योगाभ्यास शारीरिक शुद्धि, मानसिक चेतना और आध्यात्मिक जागृति का आधार है। कार्यक्रम के आरम्भ में कार्यक्रम समन्वयक डॉ धनंजय कुमार मिश्र ने योगाचार्य सहित विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रतिकुलपति, छात्र कल्याण अधिष्ठाता, वित्त सलाहकार, कुलसचिव, वित्त पदाधिकारी और परीक्षा नियंत्रक का अभिनंदन पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर किया। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ स्नेहलता मुर्मू अपने स्वयं सेवकों के साथ उपस्थित थीं। विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष, शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ छात्र छात्राओं की उपस्थिति देखी गई। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अन्तर्गत मेरा युवा भारत और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में सम्पूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शताधिक लोगों ने योगाभ्यास किया।

### नियमित योग करने वाले लोगों में कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है-सोना शर्मा

दुमकाः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ठाकुरवाडी में भारत विकास परिषद दुमका इकाई के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा योग अभ्यास किया गया। इस योगाभ्यास का संचालन योगाचार्य सत्यम योग सह सदस्य भारत विकास परिषद सोना शर्मा ने किया। जिसका साथ सखी शर्मा दे रही थी। आज का दिन योग दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। ताकि विश्व में योग को प्रसारित किया जा सके और लोगों को प्रेरित किया जा सके ताकि वह अपना स्वास्थ्य धन को संयोजित रख सके और जो लोग योग के प्रति जागरूक नहीं है उन्हें आज योग में शामिल कर योग के महत्व को बतलाया जा सके। नियमित योग करने वाले लोगों में कई तरह की बीमारियों से बचाव किया जा सकता है ।वर्तमान समय में अनियमित खानपान के कारण लोग कई तरह के छोटी बड़ी समस्याओं से ग्रसित हो जाते हैं। इसे नियमित व्यायाम और योग के माध्यम से दूर किया जा सकता है जिसकी जानकारी अपने सहयोगियों आस पड़ोस के लोग तक पहुंचना आवश्यक है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:

i. क. सं. : (1), ii. ई–नीलामी सूची : पार्किंग, iii. ई–नीलामी सूची सं. : पार्किंग–58–25, iv. ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : 04.07.2025 15:00 बजे से, v. कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम : फुसरो स्टेशन पर 03 वर्षों के लिए, 02 व्हीलर, 03 व्हीलर एवं 04 व्हीलर का पार्किंग स्टैंड।

i. क. सं. : (2), ii. ई–नीलामी सूची : हाइब्रिड एनएफआर, iii. ई–नीलामी सूची सं. : एनएफआर–डीएचएन–25, iv. ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : 04.07.2025 14:00 बजे से, v. कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम : राजधानी, शताब्दी, वंदे भारत, दुरंतो और इसी तरह की विशेष ट्रेनों को छोड़कर सभी यात्री ट्रेनों (अर्थात सुपरफास्ट, मेल एक्सप्रेस, साधारण और मेमू) में विभिन्न विविध वस्तुओं (खाद्य और पैकेज्ड पेयजल (पीडीडब्ल्यू) आइटम को छोड़कर) की बिक्री के लिए धनबाद डिवीजन के बरकाकाना–सिंगरौली सेक्शन के बीच तीन साल की अवधि के लिए निविदा।

राजधानी, शताब्दी, वंदे भारत, दुरंतो और इसी तरह की विशेष ट्रेनों को छोड़कर सभी यात्री ट्रेनों (अर्थात सुपरफास्ट, मेल एक्सप्रेस, साधारण और मेमू) में विभिन्न विविध वस्तुओं (खाद्य और पैकेज्ड पेयजल (पीडीडब्ल्यू) आइटम को छोड़कर) की बिक्री के लिए धनबाद डिवीजन के धनबाद–गया सेक्शन (गया स्टेशन को छोड़कर) के बीच तीन साल की अवधि के लिए निविदा।

राजधानी, शताब्दी, वंदे भारत, दुरंतो और इसी तरह की विशेष ट्रेनों को छोड़कर सभी यात्री ट्रेनों (अर्थात सुपरफास्ट, मेल एक्सप्रेस, साधारण और मेमू) में विभिन्न विविध वस्तुओं (खाद्य और पैकेज्ड पेयजल (पीडीडब्ल्यू) आइटम को छोड़कर) की बिक्री के लिए धनबाद डिवीजन के धनबाद–चन्द्रपुरा–बरकाकाना/गोमो–चन्द्रपुरा–बरकाकाना सेक्शन (न्यू गिरिडीह–हजारीबाग टाउन–बरकाकाना–मेसरा– राँची (राँची स्टेशन को छोड़कर) भी सामिल है) के बीच तीन साल की अवधि के लिए निविदा।

i. क. सं. : (3), ii. ई–नीलामी सूची : पार्सल, iii. ई–नीलामी सूची सं. : लीज–34–25, iv. ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : 07.07.2025 14:00 बजे से, v. कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम : पट्टे पर ट्रेन सं. 13329 धनबाद से पटना तक 3.9 टन का एफएसएलआर–1 कम्पार्टमेंट।

पट्टे पर ट्रेन सं. 12340 धनबाद से हावड़ा तक 3.9 टन का एफएसएलआर–1 कम्पार्टमेंट।

पट्टे पर ट्रेन सं. 13351 धनबाद से अल्लेप्पी तक 3.9 टन का एफएसएलआर–1 कम्पार्टमेंट।

पट्टे पर ट्रेन सं. 13331 धनबाद से पटना तक 04 टन एफएसएलआर–1 कम्पार्टमेंट।

पट्टे पर ट्रेन सं. 11046 धनबाद से कोल्हापुर तक 4 टन का एफएसएलआर–1 कम्पार्टमेंट (साप्ताहिक ट्रेन सोमवार को)।

पट्टे पर ट्रेन सं. 13351 धनबाद से अल्लेप्पी तक 3.9 टन का आरएसएलआर–1 कम्पार्टमेंट (सप्ताह में पांच दिन, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार एवं शनिवार)।

ट्रेन सं. 13307 धनबाद से फिरोजपुर तक 3.9 टन का आरएसएलआर–1 कम्पार्टमेंट।

पट्टे पर ट्रेन सं. 13347 बरकाकाना से पटना तक 04 टन एफएसएलआर–1 कम्पार्टमेंट।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई. नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/0464/डीएचएन/वा./एन/25–26/104

### व्यवहार न्यायालय में करवाया गया योगाभ्यास

दुमका : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। योगाभ्यास नालसा, दिल्ली व झालसा, रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के प्रभारी अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शत्रुंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस न्याय मंडल के सभी न्यायाधीश समेत न्यायालय कर्मियों ने निर्धारित समय पर योगाभ्यास किया। प्राधिकार के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है तथा सभी लोगों को एक स्वस्थ जीवन शैली के लिए प्रोत्साहित करना है जिससे लोग शारीरिक एवं विशेष कर मानसिक रूप से स्वस्थ रह सके उन्होंने सभी न्यायालय कर्मियों से कहा कि वह प्रतिदिन कुछ समय निकालकर निश्चित रूप से योगाभ्यास करें इससे आपकी कार्यशैली में भी गुणात्मक प्रभाव पड़ेगा। योगाचार्य, राकेश पराशर ने न्यायाधीशों तथा न्यायालय कर्मियों को विभिन्न योग कराया। योग के विभिन्न आयाम में कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, सिरसासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, सूर्य नमस्कार, अर्ध चक्रासन जैसे कई योगासन करवाया गया एवं योग से होने वाले लाभों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की समाप्ति ओमजाप से संपन्न हुई। इधर प्राधिकार के सचिव उत्तम सागर राणा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न प्रखंड, पंचायत समेत विभिन्न संस्थाओं में प्रतिनियुक्त पैरा लीगल वालंटियर द्वारा सुदूर ग्रामीणों को योगाभ्यास के साथ योग के फायदे और विधिक जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई–निविदा सूचना**

**विद्युत/क०वि० विभाग के लिये खुली निविदाएँ**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा संख्या :** TRD-OT-14-TR-GCCIC-25-26, **क्रम सं० : 01. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** (i) Dhanbad Division- TBR-59.931 Tkm (300mm), TBR (Loop & Yard) - 21.779 Tkm (250mm) & TBR(Turnouts) - 87 Sets (1:12-44 Sets & 1:8.5-43 Sets) & (ii) Dhanbad Division- TTR (TWS+WCMSC)- 11 sets (1:12-5 sets & 1:8.5-6 sets). कार्य समापन की अवधि – (06) छः माह, **02. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 55,82,119.15 निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/–, **03. बीड सिक्युरिटि :** 1,11,700/–, **04. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि 10.07.2025 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 10.07.2025 को 11:30 बजे, **05. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

**पीआर/0453/डीएचएन/टीआरडी/टी/25–26/36**

## राजकीय श्रावणी मेला 2025 की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

# श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि : अभिजीत सिन्हा



दुमका : राजकीय श्रावणी मेला 2025 की तैयारियों को लेकर बासुकीनाथ स्थित सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि नए रूट लाइन में श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। पेयजल की समुचित व्यवस्था रुट लाइन में रहे। सभी आवासन केंद्रों में पर्याप्त रोशनी, पंखा, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहे।

बैठक में बताया गया कि अब तक 150 शौचालयों का निर्माण पूरा हो चुका है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि शेष निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवासन केंद्र, शौचालय, प्रवेश-निकास मार्ग, रूट एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित साइनबोर्ड प्रमुख स्थलों पर लगाए जाएं।उपायुक्त ने संस्कार मंडप क्यू कॉम्प्लेक्स के कार्य को शीघ्रता से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया।कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए पूरे मेला क्षेत्र एवं आवासन केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही मेला क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं एलईडी स्क्रीन की स्थापना की जाएगी, जिससे जरूरी सूचनाएं एक केंद्र से प्रसारित की जा सकें।मंदिर परिसर की विद्युत वायरिंग, एसी एवं अन्य उपकरणों की सुरक्षा जांच सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।कहा कि मेला क्षेत्र, पहुँच पथ एवं पार्किंग स्थलों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।शिवगंगा की साफ-सफाई, एनडीआरएफ की प्रतिनियुक्ति तथा अग्निशमन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। मेला के दौरान छोटे गैस सिलेंडरों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था के साथ पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित की जाएगी।उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में सफाईकर्मियों की तैनाती हो तथा जगह-जगह डस्टबिन रखे जाएं। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि श्रावणी मेला 2025 की सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण हो सकें।बैठक में पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं किसी भी कमी को समय रहते दूर करने का निर्देश दिया।बैठक से पूर्व उपायुक्त ने पूरे मेला क्षेत्र एवं रूट लाइन का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए। शिवगंगा की सफाई एवं उसमें जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष

## 11वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संताल परगना महाविद्यालय में योग शिविर का आयोजन




दुमका : संताल परगना महाविद्यालय में ग्यारहवाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया ।जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7:00 बजे महाविद्यालय परिसर में हुआ, जहाँ योग दिवस का औपचारिक उद्घाटन किया गया। प्राचार्य डॉ. के पी यादव ने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह मन और आत्मा को संतुलित करने की एक आध्यात्मिक पद्धति है। उन्होंने सभी छात्रों को प्रतिदिन योग करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में प्रशिक्षित योगाचार्य एवं योगगुरु रामदेव बाबा के शिष्य सह इतिहास विषय के विद्वान शिक्षक डॉ कमल शिवकांत हरि ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया। ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शवासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति आदि आसनों का अभ्यास कराया गया, जिसका सभी उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक पालन किया।छात्रों ने रंगारंग योग प्रदर्शनों के माध्यम से योग के विभिन्न आयामों को प्रस्तुत किया। इसके साथ ही महाविद्यालय के एनएसएस एवं एनसीसी इकाइयों ने योग के महत्व पर जागरूकता रैली भी निकाली, जिसमें “योग करें, रोग हटाएं”, “स्वस्थ भारत, समृद्ध भारत”, जैसे नारों के माध्यम से लोगों को योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एन सी सी कमांडिंग ऑफिसर डॉ सैमुएल किस्कू, हिंदी विभाग के डॉ. यदुवंश यादव तथा एन एस एस इकाई 12 के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. रंजीत कुमार दुबे ने भी योग के विविध पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए और नियमित योगाभ्यास को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ विश्वनाथ यादव, डॉ होलिका मरांडी, प्रो बसंती हांसदा, डॉ सुजीत कुमार आर्या, डॉ उपेंद्र कुमार, गोपाल झा, कुर्बान अंसारी, एवं प्रेम किस्कू संग सैंकड़ों स्वयंसेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान एवं जलपान के साथ किया गया। योग दिवस के आयोजन में सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता रही। संताल परगना महाविद्यालय द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सफल रहा और इसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का सार्थक प्रयास किया गया। पूरा कार्यक्रम कॉलेज प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एवं रसायन विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ कुमार सौरभ के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

### योगाभ्यास को अपने जीवन में नित्य क्रिया के रूप में शामिल करना चाहिए

दुमकाः 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तोकीपुर शिक्षक प्रशिक्षण (बी एड/ डी एल एड) महाविद्यालय, रानेश्वर, दुमका में महाविद्यालय के योगाचार्य स्वप्न सरकार के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासनों का योगाभ्यास सभी प्रशिक्षणार्थियों के साथ-साथ प्रबंध समिति के सभी सदस्य, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी के बीच बड़े ही जोश, उत्साह के साथ युवाओं की आध्यात्मिक, मानसिक एवं शारीरिक स्वस्थता, स्वच्छता, तथा परिपूर्णता हेतु भारतीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा एन सी टी ई के द्वारा निर्गत पत्र के अनुपालन में योग दिवस संपन्न कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव नोरेन कुमार मोदी ने कहा कि योगाभ्यास को अपने जीवन में नित्य क्रिया के रूप में शामिल करना चाहिए। योगाभ्यास शारीरिक शुद्धि, मानसिक चेतना तथा आध्यात्मिक जागृति के साथ-साथ पूरे दैनिक जीवन के क्रियाकलाप में ऊर्जा उत्पन्न करता है। महेश मंडल ने “करो योग रहो निरोग” की बात कही। योगाचार्य स्वप्न सरकार के द्वारा विभिन्न आसनों का अभ्यास कराते समय सभी प्रशिक्षणार्थी पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास करते नजर आए। उनकी उत्सुकता बता रही थी, मानो जैसे उन्होंने योगाभ्यास को नए जीवन में शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उर्जा संचार करने हेतु प्रतिदिन नित्य क्रिया के रूप में शामिल करने को ठान लिया हो। योगाभ्यास कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के कर्मचारियों एवं प्रबंध समिति के सदस्यों के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षणार्थियों के साथ-साथ महाविद्यालय परिवार के महेश मंडल , मो० तौसीफ , स्वप्न सरकार , सुरेश बास्की , देवयानी सरकार, शमिता सिंह, मो० राजा, श्रीकांत , मोनू, प्रशिक्षणार्थियों में राकेश , रोहित , नेहा , सुप्रिया इत्यादि सभी मौजूद थे। योगाभ्यास हेतु महाविद्यालय के द्वारा वर्षा वाले मौसम को ध्यान में रखकर दुमका से प्रशिक्षणार्थियों के लिए निःशुल्क बस सेवा का संचालन करवाया गया था।

#### बालकों के संरक्षण से संबंधित अधिनियमों पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

## सभी बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी बालकों के प्रति करें मित्रवत व्यवहार : डीएसपी

दुमकाःजिला बाल संरक्षण इकाई दुमका एवं प्रवाह संस्था के संयुक्त तत्वाधान में जिला बाल संरक्षण इकाई के सभागार में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015, मानव तस्करी विषयों एवं विभिन्न अधिनियमों पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला का शुभारंभ विशेष किशोर पुलिस पदाधिकारी सह पुलिस उपाधीक्षक (मु०) इकुड डुंगडुंग, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य धर्मेन्द्र नारायण प्रसाद एवं बाल कल्याण समिति के निवर्तमान सदस्य डॉ रंजन कुमार सिन्हा ने विधिवत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विशेष किशोर पुलिस पदाधिकारी सह पुलिस उपाधीक्षक (मु०) इकुड डुंगडुंग ने अपने वक्तव्य में कहा कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 106 में उल्लिखित है कि प्रत्येक थाने में बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी (सीडब्ल्यूपीओ) होंगे और बच्चों से संबंधित प्राप्त मामले का निष्पादन एवं समस्त कार्यवाही सीडब्ल्यूपीओ ही करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि जिले के समस्त पुलिस पदाधिकारी बच्चों के साथ थानों में मित्रवत व्यवहार करें जिससे कि बच्चे निर्भिक होकर अपनी बातों और भावनाओं को सरलतापूर्वक व्यक्त कर सके। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र ने अपने वक्तव्य में कहा कि थाने में बच्चों से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होती हो तो अविलंब उसे जिला बाल संरक्षण इकाई या चाइल्ड हेल्पलाइन से साझा किया जाए, जिससे कि सामूहिक प्रयास से बाल हित में उचित निर्णय लिया जा सके। किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य धर्मेन्द्र नारायण प्रसाद ने अपने वक्तव्य में कहा कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा एवं आदर्श नियम का अनुपालन करते हुए बालकों/किशोरों का उपस्थापन नियमानुकूल समिति/बोर्ड के समक्ष करेंगे। सामान्यतः देखा जाता है कि पुलिस पदाधिकारियों द्वारा बालकों/किशोरों को समिति/बोर्ड के समक्ष उपस्थापन के दौरान पुलिस वर्दी में किया जाता है जो कि नियमानुकूल नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट (एसबीआर) स्थानीय जांच कर निष्पक्ष एवं सत्यता के साथ बोर्ड को समर्पित करें। बाल कल्याण समिति के निवर्तमान सदस्य डॉ रंजन कुमार सिन्हा ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्राप्त पॉक्सो मामले के पॉक्सो पीड़िता को बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थापित करने से पूर्व अधिनियम के तहत नियमानुकूल फॉर्म बी आवश्यक रूप से पूर्ण कर समिति को समर्पित करें। समिति तीन कार्य दिवस के अंदर निर्णय लेकर संबंधित थाने को सूचित करेगी कि पीड़िता का उपस्थापन समिति के समक्ष आवश्यक है या नहीं। प्रवाह के परियोजना समन्वयक सह रिसोर्स पर्सन प्रेम कुमार ने मानव तस्करी एवं बालकों से संबंधित विभिन्न वैधानिक प्रावधानों व अधिनियमों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया।

### योग के माध्यम से आप आध्यात्मिक दुनिया का सूक्ष्म अनुभव कर सकते हैं : योगाचार्या

दुमकाःअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आदित्य नारायण महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह के अध्यक्षता एवं दुमका के सुप्रसिद्ध योगाचार्या सोना शर्मा के द्वारा योग कराया गया ।योग कार्यक्रम में काफी संख्या में छात्र - छात्राओं के साथ प्राध्यापक एवं शिक्षकेतर कर्मी गण भी उपस्थित होकर योग का अभ्यास किये।योगाचार्या ने योग कराते हुए अपने संबोधन में कहा कि योग के माध्यम से शरीर, मन एवं मस्ती को स्वस्थ रखते हुए आध्यात्मिक जगत का सूक्ष्म अनुभव किया जा सकता है।योग के माध्यम से हमारे शरीर के विकारों को दूर कर परमात्मा के साथ तादात्म्य बैठाने में सहायक सिद्ध होता है।जीवन में आने वाले अनपेक्षित रोग से बचाव के लिए उन्होंने खास करके बीपी, शुगर, हार्ड अटैक आदि जैसी बीमारियों से बचने के लिए सहज योग कराए एवं बताये।प्राचार्य उन्हें अंगवस्त्र (शाल) देकर के सम्मानित किए।डॉ रीता सिन्हा और डॉ संजू कुमारी के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर के स्वागत किया गया।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ.अन्हद लाल ने किए।

### जिला स्तरीय एक दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन

दुमकाःपेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-02 दुमका, अंतर्गत प्रत्येक चार पंचायत पर एक चयनित नई मास्टर जलसहिया एवं प्रखंड वाश समन्वयक, सिनी टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि का जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-टू के सभी अवयवों पर जिला स्तरीय एक दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन उप विकास आयुक्त , कार्यपालक अभियंता एवं, उपाध्यक्ष, जिला परिषद के अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण में उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी प्रतिभागियों को जल जीवन मिशन अंतर्गत बृहत ग्रामीण जिला पूर्ति योजना में जल कर राशि और जल आपूर्ति योजनाओं के रखरखाव को लेकर विस्तार पूर्वक से सभी जलसहिया को अपने-अपने गांव में पेयजल एवं स्वच्छता को लेकर सभी ग्रामीणों के साथ बैठक कर सभी जानकारी देने को दिशा निर्देश दी गई । कार्यपालक अभियंता के द्वारा सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया गया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज टू के तहत सभी छूटे हुए घरों में शौचालय का निर्माण एवं अपने-अपने गांव को ओ डी एफ प्लस विलेज बनाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को उपाध्यक्ष, जिला परिषद अध्यक्ष के द्वारा की सभी जलसहिया को संबोधित करते हुए कहा गया कि आप सभी अपने-अपने गांव में पेयजल एवं स्वच्छता से संबंधित क्षेत्र में बढ़ चढ़कर कार्य करें।

### दुमका में आम महोत्सव सह बागवानी मेला का सफल आयोजन

दुमकाः जिले के जिला ग्रामीण विकास शाखा परिसर में आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत सफलता पूर्वक किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य फलदार वृक्षों से प्राप्त उत्पादों को बाजार से जोड़ना और बागवानी गतिविधियों को ग्रामीण आजीविका से जोड़कर प्रोत्साहित करना है।

महोत्सव के दौरान किसानों को वृक्षारोपण, रखरखाव, विपणन और मूल्य संवर्धन से जुड़ी उपयोगी जानकारी दी गई। उन्हें स्थानीय व बाह्य बाजारों से जुड़ने के अवसरों के बारे में बताया गया, ताकि आयवृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त पहल हो सके।

**Mihijam Nagar Parishad**

**Notice Inviting Tender**

**NIT No.: NPM/RFP/2025-26/01 Date: 20/06/2025**

**Very Short Tender Notice**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Request for Proposal for Selection of Consultant for Preparation of Detailed Project Report and Project Management Consultancy for Various Projects Under Mihijam Nagar Parishad(2025 -26 to 2028-2029), Jharkhand. |
| 2. | Mode of submission of bids | Online Tender |
| 3. | Tender Fee &Earnest Money Deposit (EMD) (In INR) | Cost of Tender Document: 5,000/ -(Rupees Five Thousand) only(Non -refundable) form of Demand Draft drawn in favour of " Executive Officer, Mihijam Nagar Parishad" payable at Mihijam. Earnest Money Deposit (EMD) -Rs.10,000/ -(Rs. Ten Thousand) only). |
| 4. | Date of publication of online Tender on website | 23/06/2025 |
| 5. | Date of Start of Submission of online Bids | 23/06/2025 |
| 6. | Last Date/Time for submission of online bids | 07/07/2025 15:30 Hrs. |
| 7. | Date of Online Bid Opening | 08/07/2025 16:30 Hrs. |
| 8. | Tender fee and EMD submission address | Online |
| 9. | Helpline no. | + 91 7004607647 |
| 10. | Email | nagarpanchayatmihijam@yahoo.in |

**Note: Only e-tender will be accepted**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website https://jharkhandtenders.gov.in

**PR 355712 Urban Development and Housing(25-26).D**

**Executive Officer**
**Mihijam Nagar Parishad**

**जिला जनसम्पर्क कार्यालय, जामताड़ा।**

ईमेल :– iprdjamtara@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय निदे ानुसार दिनांक 10.06.2025 से 26.06.2025 तक नशे के विरूद्ध राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त कड़ी में जिले के स्थानीय सोशल मीडिया इंफ्लुएन्सर (Influencer) की अहम भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 24.06.2025 को समाहरणालय स्थित सूचना भवन, जामताड़ा (जिला जनसम्पर्क कार्यालय, जामताड़ा) में अपराह्न 02:00 बजे उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

अतः जिले के सभी स्थानीय सोशल मीडिया इंफ्लुएन्सर से अनुरोध है कि आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला में कृपया ससमय सम्मिलित होकर नशे के विरूद्ध इस मुहिम में अपनी सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए समाज में अपना योगदान करें।

उपायुक्त, जामताड़ा के आदेशानुसार।

जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी,
जामताड़ा।

PR.NO.355715 IPRD(25-26):D

# योग से शरीर और मन दोनों स्वस्थ्य रहते हैं, आइये आज हम सभी प्रतिदिन योग करने के लिए संकल्पित हों : उपायुक्त



गिरिडीह, : 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर आज नगर भवन में जिला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए समेत जिले के वरीय पदाधिकारी व अन्य कर्मियों ने योगाभ्यास किया गया। इस दौरान जिला आयुष समिति द्वारा योग के पूरे आसान को योगाभ्यास के माध्यम से पूरा किया गया। मौके पर माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार के भाषण का लाइव प्रसारण किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने समस्त जिलेवासियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए योग बहुत जरूरी है। सभी को नियमित रूप से समय निकाल कर योग करना चाहिए। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए" रखा गया है। आगे उपायुक्त ने कहा कि योग मन, शरीर और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है। योग करने से इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद मिलती है। योग के विभिन्न रूपों से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को अलग-अलग तरीकों से लाभ मिलता है। योग व्यायाम का एक ऐसा प्रभावशाली प्रकार है जिसके माध्यम से न केवल शरीर के अंगों बल्कि मन मस्तिष्क और आत्मा को भी संतुलित बनाया जाता है। योग करने से शारीरिक तथा मानसिक समस्याओं से निजात पाई जा सकती है। स्वस्थ रहने के लिए हमसबों को प्रतिदिन योग अभ्यास करना चाहिए, इससे खुद के शरीर और मन मष्तिष्क स्वस्थ रहता है। योग से मनुष्य के मन, मस्तिष्क में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा इसे करने से शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। योग करने से हमारी काया निरोग रहती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर सभी को शपथ दिलाई गई कि योग को अपने जीवन में उतारे तथा निरोग रहें। योग करने से शरीर सुंदर, स्वच्छ एवं आकर्षक होता है और हमें तमाम बीमारियों से बचाव भी करता है। योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। इसके अलावा कॉमन योगा प्रोटोकॉल के तहत एक ही समय पर जिला मुख्यालय के सभी कार्यालयों, अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय समेत अन्य सभी कार्यालयों में योगाभ्यास किया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, उप नगर आयुक्त, पुलिस उपाधीक्षक 1/2, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन, जिला आयुष पदाधिकारी, जिला आयुष कार्यालय के अधिकारी, पतंजलि के अधिकारी/कर्मी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# गिरिडीह आरएसईटीआई डायरेक्टर अभिषेक कमल 20 हजार की घूस लेते गिरफ्तार, सीबीआई की बड़ी कार्रवाई




गिरिडीह : धनबाद सीबीआई ने गिरिडीह के कल्याणडीह स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर और बैंक ऑफ इंडिया के सीनियर मैनेजर अभिषेक कमल को 20 हजार रुपये की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने यह कार्रवाई कैंटीन संचालक मृत्युंजय पाण्डेय की शिकायत पर की, जिनसे बिल भुगतान के बदले कमीशन की मांग की जा रही थी। धनबाद सीबीआई के एसपी पीके झा ने इसकी पुष्टि की है।मृत्युंजय पाण्डेय ने बताया कि वे अप्रैल 2025 से गिरिडीह आरएसईटीआई डायरेक्टर अभिषेक कमल 20 हजार की घूस लेते गिरफ्तार, सीबीआई की बड़ी कार्रवाई में कैंटीन का संचालन कर रहे हैं। अभिषेक कमल द्वारा बार-बार बिल भुगतान के एवज में कमीशन की मांग की जा रही थी। परेशान होकर उन्होंने सीबीआई को सूचित किया। इसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाया और अभिषेक कमल को घूस की राशि लेते हुए धर दबोचा।एसपी पीके झा ने बताया कि शिकायत के आधार पर ट्रैप ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें अभिषेक कमल को 20 हजार रुपये की घूस लेते पकड़ा गया। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई की सख्त नीति को दर्शाती है।मामले की आगे की जांच जारी है, और यह देखना बाकी है कि इस खुलासे से और क्या तथ्य सामने आते हैं। यह घटना सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार की गहरी पैठ को उजागर करती है और अधिकारियों के लिए एक चेतावनी है। सीबीआई ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के नेटवर्क का किया खुलासा



देवरी : देवरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब तस्करी के नेटवर्क का खुलासा किया है।सुखलजोरिया-बेंगाबाद मुख्य मार्ग पर एक पिकअप वैन के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो वाहन के डाला में छुपाकर रखी गई 1008 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद की गई। मामले में वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया है।इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने देवरी थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में पूरी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम नवादा गांव पहुंची, जहां दुर्घटनाग्रस्त पिकअप वाहन (नंबर बीआर01जीसी-3733) में लकड़ी के प्लाई से बने बॉक्सों में छुपाकर शराब की पेटियां रखी गई थीं।बरामद शराब में रॉयल चैलेंज ब्रांड की 375 एमएल वाली 40 पेटी और रॉयल स्टेज ब्रांड की 2 पेटी शामिल हैं। कुल मिलाकर वाहन से 42 पेटी यानी 1008 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। पुलिस ने मौके से वाहन चालक राम नारायण कुमार (उम्र 35 वर्ष), निवासी कोरबद्धा, थाना मुफ्फसिल, जिला समस्तीपुर (बिहार) को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ देवरी थाना में कांड संख्या 53/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।जांच के दौरान इस तस्करी में दो अन्य लोगों की संलिप्तता भी सामने आई है जिसमें छोटू सहनी और राजू सहनी शामिल है। इन दोनों को नामजद अभियुक्त बनाते हुए कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल सफेद रंग के पिकअप वैन को जब्त कर लिया है और पूरे नेटवर्क की जांच जारी है।

### बीएसएल ने मनाया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



बोकारो : अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग" थीम पर आज 21 जून को बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 04 स्थित स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स परिसर में बीएसएल द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (संकार्य) चित्त रंजन मोहापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रँगानी, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधान) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर मिश्रा, बोकारो जनरल हॉस्पिटल के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी बी करुणामय तथा बोकारो इस्पात संयंत्र के वरीय अधिशासी, कर्मचारी गण सहित उनके परिवार जनों के साथ स्कूल के छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे. योग गुरू के तौर पर कार्यक्रम में योग केन्द्र, सेक्टर-4 बोकारो के कृष्ण बंधु मिश्रा उपस्थित रहे.प्रारम्भ में निदेशक प्रभारी तिवारी, अधिशासी निदेशकों तथा उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों व योग गुरु द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई. बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने योग दिवस के कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कहा कि योग एक संपूर्ण विज्ञान और कला से संबंधित अनुशासन है, जो न केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित है, बल्कि आध्यात्मिक और मानसिक पहलुओं पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है. उन्होंने कहा कि नियमित योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, तनाव कम करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है.कार्यक्रम में योग गुरू श्री मिश्रा ने प्रतिभागियों को योग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और विभिन्न प्रकार के प्रयोगात्मक आसन तथा प्राणायाम का प्रदर्शन किया. उपस्थित समूह ने योग गुरू के मार्गदर्शन में विभिन्न आसनों का अभ्यास किया और इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया.

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद में किया योगाभ्यास

अहमदाबाद (ईएमएस)| गुजरात समेत दुनियाभर में आज योग दिवस मनाया गया| गुजरात में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राज्यस्तरीय कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गृह नगर वडनगर में आयोजित किया गया| जिसमें मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल शामिल हुए| वहीं अहमदाबाद में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया| अहमदाबाद के प्रहलातनगर उद्यान में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में योग दिवस मनाया गया| इस कार्यक्रम में गुजरात के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी, वेजलपुर के विधायक अमित ठाकर, नारणपुरा के विधायक जीतु पटेल, साबरमती के विधायक हर्षद पटेल, अहमदाबाद शहर भाजपा प्रमुख प्रेरक शाह, भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता समेत बड़ी संख्या लोग शामिल हुए| इस वर्ष योग दिवस की थीम थी स्वस्थ गुजरात, मोटापा मुक्त गुजरात। इस थीम के तहत पूरे राज्य में मोटापा मुक्त अभियान के पोस्टर देखे गए। गुजरात के अहमदाबाद समेत राज्य के कई शहरों और गांवों में सामूहिक योग सत्र आयोजित किए गए। लोगों ने स्कूलों, मंदिरों, पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर योगासन करके इस दिन को मनाया। योग के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न संस्थाओं और स्वयंसेवी संगठनों ने भी इस दिन भाग लिया।

# सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का सार्थक प्रयास करें : उपायुक्त





गिरिडीह : जिला उपायुक्त, रामनिवास यादव ने आज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, चैताडीह का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने शैक्षणिक व्यवस्था, भोजन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों से भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने वार्डेन से विद्यालय में छात्राओं की संख्या, पानी, बिजली, सीसीटीवी कैमरे, छात्रावास, शिक्षकों की संख्या आदि की जानकारी ली। उपायुक्त ने विद्यालय के भोजन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता और सुरक्षा का भी निरीक्षण किया। उन्हें गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने समेत अन्य बिंदुओं पर निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं से बात की और उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उनके पढ़ने की गुणवत्ता की जांच की, छात्राओं के कोर्स से संबंधित प्रश्न कर उनकी बौद्धिक क्षमता को देखने की कोशिश किया। विद्यालय के कार्यालय मे उपस्थिति पंजी सामग्री पंजी, शिक्षक डीटीपी इत्यादि की जांच की। साथ ही उन्होंने विद्यालय में पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कक्षा, स्मार्ट क्लास, साइंस लैब और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का सार्थक प्रयास करे। छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी पठन-पाठन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक सफलता के साथ-साथ उनका विकास सुनिश्चित कर उन्हें उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर करना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

### शौक के चक्कर में पहुंचा थाना, देशी तमंचे के साथ एक कारतूस बरामद

मुनिकीरेती (ईएमएस)। शौक के लिए देसी तमंचा और जिंदा कारतूस खरीदना एक युवक को भारी पड़ गया। चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से बरामद तमंचे और कारतूस को भी अपने कब्जे में ले लिया। फिलहाल मुकदमा दर्ज करने के बाद युवक को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जहां कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। मुनिकीरेती के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप चैहान ने बताया कि चार धाम यात्रा की सुरक्षा को लेकर भद्रकाली चैकी पर पुलिस चेकिंग कर रही थी। इस दौरान चैकी प्रभारी प्रदीप रावत ने एक संदिग्ध युवक को देखा। चेकिंग के लिए रोकने पर युवक हड़बड़ा गया और भागने लगा। शक होने पर वरिष्ठ उप निरीक्षक योगेश पांडे और कैलाश गेट चैकी प्रभारी राजेंद्र रावत युवक के पीछे भागे और कुछ दूरी तक पीछा कर युवक को रोक लिया।

# बीएसएल टाउनशिप क्षेत्र के टेलीफोन बूथ संचालकों के लिए गाइडलाइन जारी




बोकारो : बोकारो इस्पात सयंत्र ने बोकारो इस्पात टाउनशिप क्षेत्र में टेलीफोन बूथ के संचालन के लिए कुल 201 टेलीफोन बूथ आवंटित किया था, जिसका स्थानीय जांच का सर्वे 2025 में किया गया. तदुपरांत, सभी टेलीफोन बूथ लाइसेंस धारियों को टेलीफोन बूथ को संचालित करने के लिए नये नियम एवं शर्तों के साथ पत्रों के माध्यम से सूचना दी गयी जिसके तहत लाईसेंसी को अपने-अपने टेलीफोन बूथ का रिन्यूअल /रेगुलराइजेशन की प्रक्रिया के लिए दिए गए प्रारूप (फोर्मेट) में अपने-अपने स्व- अभिप्रमाणित दस्तावेज के साथ नगर सेवा विभाग के टीए-एलआरए विभाग से तुरंत संपर्क करना है. टेलीफोन बूथ संचालन के लिए मासिक किराया रू.1350/- निर्धारित किया गया है जो 01 नवम्बर 2024 से लागू होगा. नियम एवं शर्तों के साथ छेड़-छाड़ करने वालों पर रू. 5000/- का जुर्माना भी लगाने का प्रावधान है.सभी टेलीफोन बूथ संचालकों को अपने टेलीफोन बूथ को पिंक कलर से पेंट करने का निर्देश भी दिया गया है, ताकि वो अन्य दुकानों से अलग दिखे. ऐसा देखा गया है कि कई टेलीफोन बूथ संचालकों ने इसका अनुपालन कर लिया है, परंतु जिन बूथ संचालकों ने अभी तक पिंक कलर पेंटिंग नहीं कराई है, उन्हें यह यथाशीघ्र सुनिश्चित करना है.टेलीफोन बूथ को सड़क से एक निश्चित दूरी बनाये रखना है जिससे आवागमन बाधित न हो, जिसकी समय-समय पर जांच नगर सेवा विभाग के प्रतिनिधि करेंगे.इसके अलावा टेलीफोन बूथ को अपने आवंटित स्थान से दूसरे स्थान में लगाने की अनुमति नहीं है, ऐसा पाए जाने पर उनका लाइसेंस रद्द कर दिया जायेगा. जिन टेलीफोन बूथ संचालकों ने अभी तक अपना आवेदन जमा नहीं किया है, वो जल्द अपना आवेदन नगर सेवा विभाग के टीए-एलआरए, अनुभाग में जमा कर दे, अन्यथा उन पर कंपनी नियमानुसार कार्यवाई की जाएगी जिसके तहत उनका बिजली कनेक्शन काटा जा सकता है तथा उनका टेलीफोन बूथ का लाइसेंस भी रद्द किया जा सकता है.

# नए श्रम संहिताओं पर बीएसएल में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



बोकारो : बोकारो स्टील प्लांट द्वारा भारतीय श्रम संहिताओं (लेबर कोड) के तहत चार नए श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन, व्यापार सुगमता, तथा विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों (संविदा श्रमिकों) से जुड़े पहलुओं की स्पष्टता सम्बंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बोकारो निवास में किया गया। इस कार्यशाला में सेल की प्रमुख उत्पादन इकाइयों, झारखण्ड ग्रुप ऑफ माइंस, कोलियरीज़ तथा मैनजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट समेत विभिन्न संयंत्रों के मानव संसाधन, औद्योगिक संबंध, श्रम कानून एवं संबंधित कार्यों से जुड़े फ्रंटलाइन अधिकारियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बी. के. तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट एवं दिल्ली उच्च न्यायालय में वरीय अधिवक्ता एवं सेल के पैनल अधिवक्ता रूपेश कुमार, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ऐ के शरण, मुख्य महाप्रबंधक (विधि) राजेश कुमार, तथा मुख्य महाप्रबंधक (एल&डी) सुश्री नीता बा उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शरुआत में मुख्य महाप्रबंधक (विधि) राजेश कुमार ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं कार्यशाला की रुपरेखा प्रस्तुत की। निदेशक प्रभारी तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यशाला भारतीय श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) के अंतर्गत सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक समरसता तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सहायक होगी । उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यशाला के प्रत्येक सत्र का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया।कार्यशाला के दौरान विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों के द्वारा श्रम संहिताओं के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से श्रम कानूनों के अनुपालन हेतु अपनाए जा रहे उपायों की जानकारी साझा किया गया. मुख्य वक्ता रूपेश कुमार ने भारतीय श्रम संहिताओं (लेबर कोड) के तहत चार नए श्रम संहिताओं के प्रावधानों, प्रभाव और व्यावहारिक पक्षों की विस्तृत जानकारी साझा की। यह कार्यशाला बीएसएल द्वारा श्रमिक हित संरक्षण, विधिक अनुपालन सुनिश्चित करने तथा मजबूत औद्योगिक संबंधों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम का समापन मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ए. के. शरण द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# पुलिस ने 5 मोटरसाइकिल किए बरामद, एक आरोपी को किया गिरफ्तार





गिरिडीह : गिरिडीह जिले के डुमरी प्रखंड के निमियाघाट थाना की पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही मोटरसाइकिल चोरी की घटना का उद्भेदन कर लिया है। इतना ही नहीं पूर्व में गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों के निशानदेही पर एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही पांच चोरी हुए मोटरसाइकिल को बरामद भी किया है।इस संबंध में प्रेस वार्ता आयोजित कर डुमरी इंस्पेक्टर राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि 27 मई की रात निमियाँघाट थाना क्षेत्र के इसरी बाजार स्थित अरगाघाट रोड के समीप से आवेदक का यामहा मोटरसाईकिल पंजीयन संख्या डब्ल्यूबी-58ई-3251 का चोरी अज्ञात चोर के द्वारा कर लिया गया था। उक्त घटना के आलोक में गिरिडीह एसपी के निर्देशानुसार उनके नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। साथ ही इस घटना में शामिल चोर का पता लगाकर उक्त मोटरसाईकिल का बरामदगी करने का निर्देश प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि मिले आदेश के अनुसार कार्रवाई करते हुए टीम के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर लगातार अनुसंधान एवं छापामारी की गई। इस क्रम में इस घटना में शामिल शंकर कुमार तुरी एवं सद्दाम अंसारी को पूर्व में पकड़ा गया जिसके निशानदेही पर इसरी बाजार अरगाघाट रोड के पास से चोरी हुआ यामहा मोटरसाईकिल के अलावे पूर्व में चोरी हुआ अन्य चार मोटरसाईकिल को बरामद किया गया है। वहीं उक्त दोनों के द्वारा अपने अन्य सहयोगी साथी का नाम बताया गया था, जिसके आधार पर वाहन चोरी की घटना में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरूद्ध गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी किया जा रहा था। छापामारी के क्रम में उक्त घटना में संलिप्त मोटरसाईकिल का चोरी करने एवं उसे बिक्री करने वाला सह बोकारो जिले के नवाद थाना क्षेत्र के ग्राम सुरही निवासी मादिन अंसारी के 40 वर्षीय पुत्र सहदुल अंसारी उर्फ राजु अंसारी को गिरफ्तार किया गया है, जिसके निशानदेही पर उसके द्वारा पूर्व से चोरी का छुपा कर रखा गया पाँच मोटरसाईकिल को बरामद किया गया है।

# केंद्र सरकार ने बिहार की सड़कों और पुलों के लिए दिए 33 हजार करोड़ रूपये



पटना, (ईएमएस)। केंद्र सरकार ने बिहार की सड़कों और पुलों के लिए दिए 33 हजार करोड़ रूपये दिए है जिससे सालों से फंसे बिहार की कई सड़क और पुल का निर्माण का मार्ग खुल गया है। खबर है कि इस वित्तीय वर्ष यानि 2025-26 में केंद्र सरकार ने बिहार को एनएच निर्माण के लिए 33 हजार 464 करोड़ दिया है। ख़ास बात ये भी है कि केंद्र सरकार ने देश में सड़क निर्माण के लिए प्रस्तावित बजट का लगभग एक तिहाई पैसा बिहार को दिया है। सड़क और पुल पुलियों के निर्माण के लिए अब तक बिहार को बमुश्किल छह-सात हजार करोड़ ही मिलते रहे हैं। लेकिन इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं शायद इसी बात को ध्यान में रखते हुए केंद्र की मोदी सरकार ने बिहार को इस हजारों करोड़ रुपया दिया है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय की ओर से जारी पत्र के अनुसार इस पैसे से बिहार की 52 परियोजनाओं का काम हो सकेगा। इस राशि से लगभग 875 किलोमीटर सड़कों का निर्माण होगा। इसमें से 380 किमी एनएच को दो लेन से चार लेन में अपग्रेड किया जाएगा। वहीं गंडक नदी पर दो पुल भी बनेंगे। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय द्वारा बिहार की जिन परियोजनाओं को मंजूर किया गया है उसमें रामजानकी मार्ग पर मशरख-चकिया-भिठ्ठा मोड़ तक की 146 किमी चार लेन सड़क भी शामिल है। इस सड़क के लिए 7 हजार 3 सौ करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। जबकि गंडक नदी पर एनएच 727ए के तहत बेतिया से सेवराही में चार लेन का पुल बनेगा। ये पुल 11 किलोमीटर लंबा होगा और इसको बनाने में 1800 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वहीं केंद्र सरकार ने बेतिया से बगहा के बीच चार लेन सड़क के निर्माण के लिए भी राशि दी है। 69 किमी लंबी इस परियोजना पर 4300 करोड़ खर्च होंगे। जबकि अरवल से बिहारशरीफ तक चार लेन सड़क बनाने के लिए 2300 करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार ने अरवल बाईपास बनाने के लिए 574 करोड़, दाउदनगर बाईपास के निर्माण के लिए 931 करोड़, औरंगाबाद में बाईपास बनाने के लिए 865 करोड़, समस्तीपुर से दरभंगा तक दो लेन सड़क बनाने के लिए 320 करोड़ रुपए दिए हैं। उधर, जहानाबाद में एनएच 83 पर आरओबी बनाने में 100 करोड़ खर्च होंगे। एनएच 102 पर आरओबी बनाने में 150 करोड़ जबकि हथुआ और फुलवरिया के बीच आरओबी बनाने में 95 करोड़ खर्च होंगे। जबकि डुमरांव बाईपास पर 150 करोड़ खर्च होंगे। वाल्मीकिनगर परियोजना के नये एलाइनमेंट से 15 किमी बाईपास बनेगा। इसे बनाने में 3000 करोड़ खर्च होंगे। वहीं सिंघेश्वर बाईपास बनाने में 200 करोड़, सीतामढ़ी से चिरौत तक दो लेन सड़क बनाने में 500 करोड़ खर्च होंगे।

## बिहार में बनने लगे बाढ़ के हालात, 9 नदियों का बढ़ रहा जलस्तर, एक जगह टूटा तटबंध, सैकड़ों लोग प्रभावित



पटना, (ईएमएस)। बिहार में मॉनसून की सक्रियता और नेपाल में भारी बारिश के चलते राज्य भर में बाढ़ के हालात बनने लगे हैं। आलम यह है कि गंगा, कोसी, गंडक, घाघरा, पुनपुन, बूढ़ी गंडक, बागमती और फल्गु समेत 9 नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बिहार के कई हिस्सों में बांधों के क्षतिग्रस्त होने की खबरें भी मिल रही हैं और जल संसाधन विभाग ने तटबंधों की 24/7 निगरानी शुरू कर दी है। उधर नालंदा जिले में फल्गु नदी के तटबंध में कटाव के कारण कई गांवों में पानी फैल गया है, जिससे सैकड़ों लोग प्रभावित हुए हैं। प्रशासन ने बाढ़ से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां तेज कर दी हैं और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। इस बीच पटना के मौसम विज्ञान केंद्र और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों तक बिहार के उत्तरी और सीमांचल क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। दरअसल नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से कोसी, गंडक और बागमती जैसी नदियां उफान पर हैं। हालांकि, कमला बलान नदी का जलस्तर फिलहाल घट रहा है लेकिन गंगा और गंडक नदियां कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। फल्गु नदी के बढ़ते जलस्तर ने नालंदा और जहानाबाद में स्थिति को गंभीर बना दिया है। 19 जून को उदेरस्थान बैराज से 73,000 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, जिसके कारण नालंदा के एकंगरसराय अंचल के मंडाछ पंचायत में बेलदारी बिगहा गांव के पास तटबंध में कटाव हुआ। इससे तकरीबन 600 लोग आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं और गांवों में पानी फैलने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। जल संसाधन विभाग ने उदेरास्थान बैराज के गेट खोल दिए हैं और पानी को नहरों के जरिए खेतों तक पहुंचाया जा रहा है। कोसी नदी के वीरपुर बैराज के भी एक दर्जन से अधिक गेट खोले गए हैं ताकि जल प्रवाह को नियंत्रित किया जा सके। जल संसाधन विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह अलर्ट मोड में हैं। अभियंताओं को तटबंधों की निगरानी और मरम्मत के लिए तैनात किया गया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### तेजस्वी पर भारी नीतीश की पेंशन स्कीम, वृद्ध और दिव्यांगों को बड़ी सौगात

**अब हर महीने 400 रुपए की बजाए 1100 रुपए**

पटना,(ईएमएस)। बिहार की नीतीश सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले विधवा, वृद्ध और दिव्यांगों को बड़ी सौगात दी है। दरअसल, नीतिश सरकार ने बड़ा फैसला लेकर पेंशन की राशि बढ़ा दी है। अब हर महीने 400 रुपए की बजाए 1100 रुपए पेंशन मिलेगी।नीतीश ने लिखा, मुझे यह बताकर खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को अब हर महीने 400 की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी। सभी लाभार्थियों को जुलाई महीने से पेंशन बढ़ी हुई दर पर मिलेगी। सभी लाभार्थियों के खाते में यह राशि महीने की 10 तारीख को भेजना सुनिश्चित किया गया। इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को काफी मदद मिलेगी।नीतिश ने लिखा कि वृद्धजन समाज का अनमोल हिस्सा हैं और उनका सम्मानजनक जीवन-यापन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयत्नशील रहेगी।

### भतीजे ने कहा, तरक्की कर रहे हो, चाचा और चलाईं ताबड़तोड़ गोलियां

पटना,(ईएमएस)। कंकड़बाग थाना क्षेत्र में शनिवार को हुए सनसनीखेज हत्याकांड में सूरज यादव (45) की उनके ही भतीजे सत्येंद्र उर्फ झुनझुन यादव ने घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात उस समय हुई जब सूरज यादव अपने मकान की रंगाई-पुताई करा रहे थे।प्रत्यक्षदर्शी व मृतक की बेटी लवली कुमारी के मुताबिक, दोपहर करीब 12 बजे झुनझुन घर आया और तंज कसते हुए बोला, चाचा, तरक्की आप ही तो कर रहे हैं। झुनझुन तुरंत अपने घर गया, हथियार लेकर लौटा और सूरज यादव के मुंह व सिर पर दो गोलियां दाग दीं। परिवार वाले आनन-फानन में घायल को मेदांता अस्पताल ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।बताया जा रहा है कि झुनझुन पूर्व सैनिक है, नौकरी छोड़ने के बाद से बेरोज़गार था और नशे का आदी बताया जाता है। मृतक की पत्नी पर चार महीने पहले चाकू से हमला कर चुका था, जिसके लिए वह जेल भी गया। पड़ोसियों के अनुसार, वह अक्सर नशे की हालत में झगड़ा करता और हथियार लहराता था।घटना की जानकारी मिलते ही सिटी एसपी (पूर्वी) परिचय कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुँचे। पुलिस ने हत्या, अवैध हथियार व आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। शव को पोस्ट-मार्टम के लिए एनएमसीएच भेजा गया। पुलिस की दो टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

### डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने तेजस्वी को बिहार के लिए काला धब्बा बताया कहा, अराजकता का युवराज सत्ता का सपना देख रहा

पटना,(ईएमएस)। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की सियासत एक बार फिर गरमा गई है। राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने शनिवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर तीखा हमला करते हुए उन्हें "बिहार के लिए काला धब्बा" और "अराजकता का युवराज" करार दिया।डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव और उनका परिवार अपराध, अपहरण, बलात्कार और लूट के उद्योग से जुड़ा हुआ है और यही परिवार अब फिर से सत्ता में आने का सपना देख रहा है। विजय सिन्हा ने तेजस्वी यादव के जीवनशैली पर सवाल उठाते हुए कहा, जो व्यक्ति गरीबों की कमाई से परिवारवाद की संपत्ति खड़ी करता हो, जो चार्टर्ड फ्लाइट से जन्मदिन मनाता हो, वह बिहार की जनता का हितैषी कैसे हो सकता है?उन्होंने दावा किया कि तेजस्वी यादव का राजनीतिक आचरण न केवल राजनीतिक शिष्टाचार के खिलाफ है, बल्कि उनके पिता लालू प्रसाद यादव की भाषा शैली भी हमेशा "अमर्यादित और अपमानजनक" रही है। सिन्हा ने तेजस्वी पर धार्मिक और सामाजिक मामलों में भी तीखे आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने सनातन धर्म और सांस्कृतिक मूल्यों का अपमान किया है, साथ ही जातीय उन्माद फैलाकर बिहार की सामाजिक एकता को गहरी चोट पहुंचाई है। उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए की गई अमर्यादित टिप्पणियां निंदनीय हैं और यह साफ दिखाता है कि वे सकारात्मक राजनीति की जगह विद्वेष और विघटन की राजनीति करते हैं।

### आरजेडी विधायक रीतलाल यादव की 100से अधिक बेनामी संपत्तियाँ होंगी जब्त, पीएमएलए कार्रवाई की तैयारी

पटना,(ईएमएस)। जेल में बंद आरजेडी विधायक रीतलाल यादव पर शिकंजा कसता दिख रहा है। पटना पुलिस ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को प्रस्ताव भेज कर प्रिवेंशन ऑफ मनी-लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत यादव तथा उनके भाई पिंकू यादव की अवैध संपत्ति जब्त करने की सिफारिश की है। प्राथमिक जांच में 100 से अधिक प्लॉट और फ्लैट—बिहार और अन्य राज्यों में—अवैध रूप से अर्जित पाये गये हैं।पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया, कि नए कानूनी प्रावधानों के तहत जिले के सात शातिर अपराधियों की संपत्तियाँ ज़ब्त करने का प्रस्ताव भेजा गया है। कोर्ट की मंजूरी मिलते ही कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।11 अप्रैल 2025 : एसटीएफ और बिहार पुलिस ने यादव के 11 ठिकानों पर छापे मारे।17 अप्रैल 2025 : विधायक ने दानापुर कोर्ट में आत्मसमर्पण किया; 14 दिन की न्यायिक हिरासत में बेऊर जेल भेजे गये।मामला : बिल्डर कुमार गौरव से 50लाख रंगदारी माँगने व धमकी देने का। खगौल थाना में एफआईआर दर्ज।छापेमारी के बाद पुलिस ने रीतलाल, उनके भाई पिंकू, भतीजे धीरज और सहयोगी सुनील महाजन समेत कई लोगों पर केस दर्ज किया था। छह-सात अन्य शिकायतकर्ताओं ने भी रंगदारी के आरोप लगाए। इसके बाद अब ईडी द्वारा संपत्ति का मूल्यांकन कर अदालत में विस्तृत रिपोर्ट देने के बाद जब्ती-प्रक्रिया शुरू होगी। यदि कोर्ट से स्वीकृति मिलती है, तो रीतलाल यादव की अचल संपत्तियों के साथ-साथ बैंक खातों व अन्य निवेशों पर भी ताला लग सकता है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में मंत्रियों ने किया योगभ्यास

### मैट को लेकर पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुई मारपीट



पटना, (ईएमएस)। शनिवार दिनांक 21 जिन को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर देशभर में योगाभ्यास किया गया। बिहार की राजधानी पटना समेत पूरे बिहार में शहर से लेकर गांव तक लोगों ने योगाभ्यास किया। इस दौरान लोगों ने योग कर खुद को निरोग रखने का संकल्प लिया। पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शनिवार सुबह 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के दोनों मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, मंत्री विजय चौधरी, सांसद रवि शंकर प्रसाद, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत समिति प्रदेश के कई गणमान्य नेता और प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे। वन अर्थ वन हेल्थ के थीम पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सभी ने योगाभ्यास किया और लोगों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए दिनचर्या में योग को अपनाने का आह्वान किया। नेताओं ने योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना की, जिनके प्रयासों से वर्ष 2015 से हर वर्ष 21 जून को योग दिवस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिन अब पूरी दुनिया में भारतीय सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन चुका है। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं है, यह आत्मा और शरीर के बीच सामंजस्य का माध्यम है। यह हर नागरिक के लिए जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा, योग से न केवल बीमारियों से बचा जा सकता है, बल्कि यह मानसिक शांति और अनुशासन भी देता है। सरकार इसे स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक संस्थानों में बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, योग प्रशिक्षकों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ताड़ासन, वज्रासन जैसे योगासन किए गए और प्रशिक्षकों ने इनकी विधियां भी समझाईं। इस बार राज्य के सभी जिलों में भी योग दिवस के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें स्कूल, कॉलेज, सरकारी कर्मचारी, पुलिसकर्मी और आम जनता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### मैट को लेकर पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुई मारपीट, वीडियो वायरल

योगाभ्यास कार्यक्रम के समापन के बाद पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अजीबो गरीब स्थिति उत्पन्न हो गई। दरअसल कार्यक्रम के खत्म होते ही वहां योग के लिए बिछाए गए मैट को लेकर अफरा-तफरी और मारपीट की घटनाएं सामने आई हैं। इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसने आयोजकों की तैयारियों और भीड़ नियंत्रण पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि जैसे ही योग सत्र समाप्त हुआ, कई लोग वहां रखे मैट को उठाकर ले जाने की कोशिश करने लगे। कुछ लोग तो इतने बेकाबू हो गए कि एक-दूसरे से भिड़ गए और मारपीट तक की नौबत आ गई। इस दौरान कई लोग जमीन पर गिर पड़े, कुछ को चोट भी आई। चारों ओर अराजकता का माहौल बन गया और आयोजन स्थल पर हंगामा शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान लोगों के बैठने और योग अभ्यास के लिए सरकार द्वारा मैट की व्यवस्था की गई थी, लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया गया कि वे मैट आयोजन की संपत्ति हैं या कोई निशुल्क वितरण है। यही भ्रम विवाद की जड़ बन गया। आयोजन समाप्त होते ही कई लोगों ने मैट को घर ले जाने की कोशिश की, जिससे विवाद, मारपीट और अफरातफरी फैल गई।

### दारोगा बहाली मामले में एसआई गिरफ्तार

पटना, (ईएमएस)। बिहार के पटना में दारोगा बहाली के नाम पर ठगी के मामले सामने आए हैं। इस मामले में पटना पुलिस लाइन में तैनात एक दारोगा देव मोहन सिंह को गिरफ्तार किया गया है। वह झारखंड के गोड्डा जिले के दरियापुर गांव का रहने वाला है। इस मामले में पश्चिम चंपारण जिले के साठी थाना क्षेत्र के निवासी दीपेन्द्र कुमार, जो दारोगा अभ्यर्थी हैं, उनके पिता रघुनाथ पंडित ने दारोगा पर 13 लाख 49 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार आरोप है कि दारोगा देव मोहन सिंह ने दीपेन्द्र से कहा था कि वह उनकी शारीरिक दक्षता परीक्षा (फिज़िकल टेस्ट) को पास करवाने में मदद करेगा। इसके एवज में उसने नकद और ऑनलाइन माध्यम से यह राशि ली थी। बताया गया है कि दीपेन्द्र पहले ही पीटी (फिज़िकल टेस्ट) और मेंस परीक्षा पास कर चुका था। देव मोहन सिंह ने इस लेन-देन में रजौली निवासी राहुल यादव को भी शामिल किया, जिसे पैसे दिलवाए गए थे। हालांकि जब अंतिम परिणाम जारी हुआ तो दीपेन्द्र का नाम चयनित अभ्यर्थियों की सूची में नहीं था। इस पर उसके पिता रघुनाथ पंडित ने देव मोहन से पैसे वापस करने की मांग की और बताया कि वे एक गरीब किसान हैं, जिन्होंने जमीन बेचकर पैसे दिए थे। लेकिन देव मोहन सिंह ने पहले टाल-मटोल किया और फिर बेतिया से पटना तबादला हो जाने के बाद फोन उठाना भी बंद कर दिया।

# पटना में विमान यात्रियों को तो लाया पर सामान नहीं, एयरपोर्ट पर हंगामा

### स्टाफ व जवानों ने यात्रियों को किया शांत, एयर इंडिया ने दिया आश्वासन

पटना,(ईएमएस)। पटना एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह अफरा-तफरी मच गई क्योंकि यहां एयर इंडिया की फ्लाइट से पहुंचे यात्रियों को अपना सामान नहीं मिला। यह फ्लाइट तय समय पर लैंड तो कर गई, लेकिन विमान से उतरने के बाद जब अनाउंसमेंट हुआ कि यात्रियों का लगेज 4 नंबर बेल्ट पर आएगा, तो सभी यात्री वहां पहुंच गए।कुछ समय इंतजार करने के बाद जब बेल्ट पर कोई सामान नहीं आया, तो यात्रियों ने पूछताछ शुरू की। इस पर एयरलाइन की ओर से बताया गया कि तकनीकी कारणों और ज्यादा वजन के चलते फ्लाइट में लगेज रखा ही नहीं गया था। यह सुनते ही यात्रियों होश उड़ गए और करीब 180 यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया।यात्रियों ने एयर इंडिया पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें इस बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं दी गई। कई ऐसे यात्री भी थे जिन्हें आगे की फ्लाइट पकड़नी थी, लेकिन लगेज न मिलने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।मौके पर मौजूद एयर इंडिया के ग्राउंड स्टाफ और सीआईएसएफ के जवानों ने हालात को संभाला और यात्रियों को शांत कराया। एयर इंडिया ने यात्रियों को आश्वासन दिया कि उनका लगेज अगली फ्लाइट से भेजा जाएगा और उन्हें जल्द सूचित किया जाएगा। बता दें बीते 15 दिनों में यह तीसरी बार है जब पटना एयरपोर्ट पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। ऐसी घटनाओं से हवाई यात्रियों में नाराजगी बढ़ रही है।



# तटबंधों और बांधों के क्षतिग्रस्त होने पर कार्यपालक अभियंता समेत सात लोग निलंबित

पटना, (ईएमएस)। बिहार में नदियों का जलस्तर बढ़ने से जहानाबाद और नालंदा में करीब छह जगहों पर तटबंधों और बांधों के क्षतिग्रस्त होने की खबर है। जब इस मामले ने तूल पकड़ा तब आनन-फानन में जल संसाधन विभाग ने कार्यपालक अभियंता समेत सात लोगों को निलंबित कर दिया है। जल संसाधन विभाग ने बताया है कि, झारखंड में हो रही लगातार बारिश के कारण वहां से निकलने वाली नदियों के जलस्तर में हुई अप्रत्याशित वृद्धि से जहानाबाद और नालंदा में करीब छह स्थानों पर तटबंधों और बांध क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस मामले को विभाग ने गंभीरता से लिया है। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने शनिवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तटबंध के क्षतिग्रस्त हिस्से को पुनर्स्थापित करने के लिए युद्धस्तर पर बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराए जा रहे हैं। मौके पर दो अतिरिक्त कार्यपालक और दो अतिरिक्त सहायक अभियंताओं के साथ पटना से संवेदकों को मौके पर भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि तटबंध की सुरक्षा में लापरवाही बरतने वाले कार्यपालक और कनीय अभियंताओं समेत कुल सात लोगों को निलंबित कर दिया गया है। संवाददाता सम्मेलन में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल और विभाग के अभियंता प्रमुख शरद कुमार भी मौजूद थे। जल संसाधन मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि जहानाबाद और नालंदा में निरंजना (फलगू), मुहाने, उत्तर कोयल, सकरी और पंचाने नदियों में अत्यधिक जलस्राव व जलस्तर दर्ज किया गया है। दिनांक 19 जून को संध्या 9.00 बजे जहानाबाद स्थित उदेरास्थान बराज से 73,067 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जो विगत वर्ष के अधिकतम जलस्राव 6,8268 क्यूसेक से 4439 क्यूसेक अधिक है। फलस्वरूप बराज के निम्न प्रवाह में अवस्थित बंधुगंज काजवे गेज स्टेशन पर 62.15 मीटर का नया उच्चतम जलस्तर दर्ज किया गया। यह पूर्व के उच्चतम स्तर से 0.15 मीटर अधिक है। श्री चौधरी ने बताया कि नदी में अत्यधिक जलस्राव के कारण के कारण 19 जून की रात्रि 1.00 बजे नालंदा जिला के एकंगरसराय प्रखंड में लोकाईन नदी के दाएं किनारे पर अवस्थित जमींदारी बांध केशोपुर ग्राम में क्षतिग्रस्त हो गया। इसके अलावा नालंदा, जहानाबाद और पटना जिलान्तर्गत लोकाईन, भूतही, धोवा और महात्माइन नदी पर अवस्थित बांध भी कुछ स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गए। टूटे हुए तटबंध को पुनर्स्थापित करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि सभी तटबंध संरचनाओं की निगरानी सख्त कर दी गई है।

### पूर्णिया पुलिस ने किया 1 करोड़ का कोडिनयुक्त कफ सिरप जब्त

पूर्णिया, (ईएमएस)। बिहार के पूर्णिया जिले में पुलिस ने 1 करोड़ रुपये मूल्य की कोडिन युक्त कफ सिरप के साथ एक शख्स को गिरफ्तार किया है। नवनियुक्त आरक्षी अधीक्षक स्वीटी सहरावत के नेतृत्व में एनडीपीएस और ड्रग्स के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के दौरान पुलिस को ये बड़ी कामयाबी मिली है। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि पूर्णिया जिले के बायसी थाना क्षेत्र के डंगराहा के पास पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। जहां पहले से मिली गुप्त सूचना के आधार पर एक संदिग्ध ट्रक (जेएच-09-बीजे-2835) को रुकवाया गया तो ट्रक चालक ने उसपर चूड़ा लोड होने की बात कही। जब ट्रक को थाने पर लाया गया और उसकी चेकिंग की गई तो 100 चूड़ा से भरी बोरियों के अंदर छुपाकर रखा गया कुल 4000 लीटर (40000 बोतल प्रत्येक 100 एमएल का) प्रतिबंधित कोडिन युक्त कफ सिरप रखा हुआ था। पुलिस ने कफ सिरप सहित ट्रक को जब्त कर लिया और 31 साल के ट्रक ड्राइवर मो.अमन सलीम, निवासी मालेगांव, नासिक, महाराष्ट्र को गिरफ्तार कर लिया। कफ सिरप की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक चालक से दो मोबाइल फोन, 11 हजार रुपया नकद एवं ट्रक जब्त किया है। पुलिस अब गिरफ्तार ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया गया है कि यह ट्रक धनबाद से होते हुए दालकोला के रास्ते सिलीगुड़ी की ओर जा रही थी।

### बिहार के कॉलेजों में 115 प्रधानाचार्यों की होगी नियुक्ति, कुलपतियों को दिए गए आदेश

पटना, (ईएमएस)। बिहार के सरकारी विश्वविद्यालयों के अंतर्गत आने वाले अंगीभूत कॉलेजों में 115 प्राचार्यों की नियुक्ति जल्द ही होने वाली है। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा चयनित और अनुशंसित इन प्राचार्यों की नियुक्ति का मार्ग पटना हाई कोर्ट में बीजेपी नेता डॉ. सुहेली मेहता द्वारा दायर रिट याचिका को वापस लेने के बाद अब नियुक्ति जल्द होगी। राजभवन सचिवालय ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी संबंधित विश्वविद्यालयों (बिहार कृषि विश्वविद्यालय, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय और नालंदा खुला विश्वविद्यालय को छोड़कर) के कुलपतियों को नियुक्ति और पदस्थापन के लिए तत्काल आदेश जारी किया है। बताया गया है कि राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल. चोंग्थू ने सभी कुलपतियों को पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि बीएसयूएससी द्वारा अनुशंसित 115 प्राचार्यों की नियुक्ति और पदस्थापन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। पत्र में स्पष्ट किया गया कि याचिका वापसी के बाद अब कोई कानूनी अड़चन नहीं है और विश्वविद्यालयों को तुरंत इस प्रक्रिया को पूरा करना होगा। यह नियुक्ति लॉटरी सिस्टम के जरिए होगी, जैसा कि पहले निर्धारित किया गया था और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग भी की जाएगी। यह कदम राजभवन की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि प्राचार्य नियुक्तियों में किसी भी तरह की अनियमितता या लॉबिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बहरहाल 115 प्राचार्यों की नियुक्ति से कॉलेजों में प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों में सुधार होगा, जिसका सीधा लाभ छात्रों और शिक्षकों को मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### उद्धव ठाकरे पर तंज कसते हुए शिंदे ने कहा, आज के दिन 21 जून 2022 को मैराथन योग किया

मुंबई,(ईएमएस)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे ने इस दिन को तत्कालीन उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के खिलाफ विद्रोह के अपने 2022 के राजनीतिक कदम से जोड़कर बड़ा योग कहा, जिसने महाराष्ट्र की राजनीतिक स्थिति को बदल दिया। शिवसेना में विभाजन का जिक्र शिंदे ने कहा कि 21 जून को मैराथन योग सत्र की शुरुआत हुई, जिसने उनके अनुसार, राज्य में स्थिरता और विकास लाया। शिंदे ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के कारणों के बारे में कहा कि 21 तारीखों को हम लोगों ने बड़ा योग किया था। शिंदे ने कहा कि 21 तारीखों को ही हमने बड़ा योग किया था, वहां मैराथन योग था। इस योग की शुरुआत मुंबई से हुई थी और इसके कारण 21 जून को महाराष्ट्र में बहुत बदलाव आया है, हम यहां विकास देख रहे हैं। हमारी सरकार लोगों के लिए काम कर रही है। देवेंद्र फडणवीस और मैं पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में इस दिशा में काम कर रहे हैं। मूल रूप से बाल ठाकरे द्वारा स्थापित शिवसेना में जून 2022 में विभाजन हुआ, तब शिंदे ने विद्रोह का नेतृत्व किया। इसके कारण उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी सरकार गिर गई। तब से दोनों गुटों में टकराव जारी है। शिंदे ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं भी दीं और दुनिया भर में योग को बढ़ावा देने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। शिंदे ने कहा, मैं सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देता हूं।

### भारत ने फिर निभाया पड़ोसी धर्म, ईरान से नेपाल और श्रीलंका के नागरिकों को निकालकर लाएगा

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत ने घोषणा की कि वे दोनों पड़ोसी देशों के औपचारिक अनुरोधों के बाद ईरान में अपने निकासी प्रयासों का विस्तार करके नेपाल और श्रीलंका के नागरिकों को भी इसमें शामिल करेगा। यह कदम मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है। तेहरान में भारतीय दूतावास के पोस्ट में कहा कि नेपाल और श्रीलंका की सरकारों के अनुरोध के जवाब में, ईरान में भारतीय दूतावास के निकासी प्रयासों में नेपाल और श्रीलंका के नागरिक भी शामिल हो रहे है। ईरान में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के कारण हाई रिस्क वाले क्षेत्रों में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए भारत ने ऑपरेशन सिंधु के तहत अपने निकासी अभियान शुरू किए हैं। शनिवार की सुबह, भारतीय नागरिकों को लेकर एक विशेष विमान तुर्कमेनिस्तान के अश्गाबात से दिल्ली पहुंचा। इसके बाद शुक्रवार देर रात एक और सफल निकासी हुई, जब तेहरान द्वारा अपना हवाई क्षेत्र फिर से खोलने के बाद 290 भारतीय छात्र - मुख्य रूप से जम्मू और कश्मीर के - ईरान के मशहद से सुरक्षित वापस लौटे।

### सोनम रघुवंशी को लेकर वाराणसी के एक पंडित का दावा, समलैंगिक

इंदौर,(ईएमएस)। राजा रघुवंशी हत्याकांड में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। इस मामले में अब तक सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज कुशवाहा सहित 5 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस बीच एक नया और चौंकाने वाला दावा सामने आया है, इसमेंके सोनम के समलैंगिक (लेस्बियन) होने की बात सामने आई है। सूत्रों ने बताया कि राजा रघुवंशी के परिवार से जुड़े वाराणसी के एक पंडित ने सोनम की कुंडली की जांच के बाद कहा कि उसमें स्त्री दोष है, जो समलैंगिक झुकाव की ओर इशारा करता है। इस बारे में ज्योतिषाचार्य कहते हैं कि जन्मकुंडली में पंचम, अष्टम और द्वादश भाव व्यक्ति के प्रेम, रहस्यों और मनोविकारों से जुड़े होते हैं। पंचम भाव प्रेम और आकर्षण का भाव होता है, जबकि सप्तम भाव पति-पत्नी के रिश्ते को दिखाता है। चतुर्थ भाव मन और भावनाओं का प्रतीक है। जब किसी महिला की कुंडली में शुक्र और शनि कमजोर, पीड़ित या नीच स्थान में हों, तब उसमें स्त्री के प्रति आकर्षण की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। साथ ही शनि और चंद्रमा की विशेष युति काम-भाव की गड़बड़ी को जन्म देती है। शुक्र-मंगल या शुक्र-गुरु की विशिष्ट युति भी समलैंगिकता की ओर इशारा कर सकती है। ये सभी ग्रह यदि नपुंसक स्थिति में हों तब पुरुष में पुरुष के प्रति और स्त्री में स्त्री के प्रति आकर्षण पैदा हो सकता है। हालांकि, यह एक विवादित विषय है और इस पर किसी भी प्रकार का दावा करना और उस सच मान लेना उचित नहीं माना जाता है।

### वदें भारत में बुकिंग फुल, रेलवे से और ट्रेन बढ़ाने का आग्रह करुंगा : उमर अब्दुल्ला

कटरा,(ईएमएस)। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा की कटरा श्रीनगर ट्रेनों में क्षमता की कमी है, इसका नतीजा है कि अगले माह तक इन ट्रेनों की बुकिंग पूरी तरह से फुल है। उन्होंने कहा कि इस मामले में रेलवे प्रशासन से बातचीत की जा रही है कि आने वाले दिनों में रूट पर और ट्रेनों को बढ़ाया जाए। ताकि ट्रेन से सफर कर कश्मीर जाने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बता दें कि मुख्यमंत्री उमर अपने पिता फारूख अब्दुल्ला के साथ कटड़ा से कश्मीर के लिए वापसी का सफर वंदे भारत से कर रहे थे।

### एअर इंडिया के विमान में आई तकनीकी खराबी, रनवे पर ही रोका गया

हैदराबाद,(ईएमएस)। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक संभावित विमान हादसा समय रहते टल गया। एअर इंडिया की एक उड़ान, जो हैदराबाद से मुंबई जा रही थी, टेकऑफ से ठीक पहले तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। पायलट की सतर्कता और समय पर लिए गए निर्णय से विमान को रनवे पर ही रोका गया और एक बड़ा हादसा टल गया। एयर इंडिया की टीम ने तत्परता दिखाते हुए यात्रियों के लिए वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की और सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से मुंबई रवाना कर दिया गया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राज्यपाल आंनदी बेन ने कहा, स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते

लखनऊ,(ईएमएस)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि योग और खेल दो इस तरह के प्रभावशाली माध्यम हैं जो समाज को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ तथा अनुशासति बनाते हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन में उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं देकर कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह जीवनशैली, आत्मिक अनुशासन और सामूहिक कल्याण का मार्ग है। उन्होंने कहा, स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं। इसतरह के नागरिक न केवल अपने परिवार और समुदाय के लिए उपयोगी सिद्ध होते हैं, बल्कि हर दृष्टि से लोकहित में कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। हम सबका यह सामूहिक दायित्व है कि मिलकर देश को विकसित और सशक्त बनाएं।"

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आंध्रप्रदेश ने बनाए दो वर्ल्ड रिकॉर्डः सीएम नायडू

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को ऐतिहासिक और सफल करार देते हुए कहा कि राज्य ने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ आरके बीच पर योगाभ्यास करने के बाद नायडू ने कहा कि 3.03 लाख लोगों ने एक ही स्थान पर एक साथ योग कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। हालांकि प्रतिभागियों की सटीक संख्या की घोषणा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड प्राधिकरण करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि करीब 22,000 आदिवासी छात्रों ने एक ही स्थान पर 108 मिनट में 108 बार सूर्य नमस्कार कर एक और विश्व रिकॉर्ड कायम किया है। सीएम नायडू ने कहा कि 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन हुआ। हमने इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को आज के योग दिवस के लिए करीब दो करोड़ पंजीकरण की उम्मीद थी।

# 23 जून को तय हो जाएगा शशि थरूर का भविष्य, कांग्रेस इन या फिर आउट

### कांग्रेस आलाकमान से दो-दो हाथ करने की तैयारी



तिरुवनंतपुरम। पहलगाम हमले के बाद कांग्रेस सहित विपक्ष नरेंद्र मोदी सरकार से सुरक्षातंत्र के फेल होने पर सवाल पूछ रहा था। लेकिन कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बयान दिया, हमें केवल उन हमलों के बारे में पता चलता है, जिन्हें हम विफल करने में असफल रहे। ये किसी भी देश में सामान्य बात है। इजरायल का उदाहरण देकर उन्होंने कहा कि किसी भी देश के पास फूलप्रूफ सुरक्षा नहीं होती है। मोदी सरकार को क्लीन चिट देने वाले थरुर के बयान से कांग्रेस में खलबली मच गई। कांग्रेस के कई नेताओं ने इस बयान की खुली आलोचना की। इसके बाद कयास लगे कि थरूर अब कांग्रेस से विदाई लेने वाले हैं। दो दिन पहले थरूर ने फिर इशारा दिया कि उनका पार्टी नेतृत्व से मतभेद है, जिस पर उपचुनाव के नतीजों के बाद चर्चा करुंगा। फिर भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया। इसके बाद कूटनीतिक पहल करते हुए मोदी सरकार ने 59 सदस्यों वाले सात प्रतिनिधिमंडल को दुनिया के 33 देशों में भेजा। इसमें से एक प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कांग्रेस नेता शशि थरूर को दी गई। मोदी सरकार के इस फैसले से फिर कांग्रेस में विवाद शुरू हुआ। कांग्रेस ने प्रतिनिधिमंडल के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, सैयद नासिर हुसैन, लोकसभा में उपनेता गौरव गोगोई, पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर राजा सिंह वारिंग का नाम दिया था। बावजूद इसके मोदी सरकार ने कांग्रेस की ओर से पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, विदेश राज्य मंत्री रहे शशि थरूर, राज्यसभा सांसद आनंद शर्मा, चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी और अमर सिंह को चुना। मोदी सरकार द्वारा चुने गए चार नाम वे थे, जिन नामों को कांग्रेस ने नॉमिनेट नहीं किया था। खुर्शीद और मनीष तिवारी पार्टी हाईकमान की मंशा के विपरीत भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बने। लेकिन विवाद शशि थरूर को लेकर ज्यादा हुआ, जिन्हें पांच देशों में सांसदों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। थरूर ने बताया कि उन्होंने यह फैसला राष्ट्रहित में लिया है। अपने बयान के बाद शशि थरूर एक बार फिर अपनी ही पार्टी के नेताओं के निशाने पर आ गए। कांग्रेस नेता और राहुल गांधी के करीबी जयराम रमेश ने सांसदों की लिस्ट पर आपत्ति जताकर थरूर को टारगेट किया। उन्होंने पोस्ट में तंज कसते हुए लिखा कि कांग्रेस में होना और कांग्रेस का होना, दोनों में काफी फर्क है। इतना ही नहीं उदित राज ने उन्हें बीजेपी का सुपर प्रवक्ता बता दिया। थरूर और कांग्रेस नेतृत्व के बीच तनाव बयानबाजी से खत्म नहीं हुआ। केरल के नीलांबुर विधानसभा उपचुनाव में थरूर प्रचार के लिए नहीं गए। उन्हें पार्टी ने प्रचार के लिए बुलाया नहीं। हालांकि केरल कांग्रेस ने उनके आरोपों का खंडन किया है। जब इस बारे में थरूर से पूछा गया कि तब उन्होंने दो टूक कहा कि कांग्रेस नेतृत्व से उनके मतभेद हैं। वे उपचुनाव के नतीजों के बाद पार्टी के नेताओं से बात करुंगा। यह भी तय है कि कांग्रेस नेतृत्व थरूर की मांगों पर सहानुभूति से विचार करने के मूड में नहीं है। 23 जून को नीलांबुर सहित विधानसभा उपचुनाव के रिजल्ट आ रहे हैं। इसके बाद तय होगा कि थरूर कौन सा दांव चल सकते है।

इस पूरे घटनाक्रम पर राजनीतिक जानकार मानते हैं कि थरूर और गांधी परिवार के रिश्ते 2020 से खराब होने शुरु हो चुके थे। थरूर में जी-23 कहे जाने वाले उन नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने संगठन में बदलाव की वकालत की थी। तब यह माना गया कि गुट के नेताओं ने राहुल गांधी के नेतृत्व को चुनौती दी है। नतीजतन उस गुट में शामिल गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। मनीष तिवारी और शशि थरूर जैसे नेता पार्टी में साइड लाइन कर दिए गए। थरूर ने केरल प्रदेश अध्यक्ष की दावेदारी की, जिसे आलाकमान ने सिरे से खारिज किया। अगले साल मई में केरल विधानसभा चुनाव होने हैं। यह थरूर के लिए आखिरी मौके जैसा है। अगर वे राज्य में अपना कद हासिल करने में चूक गए, तब कांग्रेस के भीतर उनकी अंतिम पारी होगी।

दूसरी ओर, केरल में पहली बार आने की तैयारी में जुटी बीजेपी को एक चेहरे की तलाश है, जो विधानसभा चुनावों में पार्टी का नेतृत्व कर सके। इसके लिए शशि थरूर मुफीद साबित हो सकते हैं। विधानसभा चुनाव में अगर बीजेपी का वोट प्रतिशत और सीट बढ़ाने में सफल होते हैं।

## चार या पांच आधी जली हुई बोरियाँ देख, आधी रात केंद्रीय मंत्री शाह को लगाया फोन

### दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने दी अहम जानकारी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर कैश मिलने के मामले में अहम जानकारी निकलकर आई है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने सबसे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास पर नकदी की चार या पांच आधी जली हुई बोरियों के बारे में बताया था। ये कैश 14 मार्च की रात बंगले के स्टोररूम में आग लगने के बाद संयोग से मिली थीं। आग की इमरजेंसी कॉल का जवाब देकर, अग्निशमन विभाग और पुलिस 14 मार्च को रात 11.30 बजे के कुछ समय बाद न्यायमूर्ति वर्मा के बंगले पर पहुंची। सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वालों ने, जो नकदी से भरे बैगों को देखकर चौंक गए, आधी रात के करीब 500 रुपये के आधे जले हुए नोटों का वीडियो शूट किया। वे 15 मार्च को करीब 1 बजे आग बुझाने के बाद चले गए। दिल्ली पुलिस प्रमुख अरोड़ा ने सबसे पहले 15 मार्च को शाह को सूचित किया। बाद में दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय को नकदी के बारे में बताया गया। दिल्ली पुलिस प्रमुख अरोड़ा ने स्टोर रूम में लगी आग की कुछ तस्वीरें और वीडियो भी दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को शेयर की थी। इसके बाद चीफ जस्टिस ने तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना को इसकी जानकारी दी। इसके बाद घटनाओं की एक सीरिज शुरू हुई और इस सनसनीखेज प्रकरण की जांच शुरू हुई। जांच पैनल ने रिपोर्ट में कहा कि पुलिस कमिश्नर अरोड़ा ने 15 मार्च की दोपहर में जस्टिस उपाध्याय के साथ जानकारी साझा की, जो होली की छुट्टी के कारण लखनऊ में थे। उन्हें बताया गया कि केंद्रीय गृह मंत्री को एक रिपोर्ट भेजी गई थी, जिसमें संदर्भ था कि घटनास्थल पर भारतीय मुद्रा की चार या पांच आधी जली हुई बोरियां थीं। जांच पैनल ने पहले उत्तरदाताओं से संबंधित 10 फोन भेजे थे। इनका इस्तेमाल स्टोररूम में जलती हुई नकदी की वीडियो और स्थिर तस्वीरें लेने के लिए किया गया था। इन्हें केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल), चंडीगढ़ द्वारा प्रमाणीकरण के लिए भेजा गया था। सीएफएसएल ने फोटो और वीडियो को सर्टिफाई किया है। इसमें-एक 67 सेकंड का है इस वीडियो को हेड कांस्टेबल रूप चंद ने शूट किया था। दूसरा वीडियो 70 सेकंड का है इस हेड कांस्टेबल सुनील कुमार ने शूट किया था। पैनल ने कहा कि हमने फोन का एनालिसिस किया है और उन्हें सीएफएसएल, चंडीगढ़ भेजा है। ये बीएनएसएस की धारा 329 के प्रावधानों के मद्देनजर स्वीकार्य हैं। जस्टिस वर्मा के खिलाफ सबूतों की कानूनी स्वीकार्यता के अलावा, पैनल ने कहा कि इन सबूतों की गवाहों द्वारा भी पुष्टि की गई है।

## गर्व की बात, फिरंगियों के देश में भारतीय कंपनियों का दबदबा

मुंबई,(ईएमएस)। फिरंगियों के देश यानी यूके में भारतीय कंपनियों का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां भारतीय कंपनियों की संख्या में रिकॉर्ड तेजी देखी जा रही है। सिर्फ संख्या में तेजी ही नहीं, बल्कि कमाई भी खूब बढ़ी है। दरअसल, एक कारोबारी संगठन ने ये विश्लेषण किया है। विश्लेषण के अनुसार, ब्रिटेन में काम कर रही भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या में बीते साल के मुकाबले 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस साल यह संख्या 1197 तक पहुंच गई है। यह सालाना वृद्धि की सबसे तेज गति है। साथ ही ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों का संयुक्त राजस्व साल 2024 में 68.09 अरब पाउंड (करीब 7932 अरब रुपये) से बढ़कर 72.14 अरब पाउंड (करीब 8404 अरब रुपये) हो गया है। ये व्यवसाय पूरे यूके में 1.27 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। बीते साल 8000 से अधिक नए रोजगार जोड़े हैं। साल 2025 ट्रैकर कंपनियों ने 42 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर और 32.6 अरब पाउंड का संयुक्त कारोबार हासिल किया। इन फर्मों ने 67.3 मिलियन पाउंड का कॉर्पोरेशन टैक्स भी दिया और 56 हजार से अधिक नौकरियां पैदा कीं। आईजीएफ के अध्यक्ष मनोज लाडवा ने कहा कि इस वर्ष का इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर इस बात को रेखांकित करता है कि भारतीय कारोबार यूके के साथ एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार और निवेश केंद्र के रूप में कितने जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यूके और भारत के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से इंडिया ग्लोबल फोरम का यूके-इंडिया फ्यूचर फोरम एक महत्वपूर्ण आधुनिक मंच बन रहा है।

## ईरान-इजरायल जंग पर भारत सरकार की चुप्पी, सोनिया गांधी ने उठा दिए सवाल

नई दिल्ली,(ईएमएस)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने ईरान-इजरायल जंग के बीच भारत सरकार की चुप्पी को न केवल एक कूटनीतिक चूक, बल्कि भारत की नैतिक और रणनीतिक परंपराओं से विपरीत करार दिया है। एक लेख में सोनिया गांधी ने इजरायल द्वारा ईरानी सैन्य ठिकानों पर किए गए हवाई हमलों को अवैध और संप्रभुता का उल्लंघन बताया। सोनिया गांधी ने कहा, कांग्रेस ने इन बमबारी और टारगेट किलिंग की निंदा की है, जो ईरानी जमीन पर हुई है। ये कार्य न केवल नागरिकों के जीवन के लिए घातक हैं, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक अस्थिरता को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने इजरायल की गाजा में चल रही सैन्य कार्रवाई को भी क्रूर और असंतुलित बताकर आलोचना की। सोनिया गांधी ने भारत सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाकर कहा, भारत की चुप्पी केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि एक नैतिक विफलता है। उन्होंने याद दिलाया कि भारत ने ऐतिहासिक रूप से ईरान और इजरायल दोनों से गहरे संबंध बनाए हैं। ईरान ने 1994 में यूएन में कश्मीर मुद्दे पर भारत के समर्थन में अहम भूमिका निभाई थी। इसके विपरीत वर्तमान में मोदी सरकार ने दो-राष्ट्र समाधान के भारत के लंबे समय से चले आ रहे समर्थन से हटकर, एकतरफा रुख अपनाया है।

सोनिया गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना कर कहा कि वे अपनी खुफिया एजेंसियों की राय को नजरअंदाज कर एक आक्रामक रुख अपना रहे हैं। उन्होंने कहा, ट्रंप खुद एंडलेस वॉर के खिलाफ थे, लेकिन अब वहीं 2003 की इराक जैसी गलतियां दोहरा रहे हैं। सोनिया गांधी ने अपने लेख में लिखा कि इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने न केवल इस क्षेत्र में संघर्ष को बढ़ावा दिया, बल्कि अतीत में उन्होंने शांति प्रयासों को भी बाधित किया। उन्होंने 1995 में तत्कालीन पीएम राबिन की हत्या का हवाला दिया।

सोनिया गांधी ने लिखा, गाजा आज भुखमरी के कगार पर है। 55,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं। पूरे परिवार, अस्पताल और मोहल्ले मिटा दिए गए हैं।

## आम चुनाव 2024 में बीजेपी ने खर्च किए 1,494 करोड़, कांग्रेस ने 620 करोड़

### सभी दलों ने मिलकर प्रचार पर 2,008 करोड़ खर्च किए

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने 2024 के लोकसभा और साथ में हुए विधानसभा चुनावों में सबसे ज्यादा पैसा खर्च किया। पार्टी ने करीब 1,494 करोड़ खर्च किए, जो कुल चुनावी खर्च का 44.56 प्रतिशत है।

वहीं कांग्रेस ने 620 करोड़ खर्च किए और खर्च के मामले में दूसरे स्थान पर रही, जो कुल खर्च का 18.5 प्रतिशत है। ये जानकारी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर ) की रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कुल 32 राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों के खर्च का विश्लेषण पेश किया गया। 16 मार्च से 6 जून 2024 के बीच लोकसभा और चार राज्यों (आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम) में हुए चुनाव में कुल 3,352.81 करोड़ रुपए खर्च किए गए। इसमें से केवल राष्ट्रीय दलों का खर्च 2,204 करोड़ रहा, जो कुल का 65.75 प्रतिशत है।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रचार-प्रसार पर सबसे ज्यादा पैसा खर्च हुआ। सभी दलों ने मिलकर प्रचार पर 2,008 करोड़ खर्च किए, जो कुल खर्च का 53 प्रतिशत से ज्यादा है। इसके बाद यात्रा खर्च दूसरे नंबर पर रहा, इसमें 795 करोड़ खर्च हुए। इस राशि में से 765 करोड़ सिर्फ स्टार प्रचारकों की यात्रा पर खर्च किए गए, जबकि बाकी कार्यकर्ताओं और प्रचारकों पर सिर्फ 30 करोड़ खर्च हुए। राष्ट्रीय दलों ने चुनाव के दौरान 6,930.25 करोड़ जुटाए, जबकि क्षेत्रीय दलों को 515.32 करोड़ ही मिले। यानी कुल फंड में से 93.08 प्रतिशत राष्ट्रीय दलों के पास गया। उम्मीदवारों के आपराधिक रिकॉर्ड प्रकाशित करने पर 28 करोड़ खर्च हुए। चुनाव आयोग को हर दल को खर्च की जानकारी 90 दिनों के भीतर देना होता है, लेकिन कई पार्टियों ने देरी की। आप ने अपनी रिपोर्ट 168 दिन बाद जमा की। वहीं, बीजेपी की रिपोर्ट में 139 से 154 दिन की देरी हुई।

### गुजरात ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया

# 2121 योग साधकों ने एक साथ भजुंगासन कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त किया

### मुख्यमंत्री की उपस्थिति में वडनगर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह संपन्न




मेहसाणा (ईएमएस)| प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जन्मभूमि अनंत अनादि वडनगर के ऐतिहासिक शर्मिष्ठा तालाब परिसर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में शनिवार को 11वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग' तथा 'मेदस्विता मुक्त गुजरात-स्वस्थ गुजरात' थीम के साथ राज्य स्तरीय समारोह मनाया गया। गुजरात ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में इस वर्ष के योग दिवस पर वडनगर के ऐतिहासिक शर्मिष्ठा तालाब परिसर में 2121 योग साधकों के एक साथ किए गए भुजंगासन द्वारा नया कीर्तिमान स्थापित कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री के दिशादर्शन में इससे पहले भी गुजरात ने 2023 में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सूरत में एक साथ 1.50 लाख लोगों की सामूहिक योग साधना का रिकॉर्ड तथा 1 जनवरी 2024 को एक साथ 108 स्थानों पर 50 हजार लोगों के सामूहिक सूर्य नमस्कार करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल वडनगर में आयोजित राज्य स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में सामूहिक योग क्रिया में लोगों के साथ योगासन कर सहभागी हुए। स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल, मेहसाणा जिले के विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष तथा गुजरात योग बोर्ड के अध्यक्ष शीशपाल राजपूत और पदाधिकारी एवं अधिकारी भी योग साधकों के साथ सामूहिक योग में सहभागी हुए। इस अवसर पर सभी ने विशाखापट्टनम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सहभागी होकर देशवासियों को दिए गए प्रेरक संदेश का सीधा प्रसारण देखा। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा समग्र मानव जाति को दी गई भेंट योग हमारी प्राचीन संस्कृति है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल प्रयासों के फलस्वरूप इस प्राचीन योग संस्कृति को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने से विश्वभर में स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 2015 से हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाए जाने की श्रृंखला में मनाए जा रहे 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की भूमिका देते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं है, बल्कि जीवन जीने की कला है। योग ऐसा विज्ञान है, जो हमें शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर एकाग्रता से जोड़ता है। योगाभ्यास द्वारा तनाव मुक्ति होती है, रोग प्रतिकारक शक्ति बढ़ती है तथा जीवन में सकारात्मकता आती है। इतना ही नहीं; योग हमें आत्मानुशासन, संयम एवं आत्मजगृति सिखाता है। भूपेन्द्र पटेल ने राज्यभर में महानगर पालिका से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक कुल लगभग डेढ़ करोड़ लोगों के 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोहों में सामूहिक योग क्रिया में सहभागी हो रहे होने का उल्लेख करते हुए इस बात का विशेष उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सफल सुशासन के 11 वर्ष भी इसी वर्ष पूरे हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने योग से लेकर आयुष्मान भारत तक लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा का ध्यान रखा है। प्रधानमंत्री ने प्रिवेंटिव हेल्थ केयर तथा स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली अपनाने के लिए अनेक कार्यक्रम प्रारंभ कराए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा व प्रयासों से योग तथा प्राणायाम की प्राचीन विरासत विश्व के देशों के लोगों की दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बन गई है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि हमें संस्कृति के सम्मान तथा विरासत के गौरव के साथ मेदस्विता मुक्त गुजरात-स्वस्थ गुजरात का सामूहिक संकल्प कर योग की प्राचीन परंपरा को जन आंदोलन बनाना है और हमारी विकसित भारत@2047 के लिए विकसित, स्वस्थ तथा समृद्ध गुजरात का निर्माण करने की मंशा है। स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि प्राणायाम प्राचीन काल से हमारे इतिहास में दैनिक जीवन में बुना हुआ है।

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

## लोकतंत्र को बचाने में मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

बिहार और झारखंड विधानसभा के चुनाव इसी वर्ष होने जा रहे हैं। अगले साल असम, पश्चिम बंगाल, पांडिचेरी, तमिलनाडु और केरल के विधानसभा चुनाव हैं। भारत में लोकतंत्र बचाओ अभियान विपक्ष चला रहा है। लोकतंत्र को बचाए रखने में मतदाताओं का सजग होना जरूरी है। मतदाताओं को अधिकार और कर्तव्यों का ज्ञान होना जरूरी है। मतदाताओं की रुचि अपने अधिकारों और लोकतंत्र को बनाए रखने की नहीं होगी, तो सत्ता में बैठे हुए लोग बहुमत के आधार पर सत्ता में बने रहने के लिए जवाबदेही से बचते हैं। बहुमत के बल पर इस तरह के नियम और कानून बनाते हैं। जिसके कारण नागरिकों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अधिकार सीमित होते चले जाते हैं। नियम और कानून की आड़ में नागरिकों के मूल अधिकारों का हनन होने लगता है। सरकारों की ताकत बढ़ जाती है। मतदाता सरकारों पर निर्भर होकर रह जाते हैं। लोकतंत्र में चुनाव एक सेफ्टी वाल की तरह होता है। जो लोगों की नाराजगी को चुनाव के दौरान सामने लाता है। सत्ता में यदि समय-समय पर परिवर्तन होते हैं, ऐसी स्थिति में सरकारें जनता के प्रति जवाबदेह होती हैं। लोकतंत्र के लिए सबसे पहले खतरा अधिनायकवाद है। जब भी कोई सरकार आलोचना और असहमति से बचने लगती है। नागरिकों के अधिकारों को तरह-तरह के कानून बनाकर नियंत्रित करने की कोशिश करती है। उसके कारण अधिनायकवाद बढ़ता चला जाता है। नागरिकों के अधिकार सीमित होते चले जाते हैं। हाल ही में जिस तरह से बुलडोजर न्याय चल रहा है और सांसदों और विधायकों के अधिकार सीमित होते चले जा रहे है। जिस तरह से आम आदमी के ऊपर टेक्स बढ़ाये जा रहे हैं। नागरिकों की स्वतंत्रता, मौलिक अधिकार और लोकतंत्र पर सबसे बड़ा खतरा महसूस किया जा रहा है। जब कोई भी सत्ता बार-बार लंबे समय तक बनी रहती है। उसमें वंसवाद और अधिनायकवद बढ़ता जाता है। जो आगे चलकर तानाशाही में बदल जाता है। इस स्थिति में जनता की सुनवाई नहीं होती है। जब सरकार बड़े बहुमत के साथ सत्ता में आती है। ऐसे समय पार्टी का आंतरिक लोकतंत्र भी समाप्त हो जाता है। जिसके कारण लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं समाप्त होने लगती हैं। वर्तमान में जिस तरह से राजनीति में धर्म, जाति, राष्ट्रवाद, बेनामी संपत्ति, धनबल और बाहुबल बढ़ा है। वह लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक स्थिति है। जब केंद्र एवं राज्यों में एक ही राजनीतिक दल की सरकारें लंबे समय तक रहती है। जैसा वर्तमान में कहा जा रहा है, डबल इंजन की सरकार को चुनें अन्यथा नुकसान होगा। जहां पर सिंगल इंजन की सरकार है। वहां पर केंद्र की सरकार उनके साथ भेदभाव करती है। जिसके कारण संघीय व्यवस्था और लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं डगमगाने लगी हैं। डॉक्टर अंबेडकर ने भी जब संविधान पर चर्चा हो रही थी। तब इस तरह की स्थिति पर चिंता व्यक्त की थी। केंद्र की सरकार राज्यों की शक्ति कम करने की कोशिश करती है। डबल इंजन की सरकार का जुमला अपने आप में लोकतंत्र और संघवाद के खिलाफ है। चुनाव के पूर्व सभी राजनीतिक दल अपने-अपने घोषणा पत्र लेकर जनता के पास जाते हैं। उसके आधार पर जनता के मत को प्राप्त करते हैं। बाद में राजनैतिक दल की गई घोषणाओं से पल्ला झाड़ लेते हैं। यह मतदाताओं के साथ धोखा है। धोखाधड़ी करके राजनैतिक दल चुनाव जीत जाते हैं। भारत में अभी इस तरह की धोखाधड़ी के आधार पर सरकारों को नियंत्रित करने का कोई प्रावधान नहीं है। जिसके कारण पिछले वर्षों में यह प्रवृति बड़े पैमाने पर बढ़ी है चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को तरह-तरह के प्रलोभन दिए जाते हैं। चुनाव जीतने के बाद मतदाताओं के प्रति सरकार असवंदेनशील हो जाती है। लोकतंत्र को यदि बचाए रखना है, तो इसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी मतदाताओं की है। भारत की एक तिहाई आबादी अभी भी गरीबी रेखा के नीचे है। बेरोजगारी और महंगाई से आम आदमी त्रस्त है। स्वास्थ्य और शिक्षा का ढांचा पिछले कुछ वर्षों में बड़ी तेजी के साथ कमजोर होने लगा है। भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है। राजनीतिक दलों और सरकार के उच्च पदों के लोग आम जनता की जरूरतों को समझने और हल करने के मामलों में संवेदनशील नहीं है। जिसके कारण एक अराजकता जैसा माहौल बनने लगा है। सत्ता में बैठे हुए लोगों की जिम्मेदारी तय नहीं हो रही है। लोकतंत्र को बनाए रखना इस समय की सबसे बड़ी चुनौती है। 1975 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था। वह संवैधानिक और कुछ समय के लिए था। सत्ता में बने रहने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा सत्ता का दुरूपयोग किया जा रहा है। उसके कारण संवैधानिक प्रावधानो का पालन नहीं हो रहा है। मुकदमे बढ़ती चली जा रही है। आम आदमी मुकदमे लड़ नहीं सकता है। अपने अधिकारों के लिए लड़ना नागरिक भूलता जा रहा है। जिसके कारण लोकतंत्र इस समय अपने सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। समय रहते मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। राजनीतिक दलों और सामाजिक संस्थाओं को भी लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए जन जागरण करने आगे आना होगा। तभी जाकर संविधान और लोकतंत्र को सुरक्षित रख पाएंगे।

## दिलों को ही नहीं, विभिन्न संस्कृतियों को जोड़ता है संगीत

**ललित गर्ग**

संगीत हर इंसान के न सिर्फ शारीरिक, बल्कि भावात्मक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है। यह ईश्वर का मानव को अनमोल उपहार है। क्योंकि एक सुर, जो जोड़ता है दुनिया को बिना बोले, धुनों से रचता है मनुष्य मन की कहानी। संगीत न केवल शांति, सुकून एवं आनन्द का सशक्त माध्यम है बल्कि यह हमारी भावनाओं को जुबान देता है, यह तनाव कम करता एवं अनेक बीमारियों से मुक्ति भी देता है। संगीत सुनने से मानसिक शांति का अहसास होता है, संगीत दुनिया में हर मर्ज की दवा मानी जाती है। यह दुखी से दुखी इंसान को भी खुश कर देता है, संगीत का जादू एक मरते हुए इंसान को भी खुशी के लम्हे दे जाता है। अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने में संगीत सबसे असरदार माध्यम है। संगीत को दुनिया की सबसे आसान और बेहतरीन भाषा मानी जाती है। संगीत की इन्हीं विलक्षण एवं अद्भुत विशेषताओं के कारण ही 21 जून को पूरे विश्व में संगीत दिवस मनाया जाता है। हर साल विश्व संगीत दिवस एक खास थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 2025 की थीम है 'सद्भाव के माध्यम से उपचार', जो संगीत की एकजुटता और उत्थान की क्षमता पर जोर देता है। विश्व संगीत दिवस को मनाने का उद्देश्य संगीत विशेषज्ञ व विश्व के संगीत कलाकारों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर लाकर विश्व एकता, सद्भाव, सौहार्द तथा विश्व शान्ति का सन्देश सारी दुनिया को देना भी है।संगीत दिवस को 'फेटे डी ला म्यूजिक' के नाम से भी जाना जाता है। इसका अर्थ है 'संगीत उत्सव'। विश्व संगीत दिवस 110 देशों में ही मनाया जाता है जिनमें जर्मनी, इटली, मिस्र, सीरिया, मोरक्को, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, कांगो, कैमरून, मॉरीशस, फिजी, कोलम्बिया, चिली, नेपाल, और जापान आदि हैं। विश्व में सदा ही शांति बरकरार रखने के लिए ही फ्रांस में पहली बार 21 जून 1982 में प्रथम विश्व संगीत दिवस मनाया गया था, जिसका श्रेय तात्कालिक सांस्कृतिक मंत्री श्री जैक लो को जाता है। इससे पूर्व अमेरिका के एक संगीतकार योएल कोहेन ने वर्ष 1976 में इस दिवस को मनाने की बात की थी। इस त्यौहार के अलग-अलग देशों में अलग-अलग नाम हैं, उदाहरण के लिए फ्रांस में 'ला फेते डे ला म्यूजिक', यूके में 'मेक म्यूजिक डे', इटली में 'फेस्टा डेला म्यूजिका' या पोलैंड में 'स्विएटो मुजिकी'। भारत में संगीत जीवन का अभिन्न हिस्सा है, शादी में ढोलक-शहनाई, भजन-मंडली में ढोल-मंजीरा, शास्त्रीय संगीत में तानपूरा, तबला, सरोद, सारंगी का हम सब भरपूर आनंद उठाते हैं। बचपन में संपेरों द्वारा बीन बजाते ही लहराते हुए सांप का खेल भी हमने खूब देखा है। ये संगीत का जादुई प्रभाव ही है कि नवजात शिशु भी झुनझुने की आवाज सुन किलकारी भरने लगता है। श्रीकृष्ण की बांसुरी की मीठी ध्वनि को सुन गोपियों का आकर्षित हो खिंचे चले आना-ये सारे किस्से संगीत की ही महिमा का बखान करते हैं।विश्व संगीत दिवस पर सभी प्रकार के संगीत का जश्न मनाया जाता है, जिसमें फंक, जैज़, रॉक, शास्त्रीय, लोक, टेक्नो, ब्लूज़ आदि शामिल हैं। भारतीय संगीत प्राचीन काल से भारत मे सुना और विकसित होता संगीत है। शास्त्रीय संगीत आदि काल से है। संगीत के आदि स्त्रोत भगवान शंकर हैं। उनके डमरू से तथा श्रीकृष्ण की बांसुरी से संगीत के सुर निकले हैं। किंवदन्ति है कि संगीत की रचना ब्रह्माजी ने की थी। ब्रह्माजी ने ज्ञान की देवी सरस्वती को संगीत की सीख दी। मां सरस्वती के कर-कमलों में वीणा की उपस्थिति संगीत की महानता की कहानी स्वयं ही कह जाती है। देवी सरस्वती ने नारदजी को, नारदजी ने महर्षि भरत को तथा महर्षि भरत ने नाट्यकला के माध्यम से जन सामान्य में संगीत को पहुंचाया।

# भगवान राम के विचार से देश है आत्मनिर्भर

**संजय गोस्वामी**

.भगवान राम के विचार से देश है आत्मनिर्भर है क्योंकि उन्होंने भारत के लोगों को जो संदेश दिया वही देश की शक्ति है और भारत माता के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है रामचरितमानस कोई कहानी की किताब नहीं है, अपने मानस में, मन में देखा गया राम चरित्र है। हमें भी मानस के पात्रों को व्यक्ति रूप में नहीं, अन्तःकरण की वृत्ति के रूप में देखना है।

### ध्यान दें, तुलसीदास जी विनय पत्रिका में लिखते हैं-

अपारे संसारे विषय विष पूरो जलनिधि
रचित मन दनुज मय रूप धारी

माने विषय वासना के जल से भरा यह संसार ही सागर है। इस संसार-सागर में, आपका मन ही मय दानव है, इसी के द्वारा रचित यह आपका शरीर ही लंका है।

इस देह रूपी लंका का वास्तविक उत्तराधिकारी जीव रूपी विभीषण है। पर यह जीव रूपी विभीषण, मोह रूपी रावण, अहंकार रूपी कुम्भकरन, काम रूपी मेघनाद और वासना रूपी सूर्पनखा के वशीभूत है।

जीव-विभीषण, भगवान का टूटा फूटा भजन तो करता है, पर अपनी आँखों से मोहादि के, सब प्रकार के अनाचार दुराचार पापाचार को देखता हुआ भी, मोह की सत्ता का विरोध नहीं करता।

जब जीव के करोड़ों जन्मों का किया हुआ पुण्य, फल देने को खड़ा होता है, तब उसके जीवन में हनुमान रूपी संत आते हैं, तब ही जीव रूपी विभीषण को साहस होता है और वह मोहादि को चुनौती देता है। वह मोह रूपी रावण की लात तो खाता है, पर अन्ततः गिरता पड़ता भगवान की शरण में जाता है। भगवान अंतःकरण में अवतरित होकर, उतर कर, मोहादि का नाश कर देते हैं। और शान्ति रूपी सीता, जो मोह के कारण, हृदय रूपी अशोक वाटिका में बन्दी पड़ी थी, बंधन से मुक्त हो जाती है। यही असली दशहरा है।बाहर लाख रावण जलाओ, जब तक भीतर मोह की सत्ता है, जब तक भक्ति मोह वाटिका में बन्दी पड़ी है, तब तक आपके जीवन में चैन कहाँ? कि अब हमें भी इसी से सबक लेते हुये से मोह-रावण का नाश कर, ही सही मायने में भगवान राम की सच्ची आराधना होगी तभी जीवन में असली शांति और भगवान श्री राम के प्रति अपार श्रद्धा होगी ।भगवान श्री राम एक शुद्ध विचार है जो मर्यादा के पालन की प्रेरणा देता है.

अतः इसमें भगवान राम अवश्य ही उसे मदद ही नहीं बल्कि आशीर्वाद देंगें जो उनका नाम प्रेम से लिया है भगवान श्री राम को क़ोई मामूली देवता समझना भूल होगी सम्पूर्ण विश्व का निर्माता एक मात्र ईश्वर है जिसके नाम जपने से ही प्राणी के अंदर सद्बुद्धि आती है और अन्त में मनुष्य की अंतिम यात्रा में राम नाम की गूंज से उसके आत्मा को शांति मिलती है जो भी भगवान श्री राम का सही मायने में भक्त हुआ उसे उसके प्रकाश से दुनिया की हर चीज बेकार लगने लगी और अंततः वो इसके लिए अपना प्राण तक दे दिया और अमर हो गए जैसे गया गुरू अर्जुन देव, गुरू तेगवहादुर बंदा बहादुर गुरुगोविन्द सिंह के सारे बच्चे जो अमर हो गए और अन्य गुरु जो राम को ही अपना सबकुछ माना सब ज्योतिपुंज में समा गए अतः भगवान श्री राम की महिमा अपरम्पार है इसके नाम जपने मात्र से प्राणी हर बंधनों से मुक्त हो अमर हो



जाता है भगवान राम सबसे बड़े पुत्र थे, इस अधिकार से उन्हें अध्योया की राजगद्दी सौंपी जानी थी। लेकिन माता कैकेयी के आदेश का पालन करते हुए उन्होंने राजपाट की जगह वनवास चुना। इससे मानव मात्र को यह शिक्षा लेनी चाहिए की माता-पिता की आज्ञा का पालन करना ही संतान का सबसे पहला धर्म है।

### धैर्यशीलता का सबसे अच्छा उदाहरण

आज के इस समय में मनुष्य में धैर्य की कमी पाई जाती है, जो व्यक्ति के लिए कई समस्याएं खड़ी कर देती है। ऐसे में राम जी का जीवन धैर्य का एक उत्तम उदाहरण है। जब माता कैकेयी ने राम जी को 14 वर्ष का वनवास का आदेश दिया तब राम जी ने इसे पूरे धैर्य के साथ स्वीकारा। वहीं, समुद्र पर सेतु तैयार करने के लिए तपस्या की। इसके साथ ही जब माता सीता को पुनः वन में जाना पड़ा तब श्री राम ने भी राजा होते हुए भी संन्यासी की तरह जीवन व्यतीत किया।एक आदर्श पुत्र होने के साथ-साथ राम जी एक आदर्श भाई का भी उत्तम उदाहरण हैं। आज के इस कलयुग में जब भाई, भाई का दुश्मन बन जाता है। ऐसे में वनवास के दौरान राम जी के भाई भरत उन्हें वापिस अयोध्या लेने आए तो उन्होंने माता-पिता की आज्ञा को ही सर्वोपरि रखा और राजपाट भरत को ही सौंप दिया।

मित्रता निभाने में भी राम जी सबसे आगे रहे हैं। केवट, सुग्रीव और विभीषण आदि उनके परम मित्र रहे और स्वयं इन सभी के संकट झेले। बिना कोई भेदभाव किए उन्होंने सभी के साथ अपनी दोस्ती निभाई।

मित्रता निभाने में भी राम जी सबसे आगे रहे हैं। केवट, सुग्रीव और विभीषण आदि उनके परम मित्र रहे और स्वयं इन सभी के संकट झेले। बिना कोई भेदभाव किए उन्होंने सभी के साथ अपनी दोस्ती निभाई।

डिसक्लेमरः इस लेख में निहित किसी भी जानकारी/सामग्री/गणना की सटीकता या विश्वसनीयता की गारंटी नहीं है। विभिन्न माध्यमों/ज्योतिषियों/पंचांग/प्रवचनों/मान्यताओं/धर्मग्रंथों से संग्रहित कर ये जानकारियां आप तक पहुंचाई गई हैं। हमारा उद्देश्य महज सूचना पहुंचाना है, इसके उपयोगकर्ता इसे महज सूचना समझकर ही लें। इसके अतिरिक्त, इसके किसी भी उपयोग की जिम्मेदारी स्वयं उपयोगकर्ता की ही रहेगी।आज हमारे देश की ताकत भगवान राम जी के आदर्श हैं उन्होंने शांति से जीना भी सिखाया, और नारी सम्मान के लिए युद्ध करना भी सिखाया, हमारा देश किसी भी अपने मामले में किसी दूसरे देश की दखलअंदाजी बिलकुल बर्दास्त नहीं करेगा क्योंकि ऐ देश 140 करोड़ लोगों का एक लोकतान्त्रिक देश है देश पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर है और आतंकवादी घटना बिल्कुल बर्दास्त नहीं करेगा क्योंकि ऐ बात प्रधानमंत्री मोदीजी ने जी -7 सम्मलेन पर कहा, इससे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चुपी साध ली और लंच पर बुलाया लेकिन श्री मोदीजी ने इसे अस्वीकार कर दिया क्योंकि ट्रम्प ने दोनों देशों को एक ही नजरिये से ट्रेड का बहाना बनाया था लेकिन पाकिस्तान के सेना प्रमुख मुनीफ लंच पर जाएं या ना जाएं लेकिन ऐ सिद्ध होता है अमेरिका पर भरोसा करना ठीक नहीं है भारत के वैज्ञानिक हमारे देश के नायक हैं जिन्होंने अमेरिका के दबाब में भी 1998 में परमाणु परीक्षण भी कर लिया और भारत परमाणु संपन्न देश है जो ना तो किसी से डरेगा ना ही किसी के लालच में पड़ेगा क्योंकि भगवान राम का आशीर्वाद है।

# शमशान तेरा हिसाब बड़ा ही नेक है - तेरे यहां अमीर हो या गरीब सबका बिस्तर एक है

**किशन सनमुखदास भावनानीं**

शमशान घाट का नाम सुनते ही आंखों के सामने खण्डहरनुमा वीरान स्थान, जलती चिता और उसकी राख की तस्वीर ही उभरती है। परंतु हमें किसी के कहे इन सुंदर वाक्य को वर्तमान परिपेक्ष में याद रखने की जरूरत है कि शमशान तेरा हिसाब बड़ा ही नेक है, तेरे यहां अमीर हो या गरीब सब का बिस्तर एक है। मेरा मानना है कि यहां यह एक ऐसा स्थान है जहां सबका एक समान स्थिति का बोध होता है समाज के हर वर्ग के हर प्राणी को उसी चिता पर लिटाया जाता है। हालांकि प्रक्रिया रीति रिवाज मान्यताएं हर वर्ग की अलग अलग हो सकती है क्योंकि इस रीति रिवाज की घनिष्ठता से ही भारत अनेकता में एकता का भाव रखता है परंतु भेदभाव के भाव में महसूस होता है अभाव!! हम सब जीवन के करीब क़रीब हर स्तरपर, हर स्थिति में भेदभाव का भाव महसूस करते हैं। हर कोई अपनों को प्राथमिकता देता है बड़े नामचीन लोगों का साथ प्रतिष्ठा का एक प्रतीक माना जाता है, परंतु अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति से कोई मतलब पड़ने पर ही बात करना पसंद करता है परंतु असल में शमशान का बिस्तर ही एक ऐसा स्थान है जहां हर रिक्शा वाले रेहड़ी पटरी वाले और मजदूर इंसान से लेकर बड़े से बड़े उद्योगपति ऑफिसर नेता व्यक्ति की देह को भी उसी बिस्तर पर ही प्रक्रिया कर अग्नि सुपुर्द या सुपुर्द ए खाक किया जाता है जो एक सबसे बड़ा समानता का प्रतीक है। चूंकि आज हम शमशान की नेक सबका बिस्तर एक पर चर्चा कर रहे हैं इसीलिए हमें शमशान और उससे जुड़ी प्रथाओं मान्यताओं और महिलाओं के प्रवेश वर्जित की मान्यताओं पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सहयोग उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम अंतिम संस्कार की करें तो, हिंदू धर्म में 16 संस्कारों में 16वां संस्कार अंतिम संस्कार होता है। हिंदुओं में व्यक्ति की मृत्यु के बाद दाह संस्कार की रस्में निभाई जाती हैं। मृत व्यक्ति की शव यात्रा निकालने के बाद श्मशान घाट में देह को पंचतत्व में विलीन किया जाता है। अक्सर हमने देखा होगा कि अंतिम संस्कार में केवल पुरुष ही शामिल होते हैं, जबकि महिलाओं का श्मशान घाट में जाना वर्जित होता हैं। ऐसा क्यों होता है? इसके पीछे कुछ पौराणिक मान्यताएं हैं।

साथियों बात अगर हम इंसान के बराबरी भाव की करें तो कहावत है कि ईश्वर की नजर में सब बराबर हैं, क्योंकि उसने सबको बराबर जो बनाया है। उसके लिए न कोई अमीर है, न गरीब। न कोई ऊँच, न नीच। न कोई छोटा, न बड़ा। लेकिन विडंबना यह है कि दिन-रात उससे याचना कर उसकी राह पर चलने का दावा करने वाले उसके बंदे, उसके भक्त ही सबको बराबरी की नजर से नहीं देखते, क्योंकि उनकी नजर, उनके मन, आचरण में भेदभाव होता है।

इसी कारण वे सामने वाले को अपने से छोटा या बड़ा, ऊँचा या नीचा मानते हैं। और जो ऐसा करते हैं, वे अपने पास सब कुछ होने के बाद भी एक कमी-सी, एक अभाव-सा महसूस करते हैं। वे यह समझ ही नहीं पाते कि यह अभाव अपने मन में बसी भेदभाव की भावना की वजह से है। जिस दिन वे इससे ऊपर उठ जाएँगे, उस दिन यह कमी खुद-ब-खुद दूर हो जाएगी। लेकिन समस्या यह है यह जानते हुए भी लोग इससे मुक्त नहीं हो पाते।

साथियों बात अगर हम मानवीय भाव में हर क्षेत्र में विभाजन की करें तो वर्तमान समय में श्मशान में भी सामाजिक विभाजन के एक भाव को आधुनिकता एवं अलग वैचारिक सामाजिक सोच के प्रभाव में आकर बदले जाने की कोशिश तेज हो गई है क्योंकि,भारत के सामाजिक ढांचे में इंसानियत का यह विभाजन जन्म के साथ शुरू होता है और मौत के बाद भी श्मशान घाट तक इंसान का पीछा करता है। भारतीय समाज अनेक जाति-धर्मों में तो बंटा रहा है, लेकिन यह बंटवारा श्मशान घाट में भी दिखाई देता है। एक राज्य में विभिन्न जातियों के लिए अलग अलग श्मशान की परंपरा रियासत काल' की विरासत है। उस राज्य में रियासत के दौर में अलग-अलग जातियों के शमशान घाट का चलन शुरू हुआ। यह आज भी जारी है। एक छोटे से शहर में लगभग 47 श्मशान घाट है जबकि जयपुर में इनकी तादाद 57 है। हर जाति का अपना अंतिम दाह-संस्कार स्थल हैं और उपजातियों ने भी अपने मोक्ष धाम बना लिए है।

साथियों बात अगर हम महिलाओं के श्मशान घाट पर वर्जित होने संबंधी मान्यताओं की करे तो, महिलाओं का मन कमजोर और कोमल होता है। श्मशान में जो दृश्य होते हैं उसको देखकर वह अपने आपको विलाप करने से नहीं रोक पाती हैं। जिससे मृत आत्मा को भी दुख होने लगता है। इस कारण से भी महिलाएं श्मशान में नहीं जाती। ऐसा माना जाता है, श्मशान घाट पर हमेशा नकारात्मक ऊर्जा फैली होती है। महिलाओं के श्मशान घाट जाने पर नकारात्मक ऊर्जा आसानी से उनके शरीर प्रवेश कर सकती है क्योंकि स्त्रियां कोमल हृदय की मानी जाती है। साथ ही नकारात्मक ऊर्जा से उनके अंदर बीमारी फैलने की संभावना ज्यादा होती है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, अंतिम संस्कार में परिवार के पुरुषों को मुंडन करवाना पड़ता है, जबकि महिलाओं का मुंडन करना शुभ नहीं माना जाता है, इस वजह से महिलाओं को अंतिम संस्कार में शामिल नहीं किया जाता है।

मान्यता है कि अंतिम संस्कार के दौरान घर में नकारात्मक शक्तियां हावी रहती हैं, इसलिए घर को सूना नहीं छोड़ना चाहिए, श्मशान घाट से लौटने के बाद पुरुष स्नान करने के बाद घर में प्रवेश करते हैं, तब तक महिलाओं को घर पर ही रहना पड़ता है।

साथिया शवदाह संस्कार के बाद घर लौटते समय पीछे मुड़कर नहीं देनी देखने की मान्यता की करें तो, शवदाह संस्कार के बाद घर लौटते समय वापस पीछे मुड़कर देखने पर आत्मा का अपने परिवार के प्रति मोह टूट नहीं पाता है। दूसरी ओर पीछे मुड़कर देखने का मतलब यह भी होता है कि मृत व्यक्ति के प्रति हम में भी मोह बना हुआ है। इसलिए मोह से मुक्ति के लिए शवदाह संस्कार के बाद लौटते समय पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए। पुराणों में बताया गया है कि मृत्यु के बाद भी कुछ लोगों की आत्मा का अपने परिवार के सदस्यों के साथ मोह बना रहता है। आत्मा के मोहग्रस्त होने पर व्यक्ति की आत्मा अपने परिजनों के आस-पास भटकती रहती है। इस स्थिति में व्यक्ति को मुक्ति नहीं मिल पाती है और उसे कष्ट भोगना पड़ता है। शव दाह संस्कार करके मृत व्यक्ति की आत्मा को यह संदेश दिया जाता है कि अब तुम्हारा जीवित लोगों से और तुम्हारे परिजनों से संबंध तोड़ने का समय आ गया है। मोह के बंधन से मुक्त होकर मुक्ति के लिए आगे बढ़ो।अंतिम संस्कार में वेद मंत्रों के साथ शव को अग्नि के हवाले कर दिया जाता है। शास्त्रों में बताया गया है कि अग्नि में भष्म होने के बाद शरीर जिन पंच तत्वों से बना है उन पंच तत्वों में जाकर वापस मिल जाता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन करउसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे के शमशान-शव दाह संस्कार, शमशान तेरा हिसाब बड़ा ही नेक है-तेरे यहां अमीर हो या गरीब सब का बिस्तर एक है। सामाजिक ढांचे में इंसानियत का विभाजन जन्म के साथ शुरू होकर मौत के बाद शमशान में, समानता का भाव, सबका बिस्तर एक से महसूस होता है।

# बिहार में इस बार किसकी बहार

**राधा रमण**

पांच साल बाद बिहार में विधानसभा चुनाव की रणभेरी फिर बजनेवाली है। हालांकि चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान तारीखों की घोषणा नहीं की है। बिहार विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 22 नवंबर 25 तक है। जाहिर है विधानसभा के चुनाव इससे पहले ही होंगे। पिछली बार 2020 में तीन चरणों में 28 अक्टूबर, 3 नवंबर और 7 नवंबर को बिहार विधानसभा के चुनाव कराये गए थे। सरकार का गठन 23 नवंबर को हुआ था। ऐसे में अटकलें हैं कि चुनाव आयोग 15 अगस्त के बाद कभी भी मतदान तारीखों की घोषणा कर सकता है।

भले ही मतदान की तिथियों पर चुनाव आयोग खामोश है लेकिन बिहार के सियासी दलों ने अपने पत्ते खोलने प्रारंभ के दिए हैं। सीटों की दावेदारी पर राज्य के 3 बड़े दलों (राष्ट्रीय जनता दल, भारतीय जनता पार्टी और जनता दल – यूनाइटेड) ने अभी तक पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन उन्हें समर्थन देनेवाली पार्टियों के नेता मनमाफिक दावेदारी करने लगे हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सहयोगी और पिछली मौजूदा विधानसभा में महज 4 सीटोंवाली हिन्दुस्तान अवाम मोर्चा (हम) के संरक्षक केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी इस बार 40 सीटों पर दावा ठोंक रहे हैं तो बिना विधायक की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सर्वेसर्वा केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान राज्य की कुल 243 सीटों पर असर होने का दावा कर रहे हैं। एनडीए के एक और सहयोगी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा कहते हैं कि अगर उन्हें डुबोने की कोशिश की गई तो डुबोने वाले भी नहीं बचेंगे। उधर, मुख्यमंत्री नीतीश की पार्टी जदयू चुनाव में भाजपा के बराबर सीटों की दावेदारी पर पहले से अडिग है। जाहिर है एनडीए के सभी घटक दल अपनी ताकत बढ़ाने की फिराक में हैं।

सीटों के बंटवारे पर रार महागठबंधन में भी कम नहीं है। कांग्रेस पिछली बार की तरह इस बार भी 70 सीटों पर दावेदारी कर रही है। उधर, विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी विधानसभा की 60 सीट और उप मुख्यमंत्री पद की मांग कई दफा सार्वजनिक रूप से कर चुके हैं। इस बीच 'बदलो सरकार-बदलो बिहार' यात्रा निकाल चुके वामदलों के नेता 45 सीटों की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि पिछले चुनाव में उन्हें 29 सीटें मिली थीं जिनमें 16 सीटों पर जीत मिली थी, जबकि कांग्रेस 70 सीटों पर लड़कर महज 19 सीटें जीतने में कामयाब रही थी। अगर इन दलों की मांग मान ली जाए तो क्या राष्ट्रीय जनता दल (राजद) महज 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी ? पिछली बार राजद 144 सीटों पर चुनाव लड़ी थी जिसमें 78 सीटों पर जीत मिली थी। इसके अलावा राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष और रामविलास पासवान के छोटे भाई पशुपति कुमार पारस भी महागठबंधन के बैनरतले चुनाव मैदान में उतरने की जुगत खोज रहे हैं। उनकी लालू यादव और तेजस्वी से मुलाकात भी हो चुकी है। उधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी 12 सीटों पर दावा किया है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य कहते हैं कि झारखंड में हमने राजद के एकमात्र विधायक को मंत्री बनाया क्योंकि हम गठबंधन के तहत चुनाव मैदान में थे। अब राजद और कांग्रेस को बड़ा दिल दिखाना चाहिए। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की भी इच्छा महागठबंधन के बैनरतले चुनाव में उतरने की है। उसके नेता तेजस्वी यादव और लालू यादव तक अपनी बात पहुंचा चुके हैं। हालांकि कांग्रेस उसे साथ लेने को राजी नहीं है। ऐसे में महागठबंधन में सीटों के बंटवारे में सिरफुटौव्वल तय है।

चुनावी लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने के लिए कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चुनावी रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर भी अपनी जनसुराज पार्टी बनाकर मैदान में उतर चुके हैं। प्रशांत अपनी पार्टी में कई रिटायर्ड नौकरशाहों के अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री और जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामचन्द्र प्रसाद सिंह (आरसीपी सिंह) को जोड़ चुके हैं। बिहार के चर्चित यू-ट्यूबर मनीष कश्यप भी भाजपा के रास्ते अब प्रशांत के साथ हो लिये हैं। प्रशांत का दावा है कि उनकी पार्टी सभी 243 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी। उधर, वोट बैंक बढ़ाने के लिए आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस समेत तमाम दल किसी से तालमेल न हो पाने की स्थिति में अकेले मैदान में ताल ठोंकेंगे। ये दल भले ही चुनाव नहीं जीतें लेकिन दोनों गठबंधनों में किसी का खेल जरूर खराब करेंगे।

इस बीच, राजद ने वरिष्ठ समाजवादी नेता मंगनीलाल मंडल को बिहार राजद का अध्यक्ष बनाकर अति पिछड़ों में पैठ बनाने का बड़ा दांव चल दिया है। मंडल धानुक जाति से आते हैं। वह जदयू के रास्ते से राजद में आये हैं। उनका व्यक्तित्व निर्विवाद रहा है। वे लोकसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। देखना दिलचस्प होगा कि मंडल अपनी जाति का कितना वोट राजद को ट्रांसफर करा पाते हैं। बिहार की सियासत में जाति एक कटु सच्चाई है। वहां जाति के आधार पर न सिर्फ नेता हैं बल्कि जाति के आधार पर दल भी बने हैं। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव हों, चिराग पासवान हों या पशुपति पारस, मुकेश सहनी हों या जीतनराम मांझी, उपेन्द्र कुशवाहा हों या सम्राट चौधरी, नीतीश कुमार हों अथवा रामचन्द्र प्रसाद सिंह, सभी की राजनीति जातीयता की धुरी पर ही टिकी है।

उधर, चुनाव से चार महीना पहले एनडीए ने राज्य में वर्षों से खाली पड़े आयोग-बोर्डों के पदों को भर दिया है। कुल 13 आयोगों में से 8 का अध्यक्ष जदयू ने अपने नेताओं को बनाया है। 4 आयोग के अध्यक्ष भाजपा के नेता बनाए गए हैं, जबकि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता और चिराग पासवान के बहनोई मृणाल पासवान को अनुसूचित जाति आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। जीतनराम मांझी के दामाद देवेन्द्र कुमार को इसी आयोग का उपाध्यक्ष बनाया गया है। उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी के हिस्से में महज सदस्य का पद मिला है। ऐसा करके टिकट के दावेदारों की भीड़ पर नियंत्रण करने का प्रयास किया गया है। हालांकि राजनीति के जानकार चुनावी साल में वर्षों से खाली पड़े आयोग के पुनर्गठन पर सवाल कर रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि क्या एनडीए सरकार को वापसी में संशय लग रहा है जो आयोग- बोर्डों में खाली पदों को भरने में तत्परता दिखाई!

सियासी गुणा-गणित से इतर भाजपा पिछले एक साल से चुनाव प्रचार में पूरी तन्मयता से जुटी है। एक साल में प्रधानमंत्री सात बार बिहार का दौरा कर चुके हैं। इसमें पांच बार का दौरा तो जनवरी से जून तक हो चुका है। वह अपनी हर सभा में लालू-राबड़ी के शासनकाल पर हमला बोलते हैं और हजारों करोड़ की योजनाओं की घोषणा करते हैं। काश! वह योजनाएं सफलीभूत हो जातीं तो बिहार बदहाल नहीं रहता। भाजपा ने राज्य में चुनावी वार रूम का गठन कर दिया है। इसका प्रभारी दिल्ली के रोहन गुप्ता को बनाया गया है। उसमें 150 से अधिक सदस्य हैं। रोहन गुप्ता काफी तेज-तर्रार नेता हैं। हरियाणा और दिल्ली के चुनाव में भी उन्होंने भाजपा वार रूम की कमान संभाली थी और पार्टी को विजय दिलाई थी। आनेवाले दिनों में भाजपा जिला स्तर तक वार रूम का गठन करेगी। लेकिन भाजपा की बड़ी दिक्कत बिहार में पार्टी का कोई अहम चेहरा न होना है जिसे मुख्यमंत्री के रूप में प्रोजेक्ट किया जा सके। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी राजद, जदयू समेत कई दलों से घुमते हुए भाजपा में पहुंचे हैं। उनका अपना कोई जनाधार नहीं है। उनके पिता स्व. शकुनि चौधरी जरूर कद्दावर नेता थे लेकिन वह कांग्रेस और समाजवादी पृष्ठभूमि के थे। इसी तरह प्रदेश भाजपा के अधिकांश नेता आयातित ही हैं। ऐसे में भाजपा चुनाव के बाद कोई उलटफेर कर दे तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

अपने पुराने जनाधार को संगठित करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी प्रगति यात्रा निकाल रहे हैं। एक चर्चा यह भी है कि जदयू इस बार चिराग की दावेदारी वाले ब्रह्मपुर, दिनारा, कस्बा, हरनौत, कदवां, रुपौली, जगदीशपुर, रघुनाथपुर और ओबरा आदि सीटों पर नजर गड़ाए हुए है। इन सीटों पर पिछली बार चिराग की पार्टी के उम्मीदवार दूसरे नंबर पर रहे थे। चिराग इस बार किंगमेकर बनने की चाहत लिये हुए हैं। उनकी कोशिश है कि बिना उनके समर्थन के बिहार में कोई सरकार नहीं बने।

चुनाव की तैयारी में महागठबंधन भी पीछे नहीं है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार राज्य के कोने-कोने में घूम रहे हैं और मौजूदा सरकार की नाकामी उजागर कर रहे हैं। उन्होंने 'तेजस्वी डिजिटल फोर्स' का गठन कर युवाओं को उससे जुड़ने की अपील की है। तेजस्वी कहते हैं कि मुख्यमंत्री उम्रजनित बीमारियों के कारण अचेतावस्था में हैं और सहयोगी दलों के नेता नौकरशाहों के साथ मिलकर बिहार को लूट रहे हैं। अपराध चरम पर है और सरकार खामोश। आयोगों के पुनर्गठन में भाई-भतीजावाद का बोलबाला है। सीएम को लगे हाथ जमाई आयोग, दामाद आयोग और मेहरारू आयोग का भी गठन कर देना चाहिए।

कांग्रेस, विकासशील इंसान पार्टी और वामदलों के नेता भी अपने पक्ष में जनमत बनाने के लिए अभियान चलाये हुए हैं। राहुल गांधी एक साल में पांच बार बिहार का दौरा कर चुके हैं। लब्बोलुआब यह कि गरमी के मौसम में बिहार में राजनीतिक तापमान बढ़ा हुआ है।

# पढ़ाई के बोझ के कारण बच्चों को हो रहा मानसिक तनाव




आजकल के आधुनिक युग में बच्चों पर भी पढ़ाई का बोझ बढ़ता जा रहा है जिससे वे भी मानसिक तनाव का शिकार हो रहे हैं। बच्चे अधिक संवेदनशील होते हैं। वे अपनी भावनाओं और अनुभवों को आसानी से व्यक्त नहीं कर पाते। खासकर जब वे दुख, डर या असहज महसूस करते हैं तो वे इसे साफ शब्दों में नहीं बता पाते। इसका कारण यह है कि कई बार बच्चे मानसिक तनाव या डिप्रेशन की स्थिति में पहुंच सकते हैं।

### लक्षण

मानसिक तनाव के कारण बच्चों के व्यवहार में कई तरह के बदलाव दिखाई देते हैं। जब बच्चे परेशान होते हैं तो वे चिड़चिड़े हो सकते हैं या चुप्पी साध सकते हैं। यह बदलाव अचानक आ सकता है। एक बच्चा जो हमेशा समय पर खाना खाता था, अचानक खाना खाने से मना कर सकता है। या वह खेल जिसमें वह रुचि रखता था, उसमें अब उसका मन नहीं लगेगा। ऐसे व्यवहार को केवल नखरे समझना सही नहीं है। यह मानसिक तनाव का संकेत हो सकता है।

### स्वभाव में बदलाव

अगर कोई बच्चा पहले बहुत मिलनसार था और हर किसी से बात करता था, लेकिन अचानक वह चुप हो जाए या किसी से बात करना बंद कर दे, तो यह चिंता का विषय हो सकता है। इसके विपरीत, यदि कोई बच्चा जो पहले शांत रहता था, अचानक बहुत ज़्यादा बोलने लगे, तो यह भी मानसिक दबाव का संकेत हो सकता है।

### इस प्रकार करें सहायता

माता-पिता को चाहिए कि वे अपने बच्चों की भावनाओं और मानसिक स्थिति पर ध्यान दें। बच्चों के दोस्तों को जानना जरूरी है। न तो बच्चों के दोस्तों को लेकर ज़्यादा टोकाटाकी करें और न ही हर बात में हस्तक्षेप। बस यह जानने की कोशिश करें कि आपके बच्चे किन दोस्तों के साथ समय बिताते हैं। समय-समय पर बच्चों के दोस्तों को घर बुलाएं। इससे आपको पता चलेगा कि वे किस प्रकार के प्रभाव में हैं और क्या उनके दोस्त उनके लिए सकारात्मक हैं।

### बच्चों से बात करें

घर पर खाली समय में, खासकर डिनर के दौरान बच्चों से बात करें। यह समय बहुत उपयोगी होता है जब माता-पिता अपने दिन की बातें बच्चों से साझा करते हैं। इससे बच्चे सीखते हैं कि अपनी बातें कैसे बताई जाती हैं और भावनाओं को कैसे व्यक्त किया जाता है।

### बच्चों की बात ध्यान से सुनें

जब बच्चा अपनी कोई बात बताने आए, तो उसे पूरा ध्यान देकर सुनें। तुरंत प्रतिक्रिया न दें। यदि उसने कोई गलती की है, तो उस पर चिल्लाने की बजाय शांत और समझदार भाषा में बात करें। आवाज़ का स्वर नरम और सहयोगी होना चाहिए। इससे बच्चे को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का मौका मिलता है, जिससे वह मानसिक रूप से मजबूत बनता है।

# बारिश के मौसम में बच्चों का इस प्रकार रखें ध्यान



बारिश का मौसम और मानसून खूब सारी मस्ती लेकर आता है, लेकिन इस मौसम में बीमारियां भी काफी बढ़ती हैं। इस मौसम में बच्चों की सेहत का खास तौर पर ख्याल रखना होता है। बारिश का सीजन में बच्चे कई सारी बीमारियों को न्यौता देते हैं, ऐसे में वो बीमार ना हो जाएं कुछ इस तरह उनका ख्याल रखें।

### साफ पानी से धोएं खाद्य पदार्थ

बारिश के मौसम में जमीन में रहने वाले ज्यादातर कीड़े सतह पर आ जाते हैं, जो फल, सब्जियों और खाद्य पदार्थों को दूषित करते हैं। इसलिए किसी भी फल और सब्जियों को खाने से पहले साफ पानी से अच्छे से धोएं और अगर जरूरत हो तो बीमारी से बचने के लिए पोटैशियम परमेंगनेट का प्रयोग किया जा सकता है।

### उबला हुआ पानी पिलाएं

बरसात में पानी के वजह से भी इंफेक्शन होता है, बच्चों को उबला हुआ पानी पिलाएं और खुद भी यही पिएं। साफ-सफाई का खास तौर पर ध्यान रखें मच्छरों से बचने के लिए घर और आस-पास गंदगी न होने दें और जर्म्स रिपेलेंट लिक्विड का इस्तेमाल करें।

### डॉक्टर की सलाह लें

बच्चों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है और बीमारियां उनपर जल्दी हमला करती हैं। तो इस मौसम में बच्चों में बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। बारिश में बीमारियों से बचाने के लिए बच्चों को गंदगी से दूर रखें।

### बच्चों को भींगने से बचाएं

बारिश में बच्चों को भीगने न दें। अगर वे स्कूल से लौटते वक्त भीग जाएं तो तुरंत उन्हें साफ पानी से नहालाएं और हीटर या आग से सर्दी को दूर करें।

# इस प्रकार करें जुड़वा बच्चों की देखभाल



बच्चों को पालना आसान नहीं होता है। फिर चाहे एक ही बच्चा एक ही क्यूं ना हो। ऐसे में अगर आपका साथी भी नहीं है तो मुश्किलें थोड़ी बढ़ सकती है। पर आप परेशान ना हो। दोनो बच्चों की परवरिश के लिए आप किसी अन्य परिवारजन या दोस्त की मदद ले सकती है। हो सकता है वो रातभर आपके पास ना रूक सकते हो पर दिन में तो आपके लिए बाहर से सामान लाने और खाना बनाने जैसे कामों में मदद कर सकते है। अगर आपके लिए संभव हो तो आप आय रख लें। वो भी आपके लिए सुविधाजनक रहेगी। अभिनेत्री और गायिका जेनिफर लोपेज को अपने जुड़वा बच्चों-मैक्स और एमी की परवरिश अकेले ही कर रहीं है। ऐसी कई महिलाएं है जो अपने जुड़वा बच्चों को अकेले पाल रहीं है, उनकी परवरिश के लिए कुछ तरीके जो मददगार साबित हो सकते है।

### क्लब में शामिल हो

जुड़वा बच्चों की परवरिश के लिए बाजार में कई तरह की किताबें मौजूद है, आप बच्चों के जन्म से पहले ही उनको जरूर पढ़े। ये आपको बहुत काम आएगी। साथ ही पता करे अगर आपके आसपास जुड़वा बच्चों के लिए कोई क्लब हो तो उसे ज्वाइन कर लें। ये आपकी मेहनत को भी बचाएगा साथ ही बच्चों के लिए भी बेहतर रहेगा।

### धैर्य रखें

ध्यान रहें कि बच्चा एक ही क्यों ना हो तब भी उसकी परवरिश के लिए बहुत धैर्य रखना पड़ता है। ऐसे में अगर आपके जुड़वा बच्चे है तो आपको ज्यादा धैर्य का रखने की जरूरत पड़ेगी। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो बहुत जल्दी आपको चिड़चिड़हट का अनुभव होने लगेगा। जो आपकी परेशानी को बांटने के अलावा कुछ नहीं करेगा। अपने मां-बाप से बात करें, उनसे टिप्स लें। आपको बहुत आसानी होगी।

# बचपन से पौष्टिक भोजन खाने प्रेरित करें



स्वस्थ खाना, बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद जरूरी है। स्वस्थ खाने से बच्चे ऊर्जावान बने रहते हैं तथा बच्चों का दिमाग भी तेज होता है। बच्चों में स्वस्थ खाने की आदत भी परिवार के सदस्य ही डाल सकते हैं। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि बच्चों को हर खाद्य पदार्थ के अच्छे और बुरे पहलुओं से अवगत कराया जाए जिससे बच्चों में बचपन से ही स्वस्थ और अच्छे खान पान की आदत बन जाए।

### जंक फूड के नुकसान

जंक फूड की ओर बच्चे जल्दी आकर्षित होते हैं लेकिन बच्चों को यह बताना बेहद जरूरी है कि जंक फूड शरीर को किसी भी मायने में फायदा नहीं पहुंचाता। बच्चों को वही भोजन देना चाहिए जो पोषक तत्वों से भरपूर हो। अच्छे पोषक तत्व मोटापा, कमजोर हड्डियां आदि से बचने में सहायता करते हैं।

### बच्चों के लिए आवश्यक पोषक तत्व

बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए जरूरी है कि हम ऐसे आहार का पालन करें जिससे बच्चें को पूरे पोषण मिल सकें। इसके लिए नीचे दिए गए डाइट प्लान का भी पालन किया जा सकता है।

**होल ग्रेन** : इसके अंतर्गत बच्चों को व्हीट पेन केक, मल्टीग्रेन टोस्ट, व्हीट ब्रेड का सैंडविच, ब्राउन राइस आदि दिए जा सकते हैं। अन्य होल ग्रेन भी बच्चों को स्वादिष्ट रूप में दिए जा सकते हैं। अनाज का दलिया, अनाज का आटा, मक्का और गेहूं की रोटियां आदि दी जा सकती हैं।

**प्रोटीन** : बच्चों को प्रोटीन की वैरायटी आहार के रूप में लेने के लिए प्रोत्साहित करें जैसे अंडे, मछली, चिकन, बेक्ड बीन और दालें आदि।

**विटामिन और खनिज** : विटामिन और खनिज की आपूर्ति के लिए एक बार चिकित्सक से परामर्श करें। बच्चे के वजन और आयु के हिसाब से बेहतर परामर्श मिल सकेगा।

**आयरन** : आयरन खून बनने के लिए एक महत्त्वपूर्ण खनिज है। हरी पत्तेदार सब्जी, आयरन के अच्छे स्त्रोत हैं। रोजाना बच्चों के भोजन का एक हिस्सा हरी सब्जियों का होना चाहिए।

**फल और सब्जियां** : फल और सब्जियों को स्नैक्स के तौर पर भी दिया जा सकता है। इसके अलावा सब्जियों का सूप बनाकर भी दिया जा सकता है। फल और सब्जियों में विटामिन और खनिज की मात्रा ज्यादा होती है। विटामिन और खनिज स्वस्थ त्वचा, अच्छी ग्रोथ, विकास और संक्रमण से लड़ने के लिए आवश्यक हैं। सब्जियों में फाइबर भरपूर मात्रा में होती है जिसमें विटामिन ए, सी और सुक्ष्म पोषक जैसे मैग्नीशियम और पोटेशियम पाया जाता है। सब्जियों में एंटीऑक्सीडेंट भी पाया जाता है जो बच्चों के शरीर को बीमारियों से लड़ने की शक्ति देता है। विटामिन बी से भरपूर खाना साबुत अनाज, मांस और डेयरी प्रोडेक्टस है।

**दूध और डेयरी उत्पाद** : पनीर, दही, दूध से बनी पुडिंग आदि को शामिल करें। फुल क्रीम दूध भी बच्चों को दिया जा सकता है।चीनी की मात्रा कम करें।बच्चों को आर्टिफिशियल शुगर लेने से रोकें, जैसे आर्टिफिशियल ड्रिंक, जूस आदि

किसी भी भोज्य पदार्थ को कम चीनी के साथ स्वादिष्ट बनाकर बच्चों को खिलाने की आदत डालें।प्रोसेस्ड फूड से बच्चों को दूर रखें जैसे कि सफेद ब्रेड और केक आदि।घर पर फलों और सब्जीयों को डालकर फ्रोजन करें और बच्चों की ड्रिंक्स में मिलाएं। बच्चों को घर पर ताजा जूस तैयार करके दें।



### नमक की मात्रा कम करें

एक टी-स्पून चम्मच में 2300 मिलीग्राम सोडियम होता है। ऐसे में बच्चों को कम नमक दें।रेस्टोरेंट, प्रोसेस्ड और पैक्ड फूड से बच्चों को दूर रखें। ऐसे भोज्य पदार्थों में सोडियम होता है जो बच्चों को नुकसान पहुंचाता है।डिब्बाबंद सब्जियों और फलों की जगह ताजे फल और सब्जियां खाने को दें।आलू चिप्स, फिंगर चिप्स आदि को कम खिलाएं।

### हेल्दी फैट भी है जरूरी

मोनो अन-सैचूरेटेड फैट जो पौधों से निकलने वाली वसा जैसे कनोला तेल, मूंगफली का तेल, जैतून का तेल और सूखे मेवे जैसे अखरोट, बादाम और कूद्दू और सीसम के बीज में पाया जाता है

पोली अन- सैचुरेटेड फैट जिसमें ओमेगा-3 और ओमेगा-6 शामिल रहता है। यह मछली, मक्का, सोयाबीन, फ्लैक्स सीड और अखरोट आदि में मिलता है।ट्रांस फैट जो टॉफियों, चॉकलेट, बेक्ड खाद्य पदार्थों, बिस्किट आदि में पाया जाता है।

# बच्चों को लेने दें पूरी नींद



बच्चों की उम्र के अनुसार नींद होनी चाहिये। अगर यह कम होती है तो उन्हें अनेक प्रकार की बीमारियों का खतरा बना रहता है। इसलिए अगर आपके बच्चे को भी पर्याप्त नींद नहीं मिलती तो उसकी आदत बदल दें। रात में पर्याप्त नींद नहीं लेने वाले बच्चों को टाइप 2 मधुमेह होने का खतरा अधिक होता है। अनुसंधानकर्ताओं ने नौ से 10 आयुवर्ग के 4525 बच्चों के शारीरिक माप, उनके रक्त के नमूने और प्रश्नावली आंकड़ा एकत्र किया। उन्होंने पाया कि जो बच्चे अधिक देर तक सोते हैं उनका वजन अपेक्षाकृत कम होता है। नींद के समय का इनसुलिन, इनसुलिन प्रतिरोधक और रक्त में ग्लुकोज के साथ विपरीत संबंध है यानी यदि नींद का समय अधिक होगा तो इनसुलिन, इनसुलिन प्रतिरोधक और रक्त में ग्लुकोज का स्तर कम होगा। स्वास्थ्य सेवा के अनुसार 10 साल के बच्चे को 10 घंटे की नींद मिलनी चाहिये।बचपन में पर्याप्त नींद के संभावित लाभों का फायदा युवावस्था में स्वास्थ्य को मिल सकता है।वहीं बच्चों में चिढ़िचढापन और अनेक तरह की बीमारियां मात्र नींद पूरी नहीं होने के कारण भी होती हैं। एक शोध में कहा कि एडीएचडी के लक्षण 70 फीसदी ऐसे बच्चों में पाए गए, जिन्हें नींद आने में दिक्कत होती है! प्रमुख शोधकर्ता मेलिस्सा मुलरेनी के अनुसार, सोने के समय की नियमित आदतों में सुधार से एडीएचडी पीड़ित बच्चों में खास अंतर लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शोधकर्ताओं ने संकेत दिया कि एडीएचडी ऐसे बच्चे, जिनकी दिनचर्या एक सी होती है, वे सोते समय कम परेशान रहते हैं और आसानी से सो जाते हैं।



# पेड्डी में होगा दमदार ट्रेन एक्शन

राम चरण अपनी अपकमिंग फिल्म 'पेड्डी' की शूटिंग में व्यस्त हैं, जो एक स्पोर्ट्स-ड्रामा फिल्म है लेकिन इसमें जबरदस्त एक्शन भी शामिल है। फिल्म का निर्देशन 'उप्पेना' फेम बुच्ची बाबू सना कर रहे हैं और इसे माइथ्री मूवी मेकर्स व सुकुमार राइटिंग्स मिलकर प्रजेंट कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म का एक धमाकेदार ट्रेन एक्शन सीन हैदराबाद में बनाए गए विशाल सेट पर शूट किया जा रहा है, जिसे इंडियन सिनेमा में अब तक का सबसे अनोखा सीन बताया जा रहा है। इससे पहले फिल्म के कुछ सीन्स एक गांव के सेट पर फिल्माए गए थे। फिल्म में न केवल खेल भावना बल्कि सामाजिक मुद्दों और व्यक्तिगत संघर्षों को भी दिखाया जाएगा। राम चरण इसमें एक क्रिकेट खिलाड़ी के किरदार में नजर आएंगे जो अपनी जिंदगी में कई मोड़ों से गुजरता है। पहले टीज़र ने दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी थी। 'पेड्डी' में नयापन, बड़ा बजट और मजबूत कहानी तीनों का संगम देखने को मिलेगा। उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म राम चरण के करियर की एक और बड़ी हिट साबित होगी।

### पारस छाबड़ा को सता रहा मरने का डर

टीवी एक्टर और बिग बॉस 13 फेम पारस छाबड़ा हाल ही में वृंदावन के आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज की शरण में पहुंचे। वहां वे भावुक होकर रोते दिखे और अपने जीवन की परेशानियों को साझा किया। पारस ने कहा कि एक समय था जब वे डिप्रेशन, नकारात्मक विचारों और डर से घिरे हुए थे। उन्हें लगता था कि उन्हें कैंसर है और वे मर जाएंगे। उन्होंने बताया कि वे तीन-चार साल तक घर से बाहर नहीं निकले। पारस ने गुरुजी की सलाह पर आध्यात्मिक रास्ता अपनाया और राधा रानी का नाम जपना शुरू किया। उनकी मां पहले ही वृंदावन चली गई थीं और वहीं उन्होंने एक घर भी खरीदा। पारस अब पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं और खुद को मानसिक रूप से स्वस्थ बता रहे हैं। उनके साथ एक्टर करण खंडेलवाल भी पहुंचे थे। पारस का यह खुलासा बताता है कि ग्लैमर की दुनिया के पीछे छिपे दर्द और मानसिक स्वास्थ्य से जूझने वाले सितारों की संख्या बढ़ रही है।





### हम दिल दे चुके सनम' का जादू अब भी बरकरार

संजय लीला भंसाली की क्लासिक फिल्म हम दिल दे चुके सनम ने 26 साल बाद भी अपनी खूबसूरती और इमोशनल अपील से लोगों का दिल जीता हुआ है। फिल्म में सलमान खान, ऐश्वर्या राय और अजय देवगन की दमदार एक्टिंग के साथ भव्य सेट्स, शुद्ध भारतीय संगीत और गहराई लिए संवाद थे। फिल्म न सिर्फ एक प्रेम त्रिकोण थी, बल्कि भारतीय संस्कृति और बलिदान की भावना को भी बखूबी दर्शाती है। इसकी सिनेमैटोग्राफी, खासतौर पर गुजरात और इटली में शूट हुए दृश्य, अब भी यादगार हैं। इस फिल्म के गाने जैसे तड़प तड़प और झोली भर के आज भी लोगों की प्लेलिस्ट में हैं। भंसाली की निर्देशन शैली, कहानी कहने का तरीका और म्यूज़िक ने इसे एक कालजयी फिल्म बना दिया है। यही वजह है कि ये फिल्म आज भी दोबारा देखे जाने लायक है।





### राहुल वैद्य बोले- देश में फैल गई नेगेटिविटी

गायक राहुल वैद्य ने हाल ही में देश में हो रही घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने मन्नारा चोपड़ा के पिता के निधन और प्लेन-चॉपर क्रैश जैसी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि देश को किसी की नज़र लग गई है। राहुल ने कहा, हर तरफ नेगेटिविटी फैली है, समझ नहीं आ रहा क्या हो रहा है। उन्होंने ये बातें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए भगवान से देश के हालात बेहतर करने की प्रार्थना की। वहीं, राहुल इन दिनों लाफ्टर शेफ 2 में नज़र आ रहे हैं, जहां उनकी जोड़ी बिग बॉस 14 की विजेता रुबीना दिलैक के साथ है। शो में दोनों की खट्टी-मीठी नोकझोंक दर्शकों को पसंद आ रही है। रुबीना और राहुल की बिग बॉस में टक्कर चर्चा में रही थी। मन्नारा चोपड़ा भी शो के कुछ एपिसोड में नजर आई थीं। राहुल ने ये बयान एक संवेदनशील माहौल में दिया, जब जनता कई नेगेटिव खबरों से प्रभावित हो रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### एयर इंडिया की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में 20 प्रतिशत की गिरावट

नई दिल्ली,(ईएमएस)। एयर इंडिया की फ्लाइट के भयावह हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। हादसे का असर सिर्फ भावनात्मक नहीं, बल्कि एयरलाइन की कारोबारी स्थिति पर भी साफ दिख रहा है। घटना के बाद यात्रियों के मन में डर बैठ गया है और इसका नतीजा यह हुआ है कि एयर इंडिया की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बुकिंग में करीब 20 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि किराए में भी 8 से 15 प्रतिशत तक की कटौती की गई है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के अध्यक्ष रवि गोसाईं ने यह जानकारी दी। आईएटीओ अध्यक्ष के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद इंटरनेशनल रूट्स पर बुकिंग में 18-22 प्रतिशत और घरेलू फ्लाइट्स में 10-12 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। उन्होंने दो टूक कहा कि यह रुझान फिलहाल अस्थायी और भावनात्मक प्रतिक्रिया जैसा प्रतीत होता है। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि समय के साथ स्थिति सामान्य हो सकती है, क्योंकि एयर इंडिया पर किसी प्रणालीगत सुरक्षा चूक का आरोप नहीं है और डीसीसीए जैसे नियामक संस्थानों ने इसकी अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के पालन की पुष्टि की है। हादसे के बाद एयर इंडिया ने किराये में भी कटौती की है। घरेलू रूट्स पर किराया 8-12 प्रतिशत कम हुआ है। इंटरनेशनल रूट्स, खासकर यूरोप और दक्षिण-पूर्व एशिया की उड़ानों पर 10-15 प्रतिशत तक की कमी देखी गई है।

### संभव स्टील ट्यूब्स आईपीओ 25 जून को, प्राइस बैंड का ऐलान

मुंबई,(ईएमएस)। संभव स्टील ट्यूब्स आईपीओ के प्राइस बैंड का ऐलान हुआ है। कंपनी ने 77 रुपये से 82 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। संभव स्टील ट्यूब्स आईपीओ 25 जून को आएगा। निवेशकों के पास 27 जून तक आईपीओ पर दांव लगाने का मौका रहेगा। बात दें कि संभव स्टील ट्यूब्स ने बताया है कि वे प्राइमरी मार्केट से 540 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ ला रहे हैं। इस आईपीओ में फ्रेश इश्यू और ऑफर फार सेल दोनों शामिल रहेगा। कंपनी ऑफर फार सेल के द्वारा 1.22 करोड़ शेयर और फ्रेश इश्यू के द्वारा 5.37 करोड़ शेयर जारी करेगी। संभव स्टील ट्यूब्स आईपीओ का लॉट साइज 182 शेयरों का है। जिसकी वजह से किसी भी रिटेल निवेशक को करीब 14,924 रुपये का दांव लगाना होगा। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को एक शेयर पर 4 रुपये की छूट दी है। क्योंकि यह एक मेनबोर्ड आईपीओ है। इसलिए संभव स्टील ट्यूब्स की लिस्टिंग बीएसई और एनएसई दोनों जगह होगी। क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए अधिकतम 50 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित रहेगा। वहीं, रिटेल निवेशकों के लिए करीब 35 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित रहेगा। एनआईआई के लिए करीब 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रहेगा।

### ब्रोकरेज हाउस ने इस शेयर पर दिखाया भरोसा, 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी आएगी

मुंबई,(ईएमएस)। बीते एक साल से स्टॉक मार्केट में संघर्ष कर रहे स्टॉक टाटा मोटर्स के प्रदर्शन को लेकर ब्रोकरेज हाउस ने बड़ी भविष्यवाणी की है। ब्रोकरेज हाउस का कहना हैं कि कंपनी के शेयरों में 20 प्रतिशत से अधिक की तेजी प्राप्त करने की क्षमता है। बता दें, शुक्रवार को मार्केट की तेजी में टाटा मोटर्स के शेयरों में भी बढ़त दिखाई दी थी। रिपोर्ट के अनुसार टाटा मोटर्स लिमिटेड के शेयरों को ब्रोकरेज फर्म ने आउटपरफॉर्म रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस की ओर से टाटा ग्रुप के स्टॉक का टारगेट मूल्य 830 रुपये प्रति शेयर सेट किया है। ब्रोकरेज हाउस का कहना है कि जगुआर और लैंडरोवर एक लक्जरी ब्रांड बनने की ओर अग्रसर हो रहे है। टाटा मोटर्स का फोकस है कि पैसेंजर वाहन सेगमेंट में उसका मार्केट शेयर बढ़े। इसके लिए कंपनी अलग-अलग मॉडल लांच कर रही है। वहीं, टाटा मोटर्स इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में भी तेजी से काम कर रही है। कंपनी ने ईवी सेगमेंट के लिए जो टारगेट रखा है, उस टारगेट को 2030 में हासिल कर लेगी। बता दें, टाटा मोटर्स की कुल सेल्स का 15 प्रतिशत ईवी सेगमेंट से आता है। अपनी प्रतिद्वंदी कंपनी हुंडई, मारुति की तुलना में टाटा मोटर्स ईवी सेगमेंट में अच्छा काम कर रही है।
बीते एक साल में टाटा मोटर्स के शेयरों का भाव 30 प्रतिशत टूट चुका है। कंपनी ने 2 साल में करीब 16 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 30 प्रतिशत की तेजी आई है।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया के तीन अधिकारियों को हटाने को कहा

मुंबई (ईएमएस)। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के तीन अधिकारियों को चालक दल कार्यसूची से संबंधित सभी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से हटाने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। डीजीसीए ने अपने आदेश में टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन से इन अधिकारियों के खिलाफ बिना देरी किए आंतरिक अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को भी कहा। डीजीसीए के आदेश के अनुसार तीन अधिकारियों में एयरलाइन का एक डिवीजनल उपाध्यक्ष भी शामिल है।

### आरबीआई ने गोल्ड लोन के नियमों में किया बदलाव

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत में गोल्ड लोन के नियमों में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में बड़ा बदलाव किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अब 2.5 लाख से 5 लाख रुपये तक के गोल्ड लोन पर सोने की कीमत के 80 फीसदी तक ऋण दिया जा सकेगा, जबकि 5 लाख रुपये से अधिक के लोन के लिए यह सीमा घटाकर 75 फीसदी कर दी गई है। यह बदलाव 1 अप्रैल 2026 तक सभी संबंधित संस्थानों द्वारा लागू करना अनिवार्य होगा। गोल्ड लोन की राशि का निर्धारण सोने की शुद्धता और मार्केट कीमत के आधार पर होता है। आमतौर पर 22 कैरेट सोना गिरवी रखा जाता है। उदाहरण के तौर पर यदि 22 कैरेट सोने की प्रति ग्राम कीमत 9,000 रुपये हो, तो 10 ग्राम सोने की कुल कीमत 90,000 रुपये होगी। 75 फीसदी लोन-टू-वैल्यू के हिसाब से, आप लगभग 67,500 रुपये तक का गोल्ड लोन प्राप्त कर सकते हैं। यह राशि लोन लेने के समय सोने की मार्केट वैल्यू और शुद्धता के अनुसार थोड़ी बढ़ या घट सकती है। गोल्ड लोन लेने के लिए आप बैंक या नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनी (एनबीएफसी) दोनों विकल्पों में से चुन सकते हैं। बैंक आमतौर पर कम ब्याज दर पर लोन देते हैं, लेकिन प्रक्रिया में थोड़ा अधिक समय लग सकता है। वहीं एनबीएफसी से गोल्ड लोन जल्दी अप्रूव हो जाता है लेकिन ब्याज दर थोड़ी ज्यादा होती है।

### एनएसई के आईपीओ में कोई भी रुकावट नहीं रहेगी : सेबी प्रमुख




मुंबई (ईएमएस)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि एनएसई के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए कोई रुकावट उत्पन्न नहीं होगी। सेबी प्रमुख ने बहुप्रतीक्षित आईपीओ के दिवाली से पहले आने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर कोई समयसीमा साझा करने से इनकार कर दिया। उन्होंने यहां एफई सीएफओ अवॉर्ड्स समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसई के आईपीओ के मामले में कोई भी बाधा नहीं रहेगी। पांडेय ने दोहराया कि सेबी शेयर बाजारों द्वारा समाशोधन निगम का स्वामित्व रखने से सहमत है और यह स्वामित्व एनएसई के आईपीओ की दौड़ में कोई 'बाधा नहीं है। उन्होंने बताया कि समाशोधन निगम के स्वामित्व के मामले में हर देश के अपने मॉडल होते हैं। अमेरिका में ब्रोकर इसके मालिक हैं जबकि भारत में वे अलग-अलग इकाई के रूप में काम करते हैं। मार्च में सेबी प्रमुख का पदभार संभालने वाले पांडेय ने कहा कि एनएसई कुछ कानूनी प्रक्रियाओं को निपटाने की प्रक्रिया में है, जिसमें कुछ राशि का भुगतान करना और कुछ मामलों को वापस लेना शामिल है। हालांकि, उन्होंने निपटान की सटीक प्रकृति और किए जाने वाले भुगतानों के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी।

## हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन भारतीय बाजार रहा गुलजार, लौटा निवेशकों का भरोसा

# सेंसेक्स ने लगाई 1000 अंकों की छलांग, निफ्टी 25000 के पार

नई दिल्ली : हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को भारतीय बाजार गुलजार रहा। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के बीच वित्तीय, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में सौदेबाजी से पिछले तीन सत्रों की गिरावट के बाद घरेलू बाजार में हरियाली आई। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1046.30 अंक या 1.29 प्रतिशत उछलकर 82,408.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.62 अंक या 1.39 प्रतिशत बढ़कर 82,494.49 अंक पर पहुंच गया। वहीं, एनएसई निफ्टी 319.15 अंक या 1.29 प्रतिशत बढ़कर 25,112.40 अंक पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 14 पैसे बढ़कर 86.59 पर बंद हुआ।

#### पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की संभावना ने बाजार को सहारा दिया

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और ईरान के साथ अमेरिकी वार्ता की संभावना के कारण इक्विटी सूचकांक में तेजी आई। इन संभावनाओं ने सैन्य कार्रवाई का जोखिम कम किया, इससे कच्चे तेल की कीमतों में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि व्यापक बाजार में वोलैटिलिटी इंडेक्स (VIX) में तेज गिरावट आई। साथ ही, फाइनेंस, ऑटो और रियल एस्टेट जैसे सेक्टरों में अच्छी खरीदारी देखी गई है। निवेशकों को उम्मीद है कि दरों में कटौती, महंगाई में कमी और उपभोक्ता खर्च में तेजी के कारण वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में बेहतर नतीजे देखने को मिल सकते हैं।




#### क्या रहा सेंसेक्स कंपनियों का हाल?

सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, इटरनल और एचडीएफसी बैंक सर्वाधिक लाभ में रहे। इसके विपरीत मारुति एकमात्र पिछड़ी कंपनी थी।
बीएसई मिडकैप सूचकांक में 1.20 प्रतिशत तथा स्मॉलकैप सूचकांक में 0.55 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। बीएसई के सभी क्षेत्रीय सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। दूरसंचार (2.73 प्रतिशत), रियल्टी (2.22 प्रतिशत), टेक (1.42 प्रतिशत), पूंजीगत सामान (1.17 प्रतिशत), बैंकेक्स (1.15 प्रतिशत), उपभोक्ता विवेकाधीन (1.12 प्रतिशत) और धातु (1.10 प्रतिशत) में तेजी रही।

#### यूरोपीय बाजार में हुई बढ़त

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। मध्य सत्र के कारोबार में यूरोप के बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार गुरुवार को जूनटीन्थ अवकाश के कारण बंद रहे।

#### विदेशी निवेशकों की लगातार खरीदारी से बाजार में दिखी मजबूती

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि विदेशी निवेशकों की ओर से कैश सेगमेंट में लगातार खरीदारी भी बाजार को मजबूती देती रही। मिश्रा ने कहा कि किसी भी प्रमुख घरेलू घटना के अभाव में वैश्विक बाजार धारणा को दिशा देते रहेंगे।

#### ब्रेंट क्रूड का भाव गिरकर 77.33 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.93 प्रतिशत गिरकर 77.33 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 934.62 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी 605.97 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। गुरुवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 82.79 अंक या 0.10 प्रतिशत गिरकर 81,361.87 पर बंद हुआ। निफ्टी 18.80 अंक या 0.08 प्रतिशत गिरकर 24,793.25 पर बंद हुआ।

## गर्व की बात, फिरंगियों के देश में भारतीय कंपनियों का दबदबा

मुंबई,(ईएमएस)। फिरंगियों के देश यानी यूके में भारतीय कंपनियों का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां भारतीय कंपनियों की संख्या में रिकॉर्ड तेजी देखी जा रही है। सिर्फ संख्या में तेजी ही नहीं, बल्कि कमाई भी खूब बढ़ी है। दरअसल, एक कारोबारी संगठन ने ये विश्लेषण किया है।
विश्लेषण के अनुसार, ब्रिटेन में काम कर रही भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों की संख्या में बीते साल के मुकाबले 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस साल यह संख्या 1197 तक पहुंच गई है। यह सालाना वृद्धि की सबसे तेज गति है। साथ ही ब्रिटेन में भारतीय स्वामित्व वाली कंपनियों का संयुक्त राजस्व साल 2024 में 68.09 अरब पाउंड (करीब 7932 अरब रुपये) से बढ़कर 72.14 अरब पाउंड (करीब 8404 अरब रुपये) हो गया है।
ये व्यवसाय पूरे यूके में 1.27 लाख लोगों को रोजगार देते हैं। बीते साल 8000 से अधिक नए रोजगार जोड़े हैं। साल 2025 ट्रैकर कंपनियों ने 42 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर और 32.6 अरब पाउंड का संयुक्त कारोबार हासिल किया। इन फर्मों ने 67.3 मिलियन पाउंड का कॉर्पोरेशन टैक्स भी दिया और 56 हजार से अधिक नौकरियां पैदा कीं। आईजीएफ के अध्यक्ष मनोज लाडवा ने कहा कि इस वर्ष का इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर इस बात को रेखांकित करता है कि भारतीय कारोबार यूके के साथ एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार और निवेश केंद्र के रूप में कितने जुड़े हुए हैं।
उन्होंने कहा कि यूके और भारत के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से इंडिया ग्लोबल फोरम का यूके-इंडिया फ्यूचर फोरम एक महत्वपूर्ण आधुनिक मंच बन रहा है। लाडवा ने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि यूके में भारतीय निवेश न केवल बढ़ रहा है बल्कि फल-फूल भी रहा है। वहीं यूके एक्सपर्ट ने भी भारतीय कंपनियों की बढ़ती संख्या और रेवेन्यू को सराहा।
साल 2025 ट्रैकर में विप्रो आईटी सर्विसेज यूके सोसाइटस 448 प्रतिशत राजस्व वृद्धि के साथ विकास रैंकिंग में सबसे ऊपर है। इसके बाद आईटी मैनेजमेंट फर्म जोहो कॉर्पोरेशन लिमिटेड है जिसने 197 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। कुल मिलाकर 20 कंपनियां 2025 में पहली बार ट्रैकर में शामिल हुईं, जबकि 41 कंपनियां पिछले साल से ट्रैकर पर बनी रहीं। भारतीय कंपनियों के लिए लंदन पसंदीदा जगह बनी हुई है। यहां कुल भारतीय कंपनियों में से 47 फीसदी का हेडक्वार्टर है।

## भारत का योग मार्केट 2030 तक 12,667 अरब डॉलर का होगा!

#### ग्रोथ सालाना 12.2 फीसदी की दर से हो रही है

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत का योग मार्केट 2023 में 5,672.7 अरब अमेरिकी डॉलर था और 2030 तक यह बढ़कर 12,667 अरब डॉलर हो जाएगा। यह ग्रोथ सालाना 12.2 फीसदी की दर से हो रही है, जो किसी भी इंडस्ट्री के लिए बेहद प्रभावशाली आंकड़ा है। आश्चर्य की बात यह है कि यह विकास न सिर्फ घरेलू बाजार में है बल्कि भारत दुनिया भर में योग को एक एक्सपोर्टेबल प्रोडक्ट के रूप में पेश कर रहा है। इससे न सिर्फ भारत की छवि विश्वगुरु के रूप में मजबूत हुई है, बल्कि रोजगार, विदेशी मुद्रा और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में भी नई जान फूंकी है। यह रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि भारत न सिर्फ अपनी पारंपरिक योग विद्या को पुनः स्थापित कर रहा है, बल्कि उसे वैश्विक व्यापार में बदलकर रोजगार, निर्यात और पर्यटन जैसे कई क्षेत्रों को गति भी दे रहा है। यह ट्रेंड दिखाता है कि योग अब 'स्पिरिचुअल से सर्विस सेक्टर' तक की यात्रा तय कर चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में सबसे ज्यादा कमाई ऑफलाइन योग कोर्स से हुई, जहां लोग योग स्टूडियो, कैंप और वर्कशॉप्स में भाग लेते हैं। हालांकि आने वाले वर्षों में 'ऑनलाइन योग कोर्स' सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेगमेंट साबित होगा। यह जानकारी एक अध्ययन से सामने आई, जो कहता है कि कोविड-19 महामारी के बाद लोगों की जीवनशैली में आए बदलाव ने योग को डिजिटल रूप दे दिया है।

## तेल की कीमतों में तीन साल की सबसे बड़ी बढ़त दर्ज की गई

नई दिल्ली (ईएमएस)। ईरान और इज़राइल के बीच चल रहे तनाव ने वैश्विक ऊर्जा बाजारों को झकझोर दिया है। बीते दिनों कच्चे तेल की कीमतों में एक ही दिन में बीते तीन वर्षों की सबसे बड़ी बढ़त दर्ज की गई। तेल की कीमतों में उछाल ने भारत समेत कई तेल आयातक देशों के लिए गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि इस संघर्ष का वैश्विक आपूर्ति पर भी असर पड़ा है और भारत भी प्रभावित हो सकता है। अगर ईरान पर इजराइल और अमेरिका का दबाव बढ़ता है तो वह तेल की आपूर्ति रोक सकता है। खाड़ी क्षेत्र के अन्य उत्पादक देशों की तेल साइट्स भी ईरानी मिसाइलों की रेंज में हैं। इससे सप्लाई ठप हो सकती है और कीमतों में अप्रत्याशित तेजी आ सकती है, जिसका असर भारत पर भी होगा। ईरान वैश्विक क्रूड ऑयल आपूर्ति में लगभग 2 फीसदी का योगदान देता है। खरग द्वीप के ज़रिए ईरान का 90 फीसदी तेल निर्यात होता है लेकिन हालिया सैटेलाइट इमेज से शिपमेंट में गिरावट सामने आई है। वहीं, होर्मुज जलडमरूमध्य – जहां से 20 फीसदी वैश्विक तेल आता-जाता है, अभी चालू है लेकिन खतरा मंडरा रहा है। तेल संकट की स्थिति में दुनिया की उम्मीदें सऊदी अरब और यूएई पर टिकी होंगी। दोनों मिलकर 30-40 लाख बैरल अतिरिक्त उत्पादन कर सकते हैं। सऊदी अरब पहले ही 12.7 मिलियन बैरल प्रतिदिन उत्पादन कर रहा है और इसके पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल भंडार है। भारत अपनी तेल जरूरतों का 85-88 फीसदी आयात करता है, मुख्य रूप से इराक, सऊदी अरब, रूस और यूएई से।

## स्विस बैंक में पैसा जमा करने से बच रहे भारतीय 10 साल में आई 18 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली : स्विस बैंक में पैसा जमा करने से भारतीयों का मोहभंग होता जा रहा है। स्विस बैंक में भारत के लोग अब अपनी रकम कम जमा कर रहे हैं। स्विस नेशनल बैंक (एसएनबी) के आंकड़ों के मुताबिक 10 साल में बैंक में भारतीयों की ओर से पैसा जमा करने में 18 फीसदी गिरावट आई है। डाटा में बताया गया है कि 2015 में बैंक में भारतीयों की जमा रकम लगभग 425 मिलियन स्विस फ्रैंक थी। जो 2024 में 346 मिलियन स्विस फ्रैंक हो गई। स्विस नेशनल बैंक के आंकड़ों में बताया गया कि भारतीय जमा राशि में कोविड-19 के दौरान इजाफा हुआ था। तब बैंक में भारतीयों की 602 मिलियन स्विस फ्रैंक रकम जमा थी। जो 10 साल के उच्च स्तर को छू गई थी। महामारी के बाद जमा में गिरावट शुरू हो गई। 2023 में यहां भारतीयों की 309 मिलियन स्विस फ्रैंक रकम जमा थी, लेकिन 2024 में 37 मिलियन स्विस फ़्रैंक बढ़कर 346 मिलियन स्विस फ्रैंक तक पहुंच गई।

#### अन्य देशों की जमा रकम में भी आई गिरावट

भारत के साथ ही अन्य देशों की जमा रकम में भी गिरावट आई है। उदाहरण के लिए यूके के नागरिकों की जमा राशि 2015 में 44 बिलियन स्विस फ्रैंक से घटकर 2024 में 31 बिलियन स्विस फ्रैंक हो गई। जबकि चीनी जमा राशि में भी गिरावट रही। जो 5.01 बिलियन स्विस फ़्रैंक से घटकर 4.3 बिलियन स्विस फ्रैंक हो गई।
भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिकों की जमा रकम में भी गिरावट आई। आंकड़ों के अनुसार 2015 में पाकिस्तानियों की जमा राशि 947 मिलियन स्विस फ्रैंक थी, जो 2024 तक 241 मिलियन स्विस फ्रैंक तक गिर गई। बांग्लादेशी नागरिकों की जमा राशि भी कम हुई है।

#### इस वर्ष मई में कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए कम हुई महंगाई

नई दिल्ली (ईएमएस)। कृषि श्रमिकों (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण श्रमिकों (सीपीआई-आरएल) के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति दर सालाना आधार पर इस साल मई में घटकर क्रमशः 2.84 प्रतिशत और 2.97 प्रतिशत रह गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह क्रमशः 7 प्रतिशत और 7.02 प्रतिशत दर्ज की गई थी। यह जानकारी श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार उजागर की गई है। मासिक आधार पर भी मुद्रास्फीति दर में कमी दर्ज की गई है। इससे पहले अप्रैल में सीपीआई-एएल के लिए मुद्रास्फीति दर 3.48 प्रतिशत और सीपीआई-आरएल के लिए मुद्रास्फीति दर 3.53 प्रतिशत थी। पिछले सात महीनों में कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए मुद्रास्फीति दर में लगातार गिरावट आ रही है। यह उन कमजोर वर्गों के लिए राहत की बात है, जो बढ़ती कीमतों से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। इससे उनके पास अधिक पैसे बचते हैं, जिससे उनकी जीवनशैली बेहतर होती है। कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए मुद्रास्फीति में गिरावट देश की समग्र उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति में पिछले वर्ष मई की तुलना में इस वर्ष मई में 2.82 प्रतिशत की गिरावट की पृष्ठभूमि में आई है।

## चीन-यूएस के बाद बिजली उत्पादन में दुनिया में सबसे आगे निकला भारत, स्वच्छ ऊर्जा बनी बड़ी ताकत

नई दिल्ली : भारत पिछले पांच वर्षों में बिजली उत्पादन क्षमता के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। बिजली उत्पादन वृद्धि में अब सिर्फ अमेरिका और चीन ही भारत से आगे हैं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में कई कारणों से बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। इनमें वाणिज्यिक एवं आवासीय स्थानों का विस्तार, एयर कंडीशनर (एसी) व अन्य घरेलू उपकरणों के इस्तेमाल में वृद्धि और उद्योगों की बढ़ती मांग शामिल है। इस मांग को पूरा करने के लिए भारत में सभी ऊर्जा स्रोतों से बिजली उत्पादन बढ़ाया गया है।
रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली उत्पादन के इस विस्तार का प्रमुख चालक अक्षय ऊर्जा की ओर मजबूत झुकाव है, क्योंकि स्वच्छ ऊर्जा और विशेष रूप से सौर फोटोवोल्टिक (पीवी) परियोजनाओं में बड़े स्तर पर निवेश किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों में भारत में गैर-जीवाश्म ऊर्जा परियोजनाओं में किए गए कुल निवेश में सौर पीवी की आधे से अधिक हिस्सेदारी रही। 2024 में भारत के बिजली क्षेत्र में किए गए कुल निवेश का 83 फीसदी हिस्सा स्वच्छ ऊर्जा पहलों पर खर्च किया गया।



#### निवेश बढ़ाने में सरकारी नीतियों की बड़ी भूमिका

भारत के बिजली क्षेत्र में विदेशी निवेश बढ़ाने में सरकारी नीतियों का अहम योगदान है, जो बिजली उत्पादन (परमाणु ऊर्जा को छोड़कर) और ट्रांसमिशन बुनियादी ढांचे से जुड़े सभी क्षेत्रों में 100 फीसदी एफडीआई की अनुमति देती है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत के ऊर्जा क्षेत्र में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में पिछले दो वर्षों में गिरावट देखी गई है। इस गिरावट का कारण व्यापक आर्थिक और क्षेत्र आधारित चुनौतियों का मिश्रण है। हालांकि, भारत के बिजली क्षेत्र में दीर्घकालिक रुझान सकारात्मक बना हुआ है।

#### स्वच्छ ऊर्जा के लिए मिला सर्वाधिक फंड

आईईए ने रिपोर्ट में दावा किया कि भारत 2024 में स्वच्छ ऊर्जा के लिए विकास वित्त संस्थान (डीएफआई) से मिलने वाली फंडिंग का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता था। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए भारत को करीब 2.4 अरब डॉलर मिले। भारत के बिजली क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) लगातार बढ़ रहा है, जो 2023 में 5 अरब डॉलर पहुंच गया। यह कोविड-19 महामारी से पूर्व के निवेश से लगभग दोगुना है।

#### 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन लक्ष्य पाने के लिए सृजित करनी होगी व्यापक मांग

देश में 2030 तक 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लक्ष्य को पाने के लिए व्यापक स्तर पर मांग सृजित करना महत्वपूर्ण है। बेन एंड कंपनी, उद्योग मंडल सीआईआई और रॉकी माउंटेन इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत रणनीतिक क्षेत्रों के चयन, मिश्रण, सार्वजनिक खरीद का लाभ उठाने और निर्यात अवसरों के साथ तालमेल बिठाकर इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। हरित हाइड्रोजन को अपनाने से जुड़े जोखिम से निपटने के लिए कच्चे माल की लागत को कम करने समेत कई उपाय करने होंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 तक तेल शोधन संयंत्रों से हरित हाइड्रोजन की मांग 20 लाख टन, उर्वरक क्षेत्र से 9 लाख टन और पाइप वाली प्राकृतिक गैस से एक लाख टन तक पहुंचने की उम्मीद है। निर्यात के मोर्चे पर हरित हाइड्रोजन निर्यात आठ से 11 लाख टन के बीच उत्पन्न हो सकता है।

# 12 दिन में खत्म हो जाएंगी इजरायली मिसाइलें!

### अमेरिका की मदद नहीं मिलने पर इजरायल का अस्तित्व संकट में



तेलअवीव (ईएमएस)। ईरान और इजरायल के बीच 9 दिन से युद्ध चल रहा है। ईरान के द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल से लगातार इजराइल पर हमले किए जा रहे हैं। ईरान की मिसाइलें इजरायल के लिए बड़ी घातक साबित हो रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी एयर डिफेंस प्रणाली रखने वाला इजरायल, ईरान की मिसाइलों का मुकाबला नहीं कर पा रहा है। ईरान से जो मिसाइलें छोड़ी जा रही हैं। उनसे इजराइल को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है।इजराइल से जवाबी कार्यवाही में जो हमले किए जा रहे हैं। वह ईरान को उतना नुकसान नहीं पहुंचा पा रहे हैं। जिसके कारण इजराइल का हथियारों का जखीरा बड़ी तेजी के साथ खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है।एक रिपोर्ट के अनुसार इजरायली सेना के अधिकारियों का अनुमान है। यदि इसी तरह से ईरान के हमले जारी रहे। तो इजरायल के पास जो इंटरसेप्टर मिसाइलें हैं। वह खत्म हो जाएंगी। जिसके कारण इजरायल की चिंता बढ़ गई है। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू अमेरिका तथा यूरोपीय देशों से लगातार हथियारों की मांग कर रहे हैं। लेकिन इजराइल को हथियार नहीं मिल पा रहे हैं। ईरान के साथ इजराइल का जो युद्ध शुरू हुआ है। उसमें अमेरिका को सहयोग करने के लिए दबाव बना रहा है। लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप समय पास कर रहे हैं।इजराइल ने कभी सोचा भी नहीं था। ईरान के पास इस तरह उन्नत किस्म की मिसाइलें होंगी। जो इजराइल के एयर डिफेंस प्रणाली को निष्प्रभावी करते हुए इजराइल को इतने बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा सकती हैं।

### युद्ध खत्म करने के कूटनीतिक प्रयास

इसराइल ने युद्ध को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर कूटनीतिक प्रयास शुरू कर दिए हैं। यूरोपीय देशों में जिसमें फ्रांस जर्मनी ब्रिटेन की चर्चा ईरान के साथ चल रही है। जिनेवा में कूटनीतिक वार्ता भी शुरू हुई है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। इस बैठक में ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस के राजनायिक शामिल हुए हैं। ईरान इस बात पर अड़ा हुआ है, इसराइल पहले अपने हमलों को बंद करे। उसके बाद ही कोई बात हो सकेगी। ईरान कोई भी शर्त मानने के लिए तैयार नहीं है। जिसके कारण अमेरिका और यूरोपीय देश जो इजरायल के समर्थन में खड़े थे। वह असमंजस की स्थिति में है। ईरान ने सख्त चेतावनी दी है। इस युद्ध में जो भी इजरायल की मदद करेगा। ईरान उनके ऊपर सीधा हमला करेगा। चाहे अमेरिका ही क्यों ना हो। चीन और रूस का समर्थन मिल जाने के बाद ईरान की ताकत कई गुना बढ़ गई है। ईरान की मिसाइलों ने सारी दुनिया के देशों को हतप्रभ कर दिया है। इनकी मारक क्षमता और तकनीकी को लेकर सारा विश्व स्तब्ध है। जिसके कारण इजरायल की मुसीबतें बढ़ गई हैं। यह कहा जा रहा है, इजराइल 12 दिनों से ज्यादा ईरान के हमले का मुकाबला नहीं कर सकता है। जिसके कारण वह जल्द से जल्द युद्ध समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ चला है।

# ईरानी विदेश मंत्री और यूरोपीय अधिकारियों के बीच कूटनीतिक वार्ता विफल



जेनेवा (ईएमएस)। इजराइल और ईरान के बीच तनाव कम करने के मकसद से घंटों चली कूटनीतिक वार्ता विफल हुई। यूरोपीय मंत्रियों और ईरान के शीर्ष राजनयिकों के बीच जेनेवा में चार घंटे तक बैठक हुई। ठीक तभी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप युद्ध में अमेरिकी सेना के हस्तक्षेप पर विचार कर रहे थे और परमाणु रिएक्टरों पर संभावित हमलों को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं।यूरोपीय अधिकारियों ने भविष्य में वार्ता की आशा व्यक्त की जबकि ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि वह आगे भी वार्ता के लिए तैयार हैं। उन्होंने इस जोर दिया कि इजराइल की ओर से लगातार हमले किए जाने के कारण ईरान को अमेरिका के साथ वार्ता करने में कोई रुचि नहीं है।उन्होंने कहा, "यदि हमले बंद हो और हमलावर को उसके अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराया जाए, तब ईरान कूटनीतिक कदमों पर विचार करने के लिए तैयार है।" वार्ता के लिए कोई अगली तारीख तय नहीं की गई है।दरअसल इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि जब तक उनका देश चाहेगा तब तक ईरान में इजराइल का सैन्य अभियान चलेगा, जिसका मकसद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और बैलिस्टिक मिसाइलों को खत्म करना है।वहीं ट्रंप ने कहा है कि वे ईरान के खिलाफ इजराइल के अभियान में अमेरिका के शामिल होने को लेकर दो सप्ताह में फैसला लूंगा।वहीं वाशिंगटन में स्थित ईरानी मानवाधिकार समूह के अनुसार, ईरान में 263 आम नागरिकों सहित कम से कम 657 लोग मारे गए हैं और 2,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इजराइली सेना के अनुमान के अनुसार, ईरान ने इजराइल पर 450 मिसाइलें और 1,000 ड्रोन दागकर जवाबी कार्रवाई की है।इजराइल ने कहा किकुद्स फोर्स के लिए फलस्तीन कोर के कमांडर सईद इज़ादी की कोम शहर के एक अपार्टमेंट में हत्या कर दी गई है। कुद्स फोर्स रिवॉल्यूशनरी गार्ड की एक विशिष्ट शाखा है जो ईरान के बाहर सैन्य व खुफिया अभियान चलाती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नाथुला दर्रे से कैलाश मानसरोवर का पहला जत्था रवाना

सिक्किम (ईएमएस)। 5 साल बाद कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए सिक्किम के नाथुला दर्रे से पहला जत्तथा रवाना हुआ है।शुक्रवार को सिक्किम के चीन-भारत की सीमा से मानसरोवर की यात्री रवाना हुए हैं।मानसरोवर समुद्र तल से 14000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। 5 साल से यह यात्रा बंद थी।जिसके कारण इस बार श्रद्धालुओं में बड़ा जोश है। बड़ी संख्या में यहां श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यह यात्रा गंगटोक से होते हुए तिब्बत से कैलाश पर्वत को जाती है।कैलाश पर्वत को हिंदू धर्म में भगवान शिव का निवास स्थान माना जाता है। भगवान आदिनाथ की तपस्या स्थली है। मानसरोवर में ब्रह्मा जी द्वारा निर्मित पवित्र झील भी है। जैन धर्म और बौद्ध धर्म के श्रद्धालुओं के लिए मानसरोवर का बहुत बड़ा धार्मिक महत्व है। भगवान ऋषभदेव ने यहां से तपस्या करके निर्माण प्राप्त किया था। जैन धर्म के वह प्रथम तीर्थंकर थे। बौद्ध धर्म के श्रद्धालु इसे रिनपोचे से जोड़ते हैं। सिक्किम राज्य की पर्यटन से, यहां की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है। बड़े पैमाने पर यात्री आने के कारण दुकान होटल और आथित्य को लेकर रोजगार के कई अवसर पैदा होते हैं।नाथुला दर्रा (सिक्कम) से होते हुए कैलाश की यह यात्रा लगभग 21 से 22 दिन में पूरी होती है। यात्रियों के लिए यहां पर स्वास्थ्य सुविधाओं का भी इंतजाम किया जाता है। यात्रियों के साथ तीन से चार डॉक्टरों का दल शामिल किया जाता है। किसी भी आपात स्थिति में उन्हें चिकित्सा उपलब्ध कराई जाती है।

### चैटजीपीटी और ओपन एआई जिम्मेदार नहीं

#### मानहानि का मुकदमा खारिज

अटलांटा (ईएमएस) । अमेरिका की सुपीरियर कोर्ट ऑफ गिवनेट काउंटी जॉर्जिया की जज टिआना पी गार्नर ने मानहानि याचिका को खारिज कर दिया है।यह याचिका रेडियो होस्ट मार्क वॉटर द्वारा दायर की गई थी।कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा, ओपन एआई का उपयोग करने से पहले ही एआई चैट जीटीपी ने संभावित गलतियों को लेकर उपयोग कर्ता को आगाह कर दिया था। कोर्ट ने कहा इसके लिए निर्माता एआई कंपनी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। वर्तमान केस में जब कोई नुकसान याचिकाकरता को हुआ ही नहीं है। ऐसी स्थिति में कोर्ट ने दायर मानहानि का केस खारिज कर दिया है। कानूनी विशेषज्ञों का कहना है यह फैसला एआई से जुड़े कानूनी विवादों में एक नजीर साबित होगा।

### ट्रंप के लिए नोबेल शांति पुरस्कार यू ही नहीं मांग रहा पाकिस्तान

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। चापलूसी में माहिर पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम नोबेल शांति पुरस्कार के लिए भेज दिया है। पाकिस्तान सरकार ने इसकी घोषणा कर बताया है ट्रंप का नामांकन मई महीने में भारत के साथ तनाव करने में उनकी भूमिका के कारण दिया गया है। लेकिन इसमें पाकिस्तान की योजना कुछ और ही है। पाकिस्तान ट्रंप को खुश करके अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करके आर्थिक और तकनीकी मदद हासिल करना चाहता है। साथ ही कश्मीर पर भी अमेरिकी समर्थन पाना चाहता है।गौरतलब है कि ट्रंप ने कश्मीर मामले में मध्यस्थता की इच्छा जाहिर की थी। हालांकि, भारत ने साफ किया है वह किसी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। कश्मीर पर बात केवल पाकिस्तान के साथ ही होगी। यह बातचीत केवल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बारे में ही होगी। नोबेल शांति पुरस्कार के लिए ट्रंप का नामांकन इसी सप्ताह पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर की वॉइट हाउस में मेजबानी के बाद आया है।एक रिपोर्ट में पाकिस्तानी अधिकारी के हवाले से बताया है कि यह कदम भारत-पाकिस्तान संकट के दौरान शांति सुनिश्चित करने में राष्ट्रपति ट्रंप की भूमिका को स्वीकार करने के बारे में है। अधिकारी ने कहा कि ट्रंप की मध्यस्थता ने तनाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और हम उनके योगदान की अंतरराष्ट्रीय मान्यता चाहते हैं।हालांकि भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत ने सैन्य टकराव के दौरान किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की मांग नहीं की या उसे स्वीकार नहीं किया। वॉइट हाउस में मुनीर की मेजबानी से कुछ घंटे पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की थी, जिसमें साफ कहा कि भारत-पाकिस्तान संघर्ष में किसी तीसरे पक्ष ने मध्यस्थता नहीं की थी।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में मुनीर की सेना के 8 सैनिकों की मौत

इस्लामाबाद (ईएमएस)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में फिर आसिम मुनीर की सेना को निशाना बनाया गया है। कालात जिले के मंगोचार डैम इलाके में लगातार तीन धमाकों से अफरा-तफरी मच गई। इन हमलों में करीब 8 पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने या घायल होने की खबर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक धमाके उस वक्त हुए जब सुरक्षाबलों का एक काफिला इलाके से गुजर रहा था।इसके पहले पाकिस्तान में एक ट्रेन को ब्लास्ट के जरिए निशाना बनाया। सिंध प्रांत के जैकोबाबाद में रेलवे ट्रैक पर हुए जोरदार धमाके ने चलती ट्रेन की छह बोगियों को पटरी से उतार दिया। इस हादसे में हालांकि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन घटना पिछले चार महीनों में जफर एक्सप्रेस पर दूसरा हमला है। जफर एक्सप्रेस ट्रेन, जो पेशावर से क्वेटा तक चलती है, जैसे ही जैकोबाबाद के पशु बाजार के पास पहुंची, एक बम धमाका रेलवे लाइन के पास हुआ।

### रूस ने यूक्रेन के दो शहरों पर ड्रोन हमले किए, एक नागरिक की मौत

कीव,(ईएमएस)। रूस ने यूक्रेन के दो शहरों पर ड्रोन हमले किए, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने रात में ड्रोन से हमले किये, जिसमें ओडेसा और उत्तरपूर्वी शहर खारकीव को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि 20 से अधिक ड्रोन हमलों में 17 और 12 वर्ष की दो लड़कियों सहित कम से कम 24 नागरिक घायल हो गए। जेलेंस्की ने लिखा, ''यह हमला दुनिया को यह दिखाता है कि कि रूस युद्धविराम को स्वीकार नहीं करता और हत्या का विकल्प चुनता है। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि अगले दौर की शांति वार्ता की तारीख पर अगले सप्ताह सहमति बनने की उम्मीद है।

# गबार्ड ने दी सफाई कहा, विभाजन पैदा करने की कोशिश मात्र



वॉशिंगटन, (ईएमएस)। अमेरिकी खुफिया एजेंसी की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये सफाई दी कि उनके बयान को संदर्भ से हटाकर प्रस्तुत किया गया और यह विभाजन पैदा करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के पास ऐसे खुफिया संकेत हैं जिनके अनुसार ईरान कुछ ही हफ्तों या महीनों में परमाणु हथियार तैयार करने की स्थिति में पहुंच सकता है, अगर वह अंतिम निर्णय लेता है।बता दें कि इजरायल ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड के बीच दरार अब खुलकर सामने आ गई है। यह दरार ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर है। ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से गबार्ड को 'गलत' करार देते हुए कहा कि अमेरिका की खुफिया एजेंसियां अगर मानती हैं कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बना रहा, तो 'वो गलत हैं।हालांकि, गबार्ड और व्हाइट हाउस दोनों ने इस सार्वजनिक मतभेद को कमतर आंकने की कोशिश की है। गबार्ड ने कहा कि वह और राष्ट्रपति ईरान को लेकर 'एक ही पन्ने पर' हैं। गबार्ड का कार्यकाल शुरू होने के बाद से वह अमेरिकी खुफिया समुदाय में बड़े बदलाव कर रही हैं, लेकिन उनके नेतृत्व के तरीके पर सवाल उठ रहे हैं। कुछ कैरियर अधिकारियों का कहना है कि गबार्ड अधिकतर सोशल मीडिया और टीवी पर मौजूद हैं, लेकिन दिन-प्रतिदिन के संचालन से उनका जुड़ाव स्पष्ट नहीं है। दरअसल ट्रंप न्यू जर्सी में एक फंडरेजर कार्यक्रम में पहुंचे थे और मीडिया ने उनसे गबार्ड की कांग्रेस को दी गई गवाही के बारे में पूछा। गबार्ड ने इसमें कहा था कि अमेरिकी खुफिया समुदाय का मानना है कि ईरान सक्रिय रूप से परमाणु हथियार नहीं बना रहा। ट्रंप ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'मुझे परवाह नहीं कि उन्होंने क्या कहा, मैं मानता हूं कि ईरान बहुत करीब है।ट्रंप का यह तीखा पलटवार ऐसे समय में आया है जब व्हाइट हाउस दो सप्ताह के भीतर यह तय करने वाला है कि अमेरिका ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध में प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप करेगा या नहीं। हालांकि शुक्रवार को ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि इजरायल की ईरान पर हो रही बमबारी को रोक पाना 'बहुत कठिन' होगा, जिससे संभावित संघर्षविराम की उम्मीदों पर पानी फिरता नजर आ रहा है।वैसे आपको याद होगा कि ट्रंप अपने चुनाव प्रचार में 'एंडलेस वॉर' के खिलाफ रुख अपनाते नजर आए थे। हालांकि राष्ट्रपति बनने के बाद अब काफी आक्रामक तेवर में नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई जीत रहा हो, तो उसे रोकना थोड़ा मुश्किल होता है।' उन्होंने ईरान के परमाणु ऊर्जा उद्देश्यों पर भी सवाल उठाए, यह कहते हुए कि 'जब आपके पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार में से एक हो, तो आपको परमाणु ऊर्जा की जरूरत क्यों पड़े?

### इजराइल अपने दम पर ईरान के अंडरग्राउंड फोर्दो न्यूक्लियर प्लांट नष्ट नहीं कर सकता

वाशिंगटन,(ईएमएस)। इजराइल और ईरान के बीच 9 दिनों से जंग जारी है और दोनों ही देश एक-दूसरे पर मिसाइलें दाग रहे हैं। इन हमलों में बड़े-बड़े शहर तबाह हो रहे हैं और इजराइल ईरान के न्यूक्लियर प्लांट पर हमले कर रहा है और उसे तबाह करने के लिए इजराइल ने अमेरिका से मदद मांगी है। ईरान के खिलाफ इजराइल का साथ देने के लिए अमेरिकी फौजों को भेजने की संभावना के बारे में पूछा जाने पर ट्रंप ने कहा कि यह आखिरी विकल्प होगा।उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास अधिकतम दो हफ्ते का समय है। इजराइल के पास ईरान के अंडरग्राउंड फोर्दो न्यूक्लियर प्लांट को अपने दम पर नष्ट करने की क्षमता नहीं है। इजराइल के पास बहुत सीमित क्षमता है। वो फोर्दो के एक हिस्से को ही थोड़ा-बहुत नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन खत्म नहीं कर सकता। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का दावा है कि ईरान के पास न्यूक्लियर बम बनाने की पूरी क्षमता है।व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने कहा कि ईरान के सुप्रीम लीडर के आदेश पर ईरान कुछ हफ्तों में न्यूक्लियर बम बना सकता है।

# ओआईसी में उठेगा मुद्दाः इजरायल के लिए चुनौती खड़ी करेंगे 57 मुस्लिम देश

इस्तांबुल,(ईएमएस)। इजरायल एक तरफ गाजा पर हमले कर रहा है तो दूसरी तरफ ईरान को निशाने ले रहा है। दोनों तरफ हो रही बमबारी में भारी नुकसान हुआ है। इस स्थिति से निपटने के लिए दुनिया भर के इस्लामिक देश एक बेहद अहम मीटिंग करने वाले हैं। इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के 57 सदस्य देशों के विदेश मंत्री तुर्की के इस्तांबुल में मीटिंग करेंगे। माना जा रहा है कि इस मीटिंग में इजरायल को लेकर एकजुट विरोध दर्ज होगा। मीटिंग में ईरानी विदेश मंत्री भी शामिल हो सकते हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान खुद उद्घाटन भाषण देंगे और विदेश मंत्री हाकान फिदान संगठन की अध्यक्षता संभालेंगे।ओआईसी की यह 51वीं मीटिंग ऐसे वक्त में हो रही है जब मुस्लिम देशों के बीच असंतोष चरम पर है। कयास लगाए जा रहे हैं कि ओआईसी इजरायल के खिलाफ कोई कड़ा संयुक्त प्रस्ताव ला सकता है, जिससे कूटनीतिक दबाव और बढ़े। हालांकि यह देखना होगा कि 57 देश एकमत होते हैं या नहीं। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार ने बैठक से पहले ही अपना एजेंडा साफ कर दिया है। डार ने कहा है कि वे गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग करेंगे और फिलिस्तीनियों के मानवाधिकारों की बात उठाएंगे। साथ ही भारत से शांति की अपील और क्षेत्रीय स्थिरता की बात भी उनके एजेंडे में होगी। हालांकि पड़ोसी ईरान पर लगातार इजरायल के हमले पर वह क्या करेंगे इसके बारे में उन्होंने कुछ नहीं कहा। मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद हसन ने कहा है कि ओआईसी में वह मुस्लिम एकता की बात करेंगे। इस्लामोफोबिया, धार्मिक घृणा और फिलिस्तीन के आत्मनिर्णय के अधिकार जैसे मुद्दों पर मलेशिया की स्पष्ट स्थिति इस बैठक में रखी जाएगी।इस दो दिवसीय बैठक में एक हजार से ज्यादा प्रतिनिधि, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और पर्यवेक्षक देशों के अधिकारी शामिल हो रहे हैं। लेकिन इस बार फोकस इजरायल की सैन्य कार्रवाई, गाजा में तबाही और फिलिस्तीन की स्वतंत्रता पर रहेगा। तुर्की ने पहले ही साफ कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता फिलिस्तीनी मुद्दा रहेगा। हाकान फिदान इसे 'क्षेत्रीय अस्थिरता की जड़' बताते हुए टू-स्टेट समाधान की बात को दोहराएंगे। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची भी इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। बैठक में एक विशेष सत्र इजरायल की ओर से ईरान की न्यूक्लियर साइट पर हमले पर केंद्रित रहेगा। इसमें लेबनान, सीरिया, यमन तक फैली इजरायल के क्षेत्रीय सैन्य ऑपरेशनों को लेकर चेतावनी दी जाएगी।

# सपना देखकर भविष्य बताने वाली तात्सुकी ने कहा, 5 जुलाई को आएगी सुनामी

टोक्यो,(ईएमएस)। नींद में आए सपनों के जरिए भविष्य बताने वाली मंगा आर्टिस्ट रियो तात्सुकी ने पांच जुलाई को लेकर डराने वाली भविष्यवाणी की थी। उन्होंने दावा किया है कि 5 जुलाई, 2025 को जापान में भीषण सुनामी आने वाली है। इस भविष्यवाणी का खौफ इस कदर लोगों में बैठ गया है कि धड़ाधड़ टिकट कैंसल करवाए जाने लगे हैं। हांगकांग से जापान के 80 फीसदी टिकट्स जून और जुलाई में कैंसल हो चुके हैं। रियो तात्सुकी एक मंगा आर्टिस्ट थीं और उनकी किताब में कई भविष्यवाणियां प्रकाशित हुई हैं। अतीत में तात्सुकी की कई भविष्यवाणियां सच भी हो चुकी हैं।

### जापान सरकार और वैज्ञानिक हुए सक्रिए

भविष्यवाणी के वायरल होने के बाद जापान की सरकार और एक्सपर्ट्स भी एक्टिव हो गए हैं। जापान के डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटीज के अधिकारी और सरकार से जुड़े लोगों ने जनता से शांत रहने का आग्रह किया है। उन्होंने भविष्यवाणी को निराधार और किसी भी वैज्ञानिक डेटा द्वारा समर्थित नहीं बताते हुए खारिज कर दिया है। हालांकि, इसके बाद भी लोग सोशल मीडिया और तमाम प्लेटफॉर्म्स पर भविष्यवाणी की चर्चा करते नजर आ रहे हैं।

### कौन-कौन सी भविष्यवाणियां हुई हैं सच?

तात्सुकी ने भी कई भविष्यवाणियां कीं, जो बाद में सच साबित हुईं। उन्होंने प्रिंसेस डायना और फ्रेडी मर्करी की मौत, साल 2011 में आए तोहोकू भूकंप और कोरोना वायरस जैसे मामलों की पहले ही भविष्यवाणी कर दी थी। बाद में यह घटनाएं सच साबित हुई हैं। उन्होंने बताया है कि साल 2030 में जानलेवा वायरस की फिर से वापसी होगी।

तात्सुकी ने मंगा कॉमिक द फ्यूचर आई सी में एक भीषण आपदा का जिक्र किया है। उन्होंने कहा है कि जापान के दक्षिणी समुद्र में पानी उबलने लगेगा और फिर एक ज्वालामुखी फटेगा। इससे भयंकर सुनामी आएगी।इस भविष्यवाणी में डराने वाली बात यह भी कही गई है कि 2011 में आई जापान की सुनामी से यह तीन गुना ज्यादा बड़ी होगी।

### चाहे कितना भी दबाव बनाएं मैं इज़राइल को ईरान पर अटैक करने से नहीं रोकूंगाः ट्रंप

वाशिंगटन,(ईएमएस)। ईरान और इजराइल युद्ध का अंत कब होगा, कोई नहीं जानता। इजराइल लगातार ईरान पर अटैक कर रहा है तो ईरान भी मिसाइलों हमलों से इजराइल में तबाही मचा रहा है। ऐसे में अब सबकी नजर अमेरिका पर है। अमेरिका इस जंग में कूदेगा या नहीं। दो सप्ताह में फैसला हो जाएगा। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने एक ऐसी बात कही है, जिससे समझा जा रहा है कि युद्ध अभी लंबा चलेगा। ट्रंप ने कहा कि वह भले ही संघर्ष को खत्म करने के लिए एक कूटनीतिक समाधान की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इस समय इजराइल से ईरान पर हवाई हमले रोकने के लिए कहना मुश्किल होगा।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने ईरान के साथ कूटनीतिक रूप से जुड़ने के यूरोपीय प्रयासों को भी खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा ईरान यूरोप से बात नहीं करना चाहता। वह हमसे बात करना चाहता हैं।

# व्हाइट हाउस से मिले न्योते के बदले मुनीर ने नोबेल शांति पुरस्कार के लिए भेजा ट्रंप का नाम

इस्लामाबाद (ईएमएस)। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस से लंच का न्योता मिला। इससे गदगद मुनीर तत्काल न्योते पर पहुंचे और बदले में यूएस राष्ट्रपति को शांति का नोबल पुरस्कार की वकालत कर दी। पाकिस्तान सरकार ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक बयान जारी करते हुए कहा, पाकिस्तान सरकार ने हाल ही में भारत-पाकिस्तान संकट के दौरान उनके निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप और महत्वपूर्ण नेतृत्व के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप के नाम की औपचारिक रूप से 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सिफारिश करने का फैसला किया है।पाकिस्तान सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए औपचारिक रूप से नामांकित कर दिया है। इस नामांकन का आधार ट्रंप के निर्णायक कूटनीतिक हस्तक्षेप और महत्वपूर्ण नेतृत्व को बताया गया है, जिसने 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पाकिस्तान का दावा है कि ट्रंप की इस पहल ने दोनों परमाणु-सशस्त्र देशों के बीच व्यापक युद्ध को टालने में मदद की। दरअसल इससे पहले खुद पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने वाइट हाउस में न्योते के बदले वादा किया था कि उनका देश ट्रंप के नाम की सिफारिश 2026 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए करेगा। अब ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने अपना वादा पूरा कर दिया है।यह नामांकन ट्रंप और पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर के बीच 18 जून को व्हाइट हाउस में हुई एक दुर्लभ मुलाकात के बाद आया है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने पुष्टि की थी कि यह मुलाकात मुनीर के ट्रंप को नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकित करने की सिफारिश के बाद हुई थी। यानी अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि पाकिस्तान ने पहले ही इस बात का अश्वासन दिया था कि वे नोबेल शांति पुरस्कार के लिए राष्ट्रपति ट्रंप के नाम की सिफारिश करेंगे, जिसके बाद ही मुनीर को वाइट हाउस आने का न्योता दिया गया था। ट्रंप ने इस मुलाकात के दौरान दावा किया, मैंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध को रोका। दोनों परमाणु देश हैं, और मैंने इसे रोका। भारत ने ट्रंप के दावों और अमेरिका की किसी भी मध्यस्थता की भूमिका को सिरे से खारिज कर दिया है। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने स्पष्ट किया कि 10 मई को हुए युद्धविराम का फैसला भारत और पाकिस्तान के सैन्य चैनलों के बीच सीधी बातचीत के जरिए लिया गया था, जिसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 जून को ट्रंप के साथ 35 मिनट की फोन पर बातचीत में भी यही बात दोहराई, कि भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम द्विपक्षीय सैन्य संवाद का परिणाम था। मिसरी ने जोर देकर कहा, भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं किया है और न ही भविष्य में करेगा।

### ट्रंप का नोबेल पुरस्कार का दावा

ट्रंप ने कई मौकों पर नोबेल शांति पुरस्कार की अपनी इच्छा जाहिर की है। उन्होंने न्यू जर्सी के मॉरिसटाउन में संवाददाताओं से कहा, मुझे भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने के लिए नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए था। मुझे इसे चार या पांच बार जीतना चाहिए था। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि उन्होंने कांगो और रवांडा, सर्बिया और कोसोवो जैसे अन्य क्षेत्रों में भी शांति स्थापित करने में योगदान दिया है। हालांकि, उन्होंने शिकायत की कि यह पुरस्कार केवल उदारवादियों को दिया जाता है।

# ओली पोप और जो रूट के बीच अर्धशतकीय साझेदारी पूरी, इंग्लैंड का स्कोर 170 के पार

लीड्स । भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच का आज दूसरा दिन है। भारत की पहली पारी समाप्त हो चुकी है और अब इंग्लैंड की बल्लेबाजी चल रही है।

ओली पोप और जो रूट के बीच तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी हो गई है। पोप शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं और धीरे-धीरे शतक की ओर बढ़ रहे हैं। इंग्लैंड का स्कोर 170 रन के पार पहुंच गया है।

ओली पोप क्रीज पर टिके हुए और उन्होंने इंग्लैंड की पारी को संभाले रखा है। पोप का साथ देने के लिए दूसरे छोर पर जो रूट मौजूद हैं। इंग्लैंड का स्कोर 140 रन के पार पहुंच गया है। इंग्लैंड की टीम भारत से फिलहाल 330 रन पीछे चल रही है ।

जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट को आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। इसी के साथ डकेट और ओली पोप के बीच दूसरे विकेट के लिए 122 रनों की साझेदारी का अंत हुआ। डकेट 94 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 62 रन बनाकर आउट हुए।

ओली पोप ने अर्धशतक पूरा कर लिया है। वह शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उनका साथ देने के लिए बेन डकेट क्रीज पर मौजूद हैं।




ओली पोप और बेन डकेट की शानदार साझेदारी की मदद से इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन टी ब्रेक तक पहली पारी में एक विकेट पर 107 रन बना लिए हैं। फिलहाल क्रीज पर डकेट 53 रन और पोप 48 रन बनाकर मौजूद हैं। भारत की पहली पारी 471 रन पर ऑलआउट हुई थी और जसप्रीत बुमराह ने जैक क्रावले को सस्ते में आउट कर भारत को शुरुआती सफलता दिलाई थी। हालांकि, पोप और डकेट इसके बाद क्रीज पर टिके और उन्होंने दूसरे सत्र में भारत को अन्य सफलता हासिल नहीं करने दी। इंग्लैंड की टीम फिलहाल भारत से 364 रन पीछे चल रही है।

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने 68 गेंदों पर अर्धशतक पूरा कर लिया है। डकेट और ओली पोप के बीच दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी भी पूरी हो चुकी है। पोप भी अर्धशतक लगाने के करीब पहुंच गए हैं। इंग्लैंड का स्कोर फिलहाल एक विकेट र 105 रन है और वह अभी भारत से 366 रन पीछे चल रही है।

डकेट और पोप के बीच दूसरे विकेट के लिए 80 से अधिक रनों की साझेदारी पूरी हो चुकी है। शुरुआती झटका लगने के बाद इन दो बल्लेबाजों ने इंग्लैंड को संभाला और भारतीय गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया है। इंग्लैंड का स्कोर 85 रन के पार पहुंच गया है।

इंग्लैंड का स्कोर 50 रन के पार पहुंच गया है। बेन डकेट और ओली पोप के बीच अर्धशतकीय साझेदारी भी पूरी हो चुकी है। भारत को पहली सफलता बुमराह ने दिलाई थी, लेकिन डकेट और पोप ने इंग्लैंड की पारी को संभाला।

शुरुआती झटका लगने के बाद बेन डकेट और ओली पोप के बीच साझेदारी पनप रही है। डकेट और पोप ने अब तक 35 रनों की साझेदारी कर ली है।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पहले ही ओवर में जैक क्रावले को आउट कर इंग्लैंड को शुरुआती झटका दिया है। बुमराह ने पहले ओवर ही अंतिम गेंद पर क्रावले को स्लिप में करुण नायर के हाथों कैच कराकर आउट किया। क्रावले छह गेंदों पर चार रन बनाकर आउट हुए।



गॉल में श्रीलंका बनाम बांग्लादेश पहले क्रिकेट टेस्ट के पांचवे दिन मैदान में ड्राइव करते बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो।



हार्ड रॉक स्टेडियम, मियामी गार्डन, फ्लोरिडा, यू.एस. में फुटबॉल - फीफा क्लब विश्व कप ग्रुप सी के बायर्न म्यूनिख बनाम बोका जूनियर्स मैच में बायर्न म्यूनिख के हैरी केन बोका जूनियर्स के लुइस एडविनकुला के साथ एक्शन में।

## सचिन- इरफान हुए पंत की स्टाइल के मुरीद

नई दिल्ली (ईएमएस)। इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान ऋषभ पंत ने धमाकेदार शतक जड़कर न सिर्फ टीम को मज़बूत स्थिति में पहुंचाया, बल्कि अपने करियर में एक और बड़ा मुकाम हासिल कर लिया। बाएं हाथ के इस विस्फोटक बल्लेबाज़ ने 178 गेंदों पर 134 रन बनाए और शतक पूरा करने के लिए एक हाथ से लगाया गया छक्का क्रिकेट प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बन गया। अपने शतक का जश्न उन्होंने कुछ इस अंदाज़ में मनाया कि दर्शक और साथी खिलाड़ी दोनों हैरान रह गए। पंत ने मैदान पर बैकफ्लिप करते हुए अपना जश्न मनाया, जो उनके आत्मविश्वास और शैली की एक अलग मिसाल है। इस प्रदर्शन के बाद पंत ने टेस्ट क्रिकेट में एक नया रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ते हुए सातवां टेस्ट शतक जड़ा। धोनी ने अपने करियर में 90 टेस्ट मैचों में छह शतक लगाए थे। पंत ने यह उपलब्धि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे दिन भारतीय पारी के सौवें ओवर में शोएब बशीर की पहली गेंद पर छक्का लगाकर हासिल की। यह उनका सितंबर 2024 के बाद पहला शतक था, पिछली बार उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ 109 रन बनाए थे। क्रिकेट दिग्गजों ने पंत के इस कारनामे की जमकर सराहना की। सचिन तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि ऋषभ का शतक और उसका जश्न दोनों ही बेहद मनोरंजक हैं। सुनील गावस्कर ने कमेंट्री के दौरान लगातार तीन बार सुपब कहा, जबकि इरफान पठान ने पंत की बल्लेबाज़ी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा अपनी शर्तों पर खेला है। दिल्ली कैपिटल्स ने भी सोशल मीडिया पर लिखा कि ये काम सिर्फ ऋषभ पंत ही कर सकते हैं। पंत अब तक 44 टेस्ट मैचों में 44 की औसत से 3000 से ज्यादा रन बना चुके हैं, जिनमें 15 अर्धशतक भी शामिल हैं। विकेटकीपर बल्लेबाजों की सूची में उनके बाद ऋद्धिमान साहा, सैयद किरमानी, फारूख इंजीनियर और नयन मोंगिया जैसे नाम आते हैं, जिन्होंने दो या उससे कम टेस्ट शतक लगाए हैं। पंत की यह पारी न सिर्फ रिकॉर्डों के लिहाज से खास रही बल्कि भारतीय क्रिकेट के भविष्य के लिए भी उम्मीद की एक बड़ी किरण बनकर उभरी।

## जब ऋषभ पंत का अटपटा शॉट देख स्टोक्स भी हंसी रोक न सके




लीड्स (ईएमएस)। इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स टेस्ट के पहले दिन भारतीय टीम का प्रदर्शन दमदार रहा, जिसमें कप्तान शुभमन गिल और उप-कप्तान ऋषभ पंत की नाबाद साझेदारी ने अहम भूमिका निभाई। रोहित शर्मा के बाद नए नेतृत्व में टीम इंडिया ने 3 विकेट पर 359 रन का स्कोर खड़ा कर इंग्लिश गेंदबाज़ों पर दबाव बना दिया। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल ने शानदार शतक जड़ा, वहीं ऋषभ पंत ने 65 रनों की जुझारू और रोमांचक पारी खेली। पंत को इंग्लैंड दौरे के लिए टीम का उप-कप्तान बनाया गया है, और ऐसे में उम्मीद की जा रही थी कि वह अपनी बल्लेबाज़ी में थोड़ा संयम लाएंगे। लेकिन मैदान पर पंत ने फिर दिखा दिया कि वो कितने बेपरवाह खिलाड़ी हैं। अपनी पारी की दूसरी ही गेंद पर उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के सामने कदमों का इस्तेमाल कर जोरदार चौका जड़ दिया। यह शॉट न सिर्फ दर्शकों के लिए हैरतअंगेज़ था बल्कि खुद स्टोक्स भी अपनी हंसी नहीं रोक सके। उनका रिएक्शन कैमरे में कैद हो गया और अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इससे पहले, भारत को यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी ने 91 रनों की मजबूत शुरुआत दी थी। राहुल 42 रन बनाकर आउट हुए और उनके बाद डेब्यू कर रहे साई सुदर्शन बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। ऐसे में दबाव की स्थिति में पंत बल्लेबाज़ी करने आए। उन्होंने पहली गेंद पर रक्षात्मक रुख अपनाया लेकिन दूसरी ही गेंद पर जोखिम लेकर अपना नैचुरल गेम खेला।पंत की पारी में कई जोखिम भरे शॉट्स देखने को मिले। हालांकि बीच-बीच में शुभमन गिल उन्हें समझाते भी नज़र आए। पंत ने जहां मौके बनाए, वहीं चूके भी, लेकिन अंत तक डटे रहे। दिन के आखिरी ओवर में जब ज़्यादातर बल्लेबाज़ संभलकर खेलते हैं, पंत ने क्रिस वॉक्स की गेंद पर आगे बढ़कर शानदार छक्का लगाया। दिन का खेल खत्म होने तक शुभमन गिल 127 और ऋषभ पंत 65 रन बनाकर नाबाद हैं।

## एशिया कप तीरंदाजीः भारत ने जीते दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य

### इस प्रदर्शन में भारतीय खिलाड़ी अपने से कम रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों से हारे







सिंगापुर,(ईएमएस)। भारत के जूनियर तीरंदाजों ने एशिया कप तीरंदाजी टूर्नामेंट के दूसरे चरण में सात पदक जीते, लेकिन पांच फाइनल मुकाबलों में हार की वजह से उन्हें ज्यादातर स्पर्धाओं में रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा है। टूर्नामेंट में भारत ने कुल दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य पदक जीते हैं। भारतीय तीरंदाजों ने रिकर्व और कम्पाउंड के 10 में से सात फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन वे केवल दो बार ही शीर्ष स्थान हासिल कर सके। इस प्रदर्शन में खिलाड़ी अपने से कम रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों से हारे। खासकर ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में भारत एक भी स्वर्ण पदक नहीं जीत सका।रिकर्व पुरुष टीम जो क्वालिफिकेशन के बाद शीर्ष पर थी। फाइनल में जापान के खिलाफ सीधे सेटों में 6-0 से हार गई। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार का प्रदर्शन औसत रहा और वे दो सेटों में भी 50 अंक तक भी नहीं पहुंच सके। मिश्रित टीम फाइनल में भी विष्णु और वैष्णवी पवार की जोड़ी ने कई गलतियां कीं और उन्हें इंडोनेशिया से हार का सामना करना पड़ा। वहीं कम्पाउंड वर्ग ने कुछ राहत दी। कुशल दलाल ने पुरुष व्यक्तिगत फाइनल में 22वीं वरीयता हासिल कर ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जोशुआ मैनन को 149-143 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इस वर्ग में भारत को कांस्य पदक भी मिला जब सचिन चेची ने हिमू बछाड़ को 148-146 से हराया।महिलाओं की कम्पाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में भारत को एक स्वर्ण और एक रजत पदक मिला क्योंकि फाइनल में मुकाबला भारतीय खिलाड़ियों के बीच ही हुआ। तेजल साल्वे ने शानमुखी नागा साई बुड्डे को 146-144 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। पुरुष और महिला कम्पाउंड टीम मुकाबलों में भारत को क्रमशः कजाकिस्तान और मलेशिया से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित टीम भी शूट-ऑफ में कजाकिस्तान से हार गई।

## एमपीएल में बल्लेबाजों की टक्कर का वीडियो वायरल

मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (एमपीएल) 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले के दौरान एक दिलचस्प और हैरान कर देने वाला वाकया सामने आया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में रन दौड़ते हुए दो बल्लेबाज आपस में जोरदार टक्कर खा बैठे, जिससे दोनों मैदान पर गिर पड़े। इस घटना ने दर्शकों और खिलाड़ियों को चौंका दिया, मगर इसके बावजूद फील्डिंग टीम ने खेल भावना से परे जाकर दोनों को रन आउट करने की कोशिश की।टक्कर के बावजूद बल्लेबाजों ने सूझबूझ दिखाई और समय रहते अपने-अपने क्रीज पर पहुंच गए। वहीं, फील्डिंग टीम की ओर से रनआउट की कोशिश के दौरान नामी खिलाड़ी राहुल त्रिपाठी ने खराब थ्रो किया, जिसके चलते बल्लेबाजी टीम को ओवरथ्रो का चौका भी मिला और स्थिति पूरी तरह बल्लेबाजों के पक्ष में चली गई। यह रोमांचक घटना शुक्रवार को पुणे में खेले गए एलिमिनेटर मैच के दौरान हुई, जिसमें रायगढ़ रॉयल्स ने कोल्हापुर टस्कर्स को छह विकेट से हराकर क्वालिफायर-2 में प्रवेश किया। इस जीत से रायगढ़ ने फाइनल में जगह बनाने की उम्मीदें बनाए रखी हैं। मैच की बात करें तो कोल्हापुर टस्कर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए। टीम की ओर से अंकित बावे ने शानदार अर्धशतक लगाया, उन्होंने 50 गेंदों पर 57 रन बनाए जिसमें दो चौके और दो छक्के शामिल थे। रायगढ़ के गेंदबाज निखिल कदम ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट झटके।

## भूटिया के आरोप निराधार, एआईएफएफ की छवि को कर रहे खराबः चौबे

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया और ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे के बीच तनाव और बढ़ गया है। इस तनाव के बीच भूटिया को कल्याण ने एआईएफएफ की 2 जुलाई को होने वाली बैठक में आमंत्रित किया है। भूटिया को 2022 में एआईएफएफ के अध्यक्ष के चुनाव में कल्याण चौबे ने हरा दिया था। इसके बाद भूटिया उनके आलोचक रहे हैं। हाल के दिनों भारतीय फुटबॉल टीम का प्रदर्शन खराब रहा है, जिसके बाद वह और ज्यादा आक्रामक हो गए।कल्याण चौबे ने कहा कि हम दो नारों में विश्वास करते हैं- पहला फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है और दूसरा भारतीय फुटबॉल एक साथ आगे बढ़ें। ये नारे हमारे साझा दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि एक साथ काम करके हम भारतीय फुटबॉल को और ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।। उन्होंने कहा कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहां हर नागरिकों को बोलने की स्वतंत्रता का संवैधानिक अधिकार है। एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में बाइचुंग भूटिया के पास अपने विचार व्यक्त करने, चिंताओं को उठाने और कई एआईएफएफ कार्यकारी समिति की बैठकों में भारतीय फुटबॉल के विकास और प्रदर्शन की दिशा में रचनात्मक योगदान देने के लिए एक उपयुक्त और सशक्त मंच तक पहुंच है। उन्हें 2 जुलाई की बैठक में बुलाया गया है। चौबे ने कहा कि यह देखा गया है कि सितंबर 2022 के चुनावों में हार के बाद से भूटिया ने जानबूझकर एआईएफएफ पर निराधार आरोप लगाए हैं और महासंघ की विकृत छवि पेश की है। चौबे ने कहा कि इस तरह की हरकतें न केवल महासंघ की प्रतिष्ठा को धूमिल करती हैं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारतीय फुटबॉल पर नकारात्मक रौशनी भी डालती हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय फुटबॉल की विकास और बेहतरी के लिए एआईएफएफ हमेशा भूटिया के रचनात्मक सुझावों का स्वागत करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ज्यादातर कार्यकारी समिति की बैठकों में उनका योगदान मुख्य रूप से ठोस प्रस्ताव पेश करने की बजाय पूरे बोर्ड द्वारा सामूहिक रूप से लिए गए फैसलों का विरोध करने पर केंद्रित है।चौबे ने 13 जून को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाइचुंग भूटिया द्वारा संचालित वाणिज्यिक फुटबॉल अकादमियों की सीरीज की आलोचना की थी और फुटबॉल स्कूलों पर परिवारों की भावनाओं से खेलकर अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया था। चौबे द्वारा लगाए आरोपों का भूटिया ने जवाब देते हुए कहा था कि एआईएफएफ एक सर्कस में बदल गया है और कल्याण चौबे जोकर की तरह काम कर रहे हैं।



## मेस्सी के गोल से इंटर मियामी ने यूरोपीय चैंपियन पोर्टो को हराया

अटलांटा,(ईएमएस)। अमेरिका के स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेस्सी ने शानदा प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की। इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से हार रही थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर को बराबर पर ला दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ी मेस्सी का जादू चला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर साबित कर दिया कि वह दुनिया के महान खिलाड़ियों में शामिल हैं। इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप-ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।

## ऋषभ पंत ने रचा इतिहास, धोनी को पीछे छोड़ा



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में भारतीय उपकप्तान ऋषभ पंत ने अपने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए एक खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने नाबाद 65 रनों की पारी खेली और शुभमन गिल के साथ मिलकर 138 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। पंत की इस पारी में 6 चौके और 2 छक्के शामिल थे और उन्होंने कुल 102 गेंदों का सामना किया।

इस पारी के साथ ही ऋषभ पंत ने टेस्ट क्रिकेट में अपने तीन हजार रन भी पूरे कर लिए। वह ऐसा करने वाले भारत के दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज बने हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि सिर्फ पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने हासिल की थी। लेकिन खास बात यह रही कि पंत ने यह आंकड़ा महज 76 पारियों में पूरा किया, जबकि धोनी को इसके लिए 144 पारियां खेलनी पड़ी थीं। यही नहीं, पंत अब टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज 3000 रन बनाने वाले दूसरे विकेटकीपर भी बन गए हैं। उनसे आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट हैं, जिन्होंने 63 पारियों में यह कारनामा किया था। पंत की यह उपलब्धि सिर्फ भारत तक सीमित नहीं रही। उन्होंने एसईएनए देशों यानी दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में 27 मैचों में 38.80 की औसत से 1,746 रन बनाकर एशिया के सबसे सफल विकेटकीपर बल्लेबाज बनने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इस मामले में उन्होंने एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 32 मैचों में 1,731 रन बनाए थे। पंत के नाम इन देशों में अब तक चार शतक और छह अर्धशतक हैं।भारत की पहली पारी के तीसरे सत्र में पंत और गिल ने समझदारी से खेलते हुए न केवल टीम को संकट से निकाला बल्कि स्कोर को 300 के पार पहुंचाया। इस पारी ने न केवल भारत को मजबूती दी बल्कि पंत के करियर को भी एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। चोट से वापसी के बाद पंत का यह प्रदर्शन बताता है कि वह भारतीय टेस्ट क्रिकेट की रीढ़ बनने की पूरी क्षमता रखते हैं।

## शुभमन गिल का इंग्लैंड में शतक, सहवाग और कोहली को पीछे छोड़ा, भारत ने रचा इतिहास

शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार बल्लेबाज़ी करते हुए नाबाद शतक जड़ दिया और भारतीय क्रिकेट इतिहास में एक खास मुकाम हासिल कर लिया। पहले दिन का खेल खत्म होने तक 359 रन बना लिए और सिर्फ तीन विकेट खोए। यह टेस्ट क्रिकेट में भारत का इंग्लैंड में पहले दिन का सबसे बड़ा स्कोर बन गया। गिल की कप्तानी में यह पारी न सिर्फ टीम के लिए फायदेमंद रही बल्कि उन्होंने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए।25 साल की उम्र में गिल ने भारत के लिए कुल 15वां शतक लगाया है और इस उम्र में सबसे ज़्यादा शतक जड़ने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में वह अब तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। इस मामले में उन्होंने वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 25 की उम्र तक 13 शतक लगाए थे। युवराज सिंह इस उम्र में 11 शतक लगा पाए थे। इस सूची में सबसे ऊपर हैं सचिन तेंदुलकर जिन्होंने 25 की उम्र तक 40 शतक जड़े थे, जबकि विराट कोहली के नाम 26 शतक थे। इसके अलावा गिल ने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया है जो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भी उनका छठा शतक है। उन्होंने इस आंकड़े के साथ विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल को पीछे छोड़ दिया जिनके नाम डब्ल्यूटीसी में 5-5 शतक दर्ज हैं। अब गिल डब्ल्यूटीसी में भारत की ओर से सबसे ज़्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज़ों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जहां पहले स्थान पर रोहित शर्मा हैं जिनके नाम 9 शतक दर्ज हैं।गिल की इस पारी के साथ वह भारतीय क्रिकेट के उन कप्तानों की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने टेस्ट में शतक जड़ा है। इससे पहले सहवाग, अजय जडेजा और रवि शास्त्री भी बतौर कप्तान एक-एक शतक लगा चुके हैं। अगर गिल इंग्लैंड के खिलाफ एक और शतक जड़ते हैं तो वे गौतम गंभीर, विजय हजारे और दिलीप वेंगसरकर की बराबरी कर लेंगे। गिल की यह पारी भारतीय क्रिकेट के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह दूसरे दिन कितनी दूर तक टीम को ले जा पाते हैं।

## प्रीमियर लीग फुटबॉल सत्र 15 अगस्त से शुरु होगा

लंदन (ईएमएस)। प्रीमियर लीग फुटबॉल का 2025-26 सत्र 15 अगस्त से शुरु होगा। प्रीमियर लीग प्रबंधन ने इसकी घोषिणा करते हुए कहा है कि पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन लिवरपूल का मुकाबला एनफील्ड में बोर्नमाउथ से होगा। वहीं मैनचेस्टर यूनाइटेड को ओल्ड ट्रैफर्ड में आर्सेनल का सामना करना होगा। एक अन्य मुकाबले में बोर्नमाउथ के खिलाफ़ शुरूआत के बाद लिवरपूल अपने खिताब को बचाने के प्रयास करेगा। वहीं दूसरे सप्ताह में न्यूकैसल से मुकाबले के बाद आर्सेनल के खिलाफ़ उसका एक घरेलू मुकाबला होगा। वहीं आर्सेनल को अपने पहले छह मैचों में मैनचेस्टर यूनाइटेड, लिवरपूल, मैनचेस्टर सिटी और न्यूकैसल से खेलना होगा। दूसरी ओर अपने सातवें लीग खिताब के लिए उतरने वाली मैनचेस्टर सिटी 16 अगस्त को अपने पहले मैच में वॉल्व्स के खिलाफ़ उतरेगी।

## विश्व के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ऑलराउंडर बनेंगे जेनसन : पोंटिंग

मेलबर्न (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने दक्षिण अफ्रीका के युवा तेज गेंदबाज मार्को जेनसन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका भविष्य उज्जवल है। पोंटिंग के अनुसार आने वाले समय में जेनसन विश्व के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ऑलराउंडर बनकर उभरेंगे। पोंटिंग ने आईपीएल में जेनसन को कोचिंग देने के दौरान उनके कौशल को देखा था। पोंटिंग ने कहा किजेनसन क्रिकेट के सबसे लंबे खिलाड़ियों में से एक है जिसका लाभ भी उन्हें मिलता है। इसके साथ ही उनके काफी प्रतिभा भी है। उन्हें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में कगिसो रबाडा के साथ मिलकर एक बेहतरीन तेज गेंदबाजी जोड़ी बनाई, जिसने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले ही दिन ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को धवस्त कर दिया था।



हंगरी के बुडापेस्ट में आईजेएफ जूडो विश्व चैंपियनशिप 2025 में जॉर्जिया और दक्षिण कोरिया के बीच मिश्रित टीमों के फाइनल के दौरान प्रतिस्पर्धा करती जॉर्जिया की लाशा बेकौरी (पीछे) और दक्षिण कोरिया की किम जोंगहून।

# बाघमारा में योग शिविर का आयोजन, सांसद ने लिया भाग




बाघमारा (धनबाद), भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा धनबाद महानगर के जिला अध्यक्ष रामजीत भुईयां के नेतृत्व में बाघमारा प्रखंड अंतर्गत चिटाही फुटबॉल मैदान में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर में धनबाद के सांसद, ढुल्लू महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उपस्थित लोगों के साथ योगाभ्यास किया।उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने में भी सहायक है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष गौर चन्द बाउरी, राजेश हरि, दिनेश भुईयां, आनंद बाउरी, श्याम सुंदर भुईयां, कैलाश भुईया, गौतम रवि, राजेश कुमार, रवि कुमार भुईयां, रामजी प्रसाद नोनिया, शनिचरा भुईयां, अनिल उपाध्याय, राजू महतो, चैतु राय तथा भोला भुईयां समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को योग के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना था। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना की और बड़ी संख्या में सहभागिता कर योगाभ्यास किया।

# ओल्ड एज होम में बुजुर्गों ने किया योग युवाओं को दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

धनबाद, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सबलपुर स्थित ओल्ड एज होम में बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लेते हुए योगाअभ्यास किया। आश्रम में आश्रित सारे वृद्धजनों ने योग प्रशिक्षक अमर जीत पासवान के नेतृत्व में विभिन्न योग और प्राणायाम के माध्यम से मानसिक और शारीरिक संतुलन का अभ्यास किया। आश्रम के वृद्ध सीताराम चौधरी ने कहा योग ने उन्हें स्वस्थ और सक्रिय रहने में मदद की है। आश्रम के अध्यक्ष, नौशाद गद्दी ने कहा आश्रम के अशोक कुमार सीताराम चौधरी समेत अन्य नित्य सुबह योगा अभ्यास करते हैं और साथ ही आश्रम के अन्य वृद्धजनों को योगा सिखाते हैं। साथ ही नित्य दिन योगा करने के लिए प्रेरित करते हैं, योगा से उनकी ढलती उम्र में काफी फायदा हुआ है। मैं समस्त नवयुवकों को अपने जीवन में योग को नियमित रूप से आत्मसात करने की अपील करता हूं। योगाअभ्यास में आश्रम के कोषाध्यक्ष प्रशांत वर्मा, विमला देवी, सीताराम चौधरी, जमाल अंसारी, रूपा देवी, ललिता देवी, नेहा,शांति, बाबू जान सोरेन,शांति देवी,शिवानी देवी,लक्ष्मण सिंह, उदेश कुमार दीक्षित, संतोषी देवी, मीना देवी, चंपा,बाला देवी,जानू मंडल, कमली देवी, रूपा देवी, चूंकि देवी, नूरजहां नजन परवीन, शुभम कुमार, शांति देवी, अशोक गागर, सोहन दास, दीप्ति देवी, दीपक कुमार, सरकार दा, चक्रवर्ती सरकार,पूनम देवी, छवि भंडारी, फिरोज अंसारी समेत अनेक लोग मौजूद थे।



# डूमरा रीजनल अस्पताल में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



### सामूहिक योगाभ्यास से फैली सकारात्मक ऊर्जा, डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने लिया बढ़-चढ़ कर भाग

बाघमारा, (धनबाद), बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र अंतर्गत रीजनल अस्पताल डूमरा में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सों, स्वास्थ्यकर्मियों और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने योग गुरु के दिशा-निर्देशन में विभिन्न योगासनों और प्राणायामों का अभ्यास किया। योगाभ्यास के दौरान चारों ओर एक सकारात्मक वातावरण बना, जिससे सभी प्रतिभागियों में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सीएमओ, डॉ. बिनोद कुमार राम ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, "योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए, बल्कि मानसिक शांति और आंतरिक संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। हम सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाना चाहिए ताकि हम एक स्वस्थ जीवन जी सकें। कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार, डॉ. नवीन, डॉ. अनस, डॉ. शुभम सहित अस्पताल के अन्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आरएचबी स्टाफ मनोज ठाकुर, रामप्रसाद, हराधन, गोपी आदि की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।अंत में सभी प्रतिभागियों को योग को नियमित जीवनशैली में शामिल करने की शपथ दिलाई गई और कार्यक्रम का समापन सामूहिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर

# जिला आयुष समिति ने किया जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन







धनबाद, 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला आयुष समिति ने कोयला नगर स्थित नेहरू कॉम्प्लेक्स में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान वहाँ मौजूद सभी लोगों ने अर्ध चन्द्रासन, भुजंग आसन,पद्मासन, वज्रासन, सिद्धासन, मत्स्यासन, वक्रासन, गोमुखासन, पश्चिमोत्तनासन, ब्राह्म मुद्रा, उष्ट्रासन, सहित कई अन्य आसान किए। इस अवसर पर सांसद धनबाद, ढुल्लु महतो ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय पद्धति है। जिसमें शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाया जाता है। योग के माध्यम से शरीर, मन और मस्तिष्क को पूर्ण रूप से स्वस्थ किया जा सकता है। वहीं विधायक धनबाद के राज सिन्हा ने कहा कि योग के द्वारा सिर्फ बीमारियों का उपचार नहीं किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है। योग हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाकर जीवन में नई-ऊर्जा का संचार करता है। कार्यक्रम से पूर्व सभी ने प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन देखा। वहीं कार्यक्रम के समापन के बाद "एक पेड़ मां के नाम" के तहत सांसद, विधायक सहित अनेक गणमान्य लोगों ने नेहरु कॉम्प्लेक्स में पौधा रोपण किया। मौके पर सिटी एसपी, ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी, कपिल चौधरी, सिविल सर्जन, डॉ, चंद्र भानु प्रतापन, डीएसपी नौशाद आलम, सुमित कुमार, अरविन्द कुमार सिंह, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, समीरन दत्ता, निदेशक तकनिकी,संचालन, संजय कुमार सिंह, निदेशक एचओडी, एम.के. रमैया, जिला आयुष पदाधिकारी डॉ, कुमकुम, आयुर्वेदिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ, अमरेंद्र पाठक सहित बड़ी संख्या में लोगों ने योगा के विभिन्न आसन किए।

## धनबाद मंडल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

धनबाद, धनबाद रेल मंडल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारी विश्राम गृह, धनबाद में योग सत्र का आयोजन किया। जिसमें धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, अखिलेश मिश्र सहित मंडल के अन्य उच्चाधिकारियों, कर्मचारियों एवं यूनियन तथा एसोसिएशन के प्रतिनिधियों द्वारा योग प्रशिक्षक के नेतृत्व में योगाभ्यास किया। इसके साथ ही मंडल रेल प्रबंधक ने वहा उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग का मानव जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। इसलिए हम सभी को अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए।

## इप्टा की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

धनबाद, जमशेदपुर, शनिवार को अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय गैर सरकारी शिक्षक संघ सह समाजसेवी संस्था इप्टा की ओर से देश के हर राज्य में योग दिवस को मनुष्य को स्वस्थ रहने की संदेश देते हुए देश के 50 लाख प्लस निजी शिक्षकों सहित आम नागरिक से खास नागरिक तक को स्वस्थ रहने हेतु राज्य के हर जिले प्रखंड पंचायत में इप्टा की ओर से योग दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से पदाधिकारी के रूप में योग प्रशिक्षक अरुण शारदा,राष्ट्रीय सचिव, डॉक्टर नथुनी सिंह, बिहार झारखंड कार्यकारी अध्यक्ष, अखिलेश कुमार,जिला अध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता, हेल्पिंग फाउंडेशन के निदेशक प्रवीण श्रीवास्तव, संजय कुमार शर्मा,प्रेम दयाल सिंह, एस डी प्रसाद गुप्ता, विनीत मिश्रा, एस रॉव, अमित मिश्रा, अरविंद कुमार,रामप्रसाद महतो, अरुण कुमार आदि भिन्न-भिन्न जगह में हजारों की संख्या में आज योग दिवस मनाया।

## डी ए वी बनियाहीर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया योग दिवस

धनबाद, (जोरापोखर), डीएवी बनियाहीर में प्रांगण में विश्व योग दिवस बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने योग की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन किया। विद्यालय के शिक्षक, कमलेश कुमार नें योग की विभिन्न मुद्राओं का छात्रों के समक्ष प्रदर्शन किया।प्राचार्य, एज़ाज अहमद नें योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए योग अति आवश्यक है। क्योकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है।योग प्राचीन काल से ही हमारी परंपरा और संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। यह हमें हमारी प्राचीन चिकित्सा पद्धति से जोड़ता है।संयुक्त राष्ट्र संघ नें आज से ग्यारह वर्ष पूर्व 21जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की और यही कारण है आज के दिन को विश्व योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एकड़ा मे योग शिविर का आयोजन किया गया





लोयाबाद।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को एकड़ा मे योग शिविर का आयोजन किया गया।लोयाबाद मंडल भाजपा अध्यक्ष दिनेश रवानी के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ एवं आम लोगो ने एक साथ योगाभ्यास किया।इस दौरान मौजूद सभी ने सूर्य नमस्कार,अनुलोम विलोम,कपालभांति जैसे अन्य कई तरह के योग का गुर सिखे।योगा दिवस पर योग गुरू से क्षेत्र मे विख्यात कमलेश प्रजापति ने कहा कि तनाव से मुक्त तथा शांतिपूर्वक जीवन व्यतित करने के लिये वर्तमान समय में हर व्यक्ति को योग करना चाहिये।दिनेश रवानी ने कहा कि योग एक ऐसी सुलभ एवं प्राकृतिक पद्धति है,जिससे स्वस्थ मन एवं स्वस्थ शरीर के साथ-साथ अनेक अध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।मुख्य रूप से दिनेश रवानी राम सिंह महेश पासवान अरुण गुप्ता नारायण साहू शोले मल्लाह मिंटू पासवान गोविंद सिंह मुन्ना पासवान आदि शामिल थे।



## धनबाद मंडल में चलाया गया सघन टिकट चेकिंग अभियान



धनबाद, धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को धनबाद मंडल के धनबाद-गोमो रेल खंड में विशेष रूप से पैसेंजर ट्रेनों जैसे 13553 आसनसोल-वाराणसी मेमू एक्सप्रेस, 13546 गया-आसनसोल मेमू एक्सप्रेस के साथ-साथ अन्य मेल एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों में सघन टिकट जांच की गई, ताकि कम दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को सही टिकट लेकर यात्रा करने हेतु जागरूक किया जा सके। इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप कुल 150 यात्रियों को पकड़ा गया। जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 41,405 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई। ज्ञात हो की धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच किया जा रहा है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगा। टिकट जांच अभियान के दौरान स्टेशनों के अनारक्षित टिकट काउंटर पर यात्रियों की काफी भीड़ देखी गई। धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल यात्रियों को उचित टिकट के साथ प्लेटफार्म में प्रवेश करने की बात कही। तथा यात्रियों के पास जिस श्रेणी का टिकट है, उसी श्रेणी में यात्रा करने का आग्रह किया गया। उक्त जानकारी हिंदी दैनिक अखबार कोयलांचल संवाद के वरिष्ठ पत्रकार , आर एन चौरसिया को मोहम्मद इकबाल, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी ने दी।

## प्रज्वला महिला मंडल के तत्वाधान में खाद्य सामग्री का वितरण किया गया




सिजूआ।सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के समीप शनिवार को एम टी हॉस्टल में 20 महिलाओं (दैनिक मजदूरों) के बीच दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष, श्रीमती मिली दत्ता के दिशा निर्देशानुसार प्रज्वला महिला मंडल,सिजूआ क्षेत्र के तत्वाधान में सुखा खाद्य सामग्री,जिसमें 1 किलो अरहर दाल,1 लीटर सरसों तेल, गरम मसाला, नमक, साबुन आदि का वितरण समिति की अध्यक्ष, श्रीमती शर्मिष्ठा चक्रवर्ती के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रज्वला महिला मंडल की अध्यक्ष, श्रीमती शर्मिष्ठा चक्रवर्ती ने कहा हमारी प्रज्वला महिला मंडल, हर दबे, कुचले, गरीब, असहाय तथा समाज के अंतिम व्यक्तियों तक मदद पहुंचने का कार्य करती है और आगे भी करती रहेगी। ऐसे सामाजिक कार्य का कार्यक्रम दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्ष, श्रीमती मिली दत्ता के मार्गदर्शन में किया जाता है। इस अवसर पर सुलक्षणा सिंह, भाषवती कुंडू, कंचन मिश्रा, आदि उपस्थित थी।

## अम्बेडकर एकाडमी स्कुल लोयाबाद में जनरल नॉलेज क्विज कम्पटिशन का आयोजन किया गया



लोयाबाद। अम्बेडर एकाडमी स्कुल लोयाबाद मे शनिवार को जनरल नॉलेज क्विज कम्पटिशन का आयोजन किया गया।इस कम्पटिशन मे अम्बेडकर एकाडमी,ज्ञान गुरुकुल,बीजीएस हाई स्कुल,इंदिरा गांधी स्कुल,मार्डन स्कुल एवं प्राथमिक विधालय सेन्द्रा के कुल 70 बच्चो ने भाग लिया। एक नजर शिक्षा की ओर नामक संस्था द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता मे प्रथम,द्वितिय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चो को ट्राफी के अलावा निशुल्क कम्पयुटर कोर्स कराया जाएगा।इस मौके पर संस्था के गौतम राम अम्बेडकर एकाडमी के प्राचाय बिनोद रस्तोगी,सुमीता राउत,कामिनी भंडारी,सुनील कुमार,रंजीत राजवंशी,शंभू राय,साइस्ता परवीन आदि मौजूद थे।

## डैफोडिलस बचपन एंड एकेडमी विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया




धनबाद,(करकेन्द), योग दिवस के अवसर पर डैफोडिल्स विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकगण एवं शिक्षिकाओं ने विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास एवं प्राणायाम का प्रदर्शन कर योग दिवस में चार चाँद लगाया । सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में उपस्थित जनमानस एवं विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने माता भारती की वंदना की तत्पश्चात विद्यालय के संस्थापक महान शिक्षाविद स्वर्गीय चंडी चरण बनर्जी सर को नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के देबाशीष मुखर्जी एवं कौशल झा ने विभिन्न प्रकार के योग एवं प्राणायाम के माध्यम से उपस्थित जनमानस का मन मोह लिया।विद्यालय के प्राचार्य, तापस बनर्जी ने अपने ओजस्वी संबोधन में योग एवं प्राणायाम के महत्व को विस्तार से बताया।उनहोंने "योग भगाये रोग"की लोकोक्ति को चरितार्थ करने का संदेश दिया ।
उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालयके शिक्षकगण एवं शिक्षिकाओं तथा विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर बड्स गार्डेन स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया योग दिवस





धनबाद, (राजगंज ), अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दलूडीह राजगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया योग दिवस। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चे शिक्षक ,शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी शामिल हुए ।
सर्वप्रथम विद्यालय के बच्चों को योग के संबंध में प्राचार्य, प्रमोद चौरसिया ने सम्बोधित किया। तत्पश्चात योग शिक्षक मुकेश कुमार के द्वारा बच्चों को योग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई और योग कराया गया। इस समय बच्चे और शिक्षक व शिक्षिकाऐं काफी प्रसंन्न और उत्साहित नजर आ रहे थे।

# बीसीसीएल ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित किया भव्य योग कार्यक्रम

## विशाखापट्नम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का नेहरू काम्प्लेक्स में लाइव टेलीकास्ट के साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत हुआ वृक्षारोपण







धनबाद । योगमय राष्ट्र के साथ कदमताल करते हुए बीसीसीएल द्वारा आज 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीसीसीएल द्वारा मुख्यालय के साथ-साथ अपने सभी क्षेत्रों और अस्पतालों में आयोजित कार्यक्रम में जिले के माननीय जनप्रतिनिधि, कोल इंडिया तथा बीसीसीएल के शीर्षस्थ अधिकारियों, जिला प्रशासन के उच्च पदाधिकारियों सहित बीसीसीएल के हजारों कार्मिकों के अतिरिक्त विभिन्न योग-संगठनों, स्वयंसेवी एवं सामाजिक संस्थानों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय जनसमुदाय के हजारों लोगों ने सामूहिक रूप से योग किया। इस दौरान बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा नेहरु काम्प्लेक्स, कोयला नगर में दृश्य-श्रव्य माध्यम से विशाखापट्नम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण की भी व्यवस्था की गयी थी। सभी ने इस कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए एक साथ सामूहिक योग किया। 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इस वर्ष देश-दुनिया के लगभग 10 लाख से अधिक केन्द्रों पर सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे विश्व से अनुमानित 10 करोड़ से अधिक लोगों ने सहभागिता की। नेहरु काम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम इसी विशाल आयोजन की कड़ी के रूप में संचालित किया गया, जहाँ लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अध्यक्षीय संबोधन के पश्चात सामूहिक योग सत्र में कदमताल करते हुए एकत्रित हुए सभी प्रतिभागियों ने पूरी एकाग्रता से योग के विभिन्न सत्रों एवं अभ्यासों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी सक्रिय सहभागिता दिखाई। प्रातः वंदन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम शुभारंभ हुआ। जिसमें सभी गणमान्य अतिथियों, सांसद श्री ढुलू महतो, विधायक श्री राज सिन्हा, सीएमडी, श्री समीरन दत्ता, मुख्य सतर्कता अधिकारी (कोल इंडिया), श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, निदेशक (मानव संसाधन) श्री मुरलीकृष्ण रमैया, निदेशक (वित्त) श्री राकेश कुमार सहाय, निदेशक (तकनीकी) श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (योजना एवं परियोजना) श्री मनोज कुमार अग्रवाल, मुख्य सतर्कता अधिकारी (बीसीसीएल) श्री अमन राज एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री कपिल चौधरी सहित जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से योग- कार्यक्रम में सहभागिता की। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री समीरन दत्ता ने कहा कि योग अब वैश्विक चेतना का माध्यम बन चुका है। यह हमें यह अवसर देता है कि हम अपने आंतरिक अस्तित्व के साथ जुड़ें, आत्म-जागरूकता को विकसित करें और समाज में सामूहिक ऊर्जा एवं सकारात्मकता का संचार करें। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो हमें अपने शरीर और मन दोनों को सजग रखते हुए समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति सतत प्रयत्नशील रहने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोल इंडिया के मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए एक संक्षिप्त कविता के माध्यम से योग की वर्त्तमान प्रासंगिकताओं का उल्लेख किया। योग समसामयिक काल में क्यों आवश्यक हैं इस पर विचार व्यक्त करते हुए श्री त्रिपाठी ने कहा कि योग ही एक मात्र माध्यम है, जिससे आज के युग में एक संतुलित जीवन जिया जा सकता है। प्रारंभिक सत्र में स्वागत संबोधन में श्री मुरलीकृष्ण रमैया ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं अन्य प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारतीय परंपरा की वह अमूल्य विरासत है, जो केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं, अपितु जीवन को समग्र रूप से देखने और जीने की कला सिखाता है। उन्होंने कहा कि आज की तेज़-रफ़्तार और तनावपूर्ण कार्य संस्कृति में योग न केवल स्वास्थ्य का आधार है, बल्कि यह कार्यस्थल पर उत्पादकता, सहनशीलता और सकारात्मक सोच का भी स्रोत है। उन्होंने इस कार्यक्रम में शामिल हुए धनबाद योगा एंड नेचुरोपैथी सेंटर के योग प्रशिक्षकों को अंग वस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित भी किया। योगाभ्यास के बाद कार्यक्रम की अगली कड़ी के रूप में सभी गणमान्य अतिथियों एवं उपस्थित लोगों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर बीसीसीएल पर्यावरण विभाग द्वारा उपस्थित सभी जनसमुदाय को पौधों का वितरण करते हुए पर्यावरण-संरक्षण और हरियाली का संदेश दिया। बता दें कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की तैयारियों के तहत कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार बीसीसीएल कल्याण विभाग के सौजन्य से मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों, सेंट्रल हॉस्पिटल व क्षेत्रीय चिकित्सालयों में 14 जून से 20 जून तक सात दिवसीय 'योग बूट कैंप' का आयोजन किया गया था, जिसके अंतर्गत मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिदिन विशेष योग गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इसी कड़ी में कल 'योग से योग्य' विषयक सात दिवसीय योग बूट कैंप का बीसीसीएल मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रों में समापन हुआ और आज योग दिवस के दिन मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेहरु काम्प्लेक्स में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के अतिरिक्त आज बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों में भी योगाभ्यास और वृक्षारोपण कार्यक्रमों का वृहद आयोजन हुआ।

# स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार : न्यायाधीश




### आज पूरी दुनिया योग की ताकत को मानती है, डालसा सचिव

धनबाद, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लोगों को योग के प्रति जागरूक बनाने के लिए धनबाद के तमाम न्यायिक पदाधिकारी, कोर्ट कर्मचारी, अधिवक्ताओं ने योग किया । सिविल कोर्ट में योग प्राणायाम का कार्यक्रम सुबह 7 बजे से शुरू हुआ जो 8 बजे तक चला । इस दौरान योग शिक्षक ने योग के विभिन्न मुद्राओं को लोगों को बताया।

### स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार

योग भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है, जिसे सदियों से कई बीमारियों का उपचार करने के लिए किया जा रहा है। भारत के साथ ही आज पूरी दुनिया योग की ताकत को समझ गई है। योग हमारी संस्कृति और जड़ों से जुड़ा हुआ है. इसलिए स्वस्थ और खुशहाल बनने के लिए योग काफी असरदार होता है । उपरोक्त बातें शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कही । उन्होने कहा कियोग शरीर में ऊर्जा का संचार करता है । प्राणायाम, आसन, योग मुद्राएं करने से शरीर में प्राण वायु का बेहतर संचार होता है। स्वस्थ रहने के लिए योग करना बेहद जरूरी है । अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुषार टोपनो ने कहा कि आज के व्यस्ततम जीवनशैली, में लोगों को चिंता, अवसाद जैसी मनोवैज्ञानिक और मानसिक समस्याओं का सामना भी करना पड़ता हैं, जो इस समय मानवता के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने आगे बताया कि इस बार लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम, सभी लीगल लिटरेसी क्लब में भी डालसा के पीएलभी,पैनल अधिवक्ताओं के द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय वीरेंद्र कुमार तिवारी, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय , जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पी एस घोष, अवर न्यायाधीश राजीव कुमार सिंह, शमा रोशनी कुलू, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पाण्डेय, समेत सभी न्यायिक पदाधिकारीयों ने योगासन किया।

## ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव ने किया पूर्वी टुंडी का भ्रमण

# रूरल बिजनेस हब को बताया आजीविका संवर्धन का उत्कृष्ट उदाहरण

### फूलो झानो आशीर्वाद अभियान, को बताया प्रेरणादायक और परिवर्तनकारी, विभाग के तहत संचालित योजनाओं का किया गया निरीक्षण

### लाभुकों से प्राप्त की सकारात्मक बदलाव की जानकारी





धनबाद, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव, शैलेश कुमार सिंह ने शनिवार को पूर्वी टुंडी प्रखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया।सचिव ने फतेहपुर व लटानी में मनरेगा, फतेहपुर में मनरेगा के अंतर्गत निर्मित कूप, शंकरडीह व लटानी में जेएसएलपीएस द्वारा संचालित रूरल बिजनेस हब, बलारडीह में सोनाली पोल्ट्री फार्म, मोहलीडीह में बिरसा हरित ग्राम योजना, मनरेगा के तहत मोहलीडीह गांव में संचालित आम बागवानी परियोजना का निरीक्षण किया। वहीं मोहलीडीह पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवास का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभुक सयब अंसारी से संवाद कर योजना से मिली सुविधा एवं सामाजिक स्थिति में हुए सकारात्मक बदलाव की जानकारी प्राप्त की। सचिव ने फतेहपुर में मनरेगा के अंतर्गत निर्मित कूप से कृषि विस्तार की संभावनाओं पर लाभुकों से संवाद किया और योजना के प्रभाव की सराहना की।रूरल बिजनेस हब में उन्नत बीज, खाद, कीटनाशक एवं कृषि उपकरणों की बिक्री होती है। कई किसान बीज खरीदते हुए पाए गए। सचिव ने इस पहल को सामुदायिक स्तर पर आजीविका संवर्धन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। सचिव ने मैरानवाटांड गांव में नव-निर्मित कूप का निरीक्षण किया। जहाँ लाभुक द्वारा आस-पास के भूखंडों में सघन खेती की योजनाएं सचिव को प्रस्तुत की गईं। भ्रमण के दौरान सचिव ने लखी आजीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य श्रीमती कलावती मोहलीन द्वारा संचालित सोनाली मुर्गी पालन यूनिट का निरीक्षण किया। श्रीमती मोहलीन ने बताया कि पूर्व में वह हड़िया व देशी शराब बनाकर बेचती थीं।

मुख्यमंत्री की महत्वकांक्षी 'फूलो झानो आशीर्वाद अभियान' से जुड़ने के बाद उन्होंने शराब बेचना छोड़ दिया। इसके बाद जेएसएलपीएस से रिवॉल्विंग फंड, कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड एवं बैंक लिंकेज के माध्यम से आर्थिक सहायता प्राप्त की और पोल्ट्री यूनिट की स्थापना की। वर्तमान में वह प्रति माह 30,000 से 35,000 की आय अर्जित कर रही है। आय से अपने परिवार के साथ बच्चों की शिक्षा में निवेश कर रही हैं। सचिव ने उनकी आजीविका यात्रा को प्रेरणादायक और परिवर्तनकारी बताया। भ्रमण के दौरान सचिव ने मोहलीडीह आजीविका ग्राम संगठन की दीदियों के साथ बैठक कर आजीविका गतिविधियों, समस्याओं एवं समाधान पर चर्चा की। उन्होंने लाभुकों को आवश्यक सुझाव एवं प्रोत्साहन दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त, सादात अनवर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, मुकेश कुमार बाउरी, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, शैलेश रंजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी के अलावा जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया





धनबाद, बैंक मोड़ स्थित गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, धनबाद में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाया गया । प्रातः कालीन सभा में प्रशिक्षित योग शिक्षिका यशवी जगानी ने सामूहिक रूप से बच्चों को योग की विद्या सिखाई तथा इसके महत्व को समझाया । विद्यालय के प्राचार्य, सुदीप कुमार ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि आज दुनिया भर में योग लोगों की पहली प्राथमिकता बन चुकी है । देश समेत दुनिया भर में आज योग दिवस मनाया जा रहा है, जो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है । योग से हमें मानसिक तथा शारीरिक दोनों प्रकार की शांति एवं शक्ति मिलती है । उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के अनेक शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी भी मौजूद थे । कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया ।

# इस्कॉन धनबाद ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस




धनबाद, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को इस्कॉन धनबाद में सभी भक्तों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक मनाया।
भारतीय वैदिक संस्कृति की इस अमूल्य धरोहर का लाभ सबको पहुंचाने के लिए और लोगों में जागरूकता फैलाना हेतु इस्कॉन धनबाद के जगजीवन नगर केंद्र में भक्तों ने प्रातः काल में विभिन्न प्रकार के योग-आसन, प्राणायाम एवं ओंकार की ध्वनि का उच्चारण करके अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात धनबाद के मंदिर प्रबंधक, नामप्रेम दास ने हमारे जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की यदि हमारा मन स्वस्थ रहता है तो हमारा जीवन में स्वस्थ और सुखी रहता है। "योगः चित्त वृत्ति निरोधः" मन एवं चित्त को स्थिर करने के लिए किस प्रकार अपने जीवन में योग को अपनाया जाए, इसके ऊपर भी चर्चा की गयी । अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ हमेशा से ही सभी लोगों के मन को नियंत्रण करके उनके जीवन को सुखमय बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इसी श्रृंखला में योग दिवस का यह कार्यक्रम अत्यंत सफलतापूर्वक मनाया गया।

# उपायुक्त आदित्य रंजन ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

## ऑर्थो ओटी की व्यवस्था, अल्ट्रा साउंड, एक्सरे समेत कई जांच की सुविधा होगी उपलब्ध : उपायुक्त






### अस्पताल स्ट्रक्चर में होंगे कई बदलाव, मैन पावर की कमी होगी दूर

### पेशेंट एवं उनके अटेंडेंट को सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु किए जाएंगे कई सकारात्मक बदलाव

धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन द्वारा जिला के सदर अस्पताल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी ओपीडी, एनआईसीयू, सभी वार्ड, एमटीसी सेंटर, लैब, दवा काउंटर, स्टोर रूम, आईसीटीसी कक्ष, ब्लड स्टोरेज कक्ष, वेटिंग एरिया, किचन एरिया, लॉन्ड्री एरिया, रजिस्ट्रेशन काउंटर समेत विभिन्न कक्ष, कार्यालय एवं वार्डो का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उपायुक्त, आदित्य रंजन ने कहा कि डॉक्टर एवं कर्मियों के बैठने की जो व्यवस्था है उसे दुरुस्त किया जाएगा। साथ हीं आम जनों की सुविधा को लेकर रजिस्ट्रेशन काउंटर का निर्माण बाहर करने का प्रस्ताव है ताकि अस्पताल के अंदर होने वाली भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। पेशेंट के साथ आने वाले अटेंडेंट को बैठने की व्यवस्था सदर अस्पताल में काफी कम है, जिसे खाली जगह पर शेड का निर्माण करा कर अच्छी व्यवस्था की जाएगी जहां मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से भी हमें मदद मिल रही है अस्पताल को फिलहाल तीन एक्सरे मशीन भेजी गई है। जिसके लिए एक्सरे रूम बनाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जल्द ही अल्ट्रासाउंड, एक्सरे एवं सभी तरह के जांच सदर अस्पताल में उपलब्ध होगी इस दिशा में कार्य करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा आई एवं ऑर्थो की ओटी भी जल्द शुरू करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि सदर परिसर के बाहर पार्किंग की अच्छी व्यवस्था नहीं होने के कारण गाड़ियां अस्पताल के आसपास लगी रहती है, जिससे भीड़ भाड़ की समस्या उत्पन्न होती है। इसे देखते हुए एप्रोच सड़क के दोनों और पार्किंग का निर्माण कराया जाएगा, जिसके एक ओर बाइक पार्किंग एवं एक ओर कार पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी। एंबुलेंस एवं इमरजेंसी गाड़ियों को छोड़कर कोई भी गाड़ियां बैरिकेड के अंदर नहीं आएगी। सदर अस्पताल में इंटीग्रेटेड मॉड्यूलर किचन के निर्माण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि मॉड्यूलर किचन और उत्तम खान की व्यवस्था सदर अस्पताल में की जाएगी। इस व्यवस्था के शुरू होने से मरीजों के खान-पान की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो जाएगा। इसके बाद पेशेंट के साथ आने वाले अटेंडेंट की खाने की भी सुविधा का ख्याल रखते हुए कैंटीन का भी निर्माण का प्रस्ताव लाया जाएगा।उपायुक्त ने कहा कि सुविधाओं की कमी की वजह से डॉक्टर अपना शत प्रतिशत नहीं दे पा रहे हैं। इसकी वजह से मरीजों को उत्तम सेवाएं नहीं मिल पा रही है। जिला प्रशासन सारी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगी। डॉक्टर से भी अपील होगी की सुविधा उपलब्ध होने के बाद अपनी एनर्जी एवं टैलेंट धनबाद के आम जनों के लिए दें, ताकि एक बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था हम सदर अस्पताल में नागरिकों को मुहैया करा सके। साथ ही उन्होंने कहा कि जिला में एक सरकारी अस्पताल ऐसा होना चाहिए कि जिस पर केवल जिलावासी ही नहीं, बल्कि आसपास के जिले के लोग भी भरोसा कर सके। इसी दिशा में सदर अस्पताल को तैयार किया जाएगा। जिसके लिए संबंधित सभी पदाधिकारी को समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके अलावा उन्होंने ट्रॉली मैन का नाम एवं नंबर लिखने, सभी तरह के सूचना से संबंधित बोर्ड लगाने, सभी टेस्ट का नाम बोर्ड पर लगाने, स्टोर रूम में अस्थाई रैक बनाने, बाउंड्री वॉल का कार्य करने, लिफ्ट के मरम्मती करने, नर्सिंग स्टेशन बनाने समेत विभिन्न सिविल वर्क एवं अन्य कार्य हेतु उपायुक्त ने संबंधित सभी पदाधिकारी को सामान की गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर निदेशक डीआरडीए, राजीव रंजन, सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन, सदर उपाधीक्षक डॉक्टर, संजीव प्रसाद, डीपीएम नीरज यादव, डीएमएफटी की टीम समेत कई अन्य कर्मी मौजूद थे ।

# उपायुक्त ने बरमसिया रेल ओवरब्रिज की शीघ्र मरम्मत करने का दिया निर्देश



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन ने बरमसिया रेल ओवरब्रिज की मरम्मत को लेकर आज पथ निर्माण विभाग तथा रेलवे के अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज के नीचे मिट्टी भराई के बाद रिटर्न वॉल, आर.ई. वॉल बनाना आवश्यक है। आर.ई. वॉल से कुछ दूरी पर रेलवे ट्रैक है। उपायुक्त ने रेलवे को अपनी तकनीक से आर.ई. वॉल का शीघ्र निर्माण करने तथा उसके बाद पथ निर्माण विभाग को सड़क की मरम्मत पूरी करने का निर्देश दिया। मरम्मत अवधि में यातायात प्रबंधन को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। जिसके बाद बरमसिया रेल ओवरब्रिज पर भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंधित लगाने तथा सड़क के दोनों छोर पर बैरिकेड लगाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, नौशाद आलम, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, मिथलेश प्रसाद, अंचल अधिकारी धनबाद, शशिकांत सिंकर तथा रेलवे के पदाधिकारी मौजूद थे।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▶ समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।